आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“ आज
* भगवान चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 97 | उज्जैन, गुरुवार 23 अप्रैल, 2026 | वैशाख शुक्ल 7 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने 20 हजार फ्लाइट्स रद्द की

**लुफ्थांसा।** जर्मनी की एयरलाइन लुफ्थांसा ने मई से अक्टूबर तक 20 हजार शॉर्ट-हॉल फ्लाइट्स रद्द करने का फैसला लिया है। ईरान जंग के कारण यूरोप में जेट फ्यूल की कीमतें लगभग दोगुनी हो चुकी हैं। कंपनी के मुताबिक इससे करीब 40 हजार टन जेट फ्यूल की बचत होगी। कंपनी ने सोमवार से रोजाना करीब 120 उड़ानें घटाई हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद रहने से तेल सप्लाई प्रभावित हुई और यूरोप में जेट फ्यूल सप्लाई की चिंता बढ़ी है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने चेतावनी दी है कि यूरोप के पास केवल 6 हफ्तों का जेट फ्यूल बचा है। लुफ्थांसा ने मंगलवार को कहा कि वह अपने छोटे रूट के नेटवर्क में बदलाव कर-के गर्मियों का फ्लाइट शेड्यूल स्थिर रखेगी।

### ब्रिटेन में 2008 के बाद जन्मे लोग तंबाकू नहीं खरीद पाएंगे

**लंदन।** ब्रिटेन ने धूम्रपान को रोकने के लिए सख्त कदम उठाया है। अब वहां नई पीढ़ी के लोगों के लिए सिगरेट खरीदना हमेशा के लिए बंद करने की तैयारी हो गई है। सरकार ने टोबैको एंड वेप्स बिल पास कर दिया है। इसके तहत 2008 के बाद पैदा हुए लोग जिंदगी भर तंबाकू से जुड़ी चीजें नहीं खरीद पाएंगे। संसद से बिल पास हो चुका है और अब सिर्फ किंग चार्ल्स III की औपचारिक मंजूरी बाकी है, जिसके बाद यह कानून बन जाएगा। यह पूरे ब्रिटेन यानी इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में लागू होगा। सरकार ने यह बिल 2024 में पेश किया था और इसे अपनी बड़ी प्राथमिकताओं में रखा था।

### एक्टर रणवीर सिंह ने डॉन 3 का साइनिंग अमाउंट लौटाया



क्रिएटिव डिफरेंस से शुरू हुआ था विवाद, आमिर खान ने भी की थी मामला सुलझाने की कोशिश

**मुंबई।** लंबे विवाद के बाद अब रणवीर सिंह ने डॉन 3 को आधिकारिक तौर पर छोड़ दिया है। मेकर्स से विवाद बढ़ने के बाद अब एक्टर 10 करोड़ रुपए का साइनिंग अमाउंट भी लौटा चुके हैं। देखना होगा कि अब फरहान अख्तर उन्हें रिप्लेस करते हैं या फिल्म को टालते हैं। हाल ही में आई फ्री प्रेस जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, रणवीर सिंह ने साइनिंग अमाउंट लौटाने के साथ-साथ अपनी अगली फिल्म में फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट को प्रॉफिट में हिस्सेदारी देने का भी आश्वासन दिया है। लेकिन प्रॉफिट पर्सेंट क्या होंगे, ये तय नहीं है। फिलहाल एक्सेल एंटरटेनमेंट और रणवीर सिंह की तरफ से इन दावों की पुष्टि नहीं की गई है। फरहान अख्तर ने तीन साल पहले फिल्म डॉन 3, रणवीर सिंह के साथ शुरू की थी। पहले कियारा आडवाणी फिल्म का हिस्सा थीं, लेकिन मेटरनिटी ब्रेक के चलते उन्होंने फिल्म छोड़ दी थी। प्री-प्रोडक्शन के चलते फिल्म टलती गई और फिर रणवीर सिंह धुरंधर और धुरंधर 2 में व्यस्त हो गए। इस साल की शुरुआत में खबर आई कि अनुचित मांगों के चलते एक्सेल एंटरटेनमेंट ने रणवीर सिंह को फिल्म से निकाल दिया है। ये मामला फिल्म प्रोड्यूसर्स गिल्ड तक भी गया था। आमिर खान ने खुद बीच-बचाव कर मामला खत्म करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। दूसरी तरफ दावा किया गया कि प्रोडक्शन ने नहीं बल्कि रणवीर ने खुद फिल्म छोड़ दी है। इसका कारण क्रिएटिव डिफरेंस बताया गया था। अगर ये दावा सच निकला कि रणवीर ने साइनिंग अमाउंट लौटाकर अगली फिल्म में प्रॉफिट देने का आश्वासन दिया है, तो ये भी साफ होगा कि फिल्म एक्टर ने ही छोड़ी है।

### पंजाबी महिला अमेरिका की जेल में कैद, 35 साल बाद अचानक गिरफ्तार

**लुधियाना।** अमेरिका के टेक्सास में रहने वाली पंजाबी मूल की कोर्ट इंटरप्रेटर मीनू बत्रा को 35 साल बाद अचानक गिरफ्तार कर लिया गया। अमेरिकन इमिग्रेशन एजेंसी ने उन्हें एयरपोर्ट पर हथकड़ी लगाकर हिरासत में लिया और जेल भेज दिया। मीनू पर इमिग्रेशन कानून का उल्लंघन कर अमेरिका में रहने का आरोप है, जिसके चलते अब उनके डिपोर्टेशन की तैयारी की जा रही है। हालांकि उनके वकीलों का दावा है कि मीनू को विदहोल्डिंग ऑफ रिमूवल की कानूनी सुरक्षा मिली हुई है और कोर्ट पहले ही उन्हें भारत न भेजने की बात स्पष्ट कर चुका है। हालांकि कोर्ट ने अभी तक उनके डिपोर्टेशन को लेकर कोई अंतिम आदेश जारी नहीं किया है।

### सिर-पेटदर्द, बीपी-शुगर की 141 दवाओं के सैंपल फेल

**सोलन।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की जांच में देश में बनी 141 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। इनमें 46 दवाएं हिमाचल प्रदेश के बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़, कालाअब, ऊना, सोलन में बनी हैं। जिन दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं, उनमें ज्यादातर दवाएं सिर दर्द, पेट दर्द, बीपी, शुगर, अल्सर, विभिन्न संक्रामक बीमारियों में इस्तेमाल होती हैं। साथ ही कैंसर और हार्ट रोग जैसी खतरनाक बीमारियों के दवाओं के सैंपल भी फेल पाए गए। सीडीएससीओ द्वारा जारी मार्च के ड्रग अलर्ट के अनुसार, गुणवत्ता जांच में फेल पाई गई इन दवाओं को नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी घोषित किया गया। ड्रग कंट्रोलर ने संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी कर स्टॉक वापस मंगवाने के आदेश जारी कर दिए हैं।

# केदारनाथ धाम के कपाट खुले, महादेव के जयकारों से गूंजी घाटी

## आज बद्रीनाथ के कपाट खुलेंगे, केदारनाथ, बद्रीनाथ और गंगोत्री के मंदिर परिसर के अंदर फोन और कैमरा ले जाना वर्जित

एजेंसी ▸▸ देहरादून

चार धाम यात्रा की शुरूआत हो चुकी है। उत्तराखंड में पवित्र चार धाम यात्रा में यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ शामिल है। वैसे तो यात्रा 19 अप्रैल को यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट खुलने के साथ शुरू हुई थी। वहीं, बुधवार 22 अप्रैल को केदारनाथ के कपाट खुल गए हैं और बद्रीनाथ के कपाट 23 अप्रैल से खुलेंगे। केदारनाथ मंदिर के कपाट बुधवार को विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

कपाट खुलते ही पूरा धाम हर-हर महादेव और जय बाबा केदार के जयकारे से गूंज उठा। देश-विदेश से आए हजारों भक्त सुबह से लंबी कतारों में खड़े थे। ठंड और मुश्किल रास्तों के बावजूद भक्तों में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। मंदिर में बाबा केदार की पूजा-अर्चना और आरती हुई।



### चार धाम यात्रा के नियम

बता दें कि केदारनाथ, बद्रीनाथ और गंगोत्री के मंदिर परिसर के अंदर फोन और कैमरा ले जाना वर्जित है। इन्हें क्लॉकरूम में जमा कराना होता है। इसके साथ ही यहां मौजूद मूर्तियों, धर्मग्रंथों या घंटियों को छूना सख्त वर्जित है। तीर्थयात्रियों को रजिस्ट्रेशन कराना होगा और इसके बिना एंट्री नहीं मिलेगी। रजिस्ट्रेशन कराने पर एक क्यूआर कोड या ई-पास मिलता है। इसे कई जगहों पर चेक किया जाता है। यहां जाने के लिए बेसिक हेल्थ चेकअप किया जाता है। बुजुर्ग तीर्थयात्रियों और हृदय, अस्थमा या डायबटीज की समस्याओं वाले लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। इसके साथ ही पहाड़ी सड़कों पर रात 10 बजे से सुबह 4 बजे के बीच यात्रा पर रोक है।

### भक्तों की सुरक्षा की गई सुनिश्चित

इस यात्रा पर को लेकर अगर आपके मन में कोई सवाल है, तो उसका जवाब हम आपको यहां दे रहे हैं। इस साल यात्रा के लिए कई नियम बनाए गए हैं, जिससे भक्तों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और बेहतर व्यवस्थाएं भी लागू की जा सकें। पूरी यात्रा में आमतौर पर 10 से 12 दिन लगते हैं, जिसकी शुरूआत ऋषिकेश या हरिद्वार से होती है।

प्रदेश की कैबिनेट बैठक में फैक्टर-2 लागू करने का फैसला लिया

# किसानों को मिलेगा 4 गुना मुआवजा

## जिला अस्पतालों में मरीजों के परिजनों के लिए बनेंगे शेल्टर होम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

भोपाल में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। कैबिनेट ने मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों में मरीजों के परिजनों के लिए शेल्टर होम बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। शेल्टर होम में मरीज के परिजनों को रुकने और खाने की व्यवस्था सस्ती दरों पर मिल सकेगी। यह व्यवस्था निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों में भी लागू होगी।

बैठक में यह भी तय हुआ है कि, अगले 5 सालों में सभी मेडिकल कॉलेजों में कैथ लैब और ऑर्गन ट्रांसप्लांट जैसी सुविधाओं के विकास पर करीब 2 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। वहीं, राज्य में अलग-अलग निर्माण कार्यों के लिए करीब 33 हजार करोड़ रुपए के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। इधर, कैबिनेट ने फैक्टर-2 लागू करने का फैसला लिया है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को जमीन अधिग्रहण पर चार गुना तक मुआवजा मिलेगा।

### सामाजिक संस्थाएं बनाएंगी पेशेंट अटेंडर शेल्टर होम



मध्यप्रदेश में पहली बार मरीजों के परिजनों के ठहरने के लिए शेल्टर होम बनाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में मरीजों के परिजन अस्पतालों में आते हैं, लेकिन उन्हें ठहरने के लिए भटकना पड़ता है। ऐसे में उनके लिए शेल्टर होम बनाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग चरणबद्ध तरीके से वर्तमान में संचालित 20 सरकारी मेडिकल कॉलेजों के लिए सामाजिक संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित करेगा। सरकार केवल जमीन उपलब्ध कराएगी, जबकि भवन निर्माण से लेकर बिजली-पानी सहित सभी व्यवस्थाएं संस्थाएं स्वयं करेंगी। मरीजों के परिजनों के ठहरने और भोजन के लिए एक समिति न्यूनतम शुल्क तय करेगी। इस व्यवस्था में सामाजिक संस्थाएं लाभ कमाने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि समाजसेवा के भाव से सहभागी बनेंगी।

**उज्जैन में 157 करोड़ की सिंचाई परियोजना-** उज्जैन क्षेत्र की 157 करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजना को मंजूरी मिली है, जिससे 35 गांवों को लाभ मिलेगा। कैबिनेट ने पुनर्वास पैकेज के तहत छिंदवाड़ा जिले के लिए 128 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि मंजूर की है।

- **छात्रों को साइकिल बांटने पर 990 करोड़ खर्च-** सरकार अगले 5 सालों में कक्षा 6वीं और 9वीं के विद्यार्थियों को साइकिल देने के लिए 990 करोड़ रुपए खर्च करेगी। शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों के लिए 1200 करोड़, शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों के विकास के लिए 1200 करोड़ रुपए खर्च करने का निर्णय लिया गया है।
- **सीएम केयर योजना 2026 को मंजूरी-** कैबिनेट ने सीएम केयर योजना 2026 की निरंतरता को मंजूरी दी है। इस योजना पर 5 सालों में 3628 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए मंत्री शिवाजी पटेल ने बताया कि नारी शक्ति वंदन के तहत महिला सशक्तिकरण के लिए एक दिन का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा।

होर्मुज में फिर बिगड़े हालात

# ईरानी सेना ने फायरिंग कर भारत आ रहे जहाज को बनाया बंधक

एजेंसी ▸▸ तेहरान

होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड ने तीन मालवाहक जहाजों पर गोलीबारी कर उन्हें अपने कब्जे में ले लिया है। यह हमला राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा सीजफायर बढ़ाने के ऐलान के बावजूद हुआ, क्योंकि अमेरिका ने ईरान की घेराबंदी खत्म नहीं की है। इस तनाव से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 98 डॉलर के पार पहुंच गई हैं।

दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते होर्मुज जलडमरूमध्य में एक बार फिर बारूद की गंध फैल गई है। बुधवार को ईरानी सेना ने अंतरराष्ट्रीय जलसीमा से गुजर रहे तीन व्यापारिक जहाजों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। इसमें एक जहाज तो भारत की ओर आ रहा था। इन हालातों में वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर संकट के बादल और गहरे हो गए हैं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और इजराइल के साथ ईरान की शांति वार्ता को लेकर प्रयास किए जा रहे थे।

### आखिर ईरान ने जहाजों पर हमला क्यों किया?



ईरान की अर्धसैनिक 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' ने बुधवार सुबह इस दुस्साहसी कार्रवाई को अंजाम दिया। खबरों के मुताबिक, ईरानी सेना ने पहले एक कंटेनर जहाज पर गोलियां चलाईं और उसके कुछ ही देर बाद दूसरे जहाज को निशाना बनाया। ईरानी मीडिया का दावा है कि इन जहाजों ने सेना की चेतावनियों को नजरअंदाज किया था, इसलिए उन पर कानूनी रूप से कार्रवाई की गई। पकड़े गए जहाजों की पहचान एमएससी फ्रांसिस्का और एपामिनोड्स के रूप में हुई है, जिन्हें ईरानी सेना अपने साथ ले गई है। इसके कुछ देर बाद एक तीसरे जहाज यूफोरिया पर भी हमला किया गया, जिसके ईरानी तट पर फंसे होने की खबर है।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दिए आदेश

# बंद आरटीओ चेक पोस्ट फिर होंगे चालू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश में बंद आरटीओ के चेक पोस्ट फिर से चालू होंगे। हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की कोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह बड़ा फैसला सुनाया है। दलील दी गई है कि भारी वाहनों की जांच और हादसों को रोकने के लिए सड़कों पर चेक पोस्ट जरूरी हैं।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि 30 दिनों के भीतर सभी चेक पोस्ट शुरू करें। मध्यप्रदेश में 30 जून 2024 से आरटीओ चेक पोस्ट बंद कर दिए थे। इसी मामले में रजनीश त्रिपाठी ने याचिका दायर की थी। गौरतलब है कि सीएम मोहन यादव के निर्देश पर 1 जुलाई 2024 को प्रदेश भर के चेक पोस्ट परिवहन विभाग ने बंद कर दिए थे। याचिकाकर्ता राजनीश त्रिपाठी त्रिपाठी ने मप्र परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव आईएएस मनीष सिंह एवं अन्य के विरुद्ध 2025 में लगाई थी।

याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी अधिवक्ता जुबिन प्रसाद एवं भानु प्रकाश ने एवं शासन की ओर से अंजली मिश्रा ने की। याचिका का हाईकोर्ट ने निराकण करते हुए सरकार को आदेश दिया कि विभागीय अधिकारी वाहनों में ओवरलोडिंग की जांच हेतु अन्य तरीकों को अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं, परंतु इस न्यायालय के समक्ष दी गई वचनबद्धताओं का पालन किया जाना अनिवार्य है।

### आदेश नहीं माना तो अवमानना माना जाएगा

अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि 30 दिन का समय चेक पोस्ट पुनः स्थापित करने के लिए दिया है। यदि इस आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने की तारीख से 30 दिनों के भीतर आदेश का पालन नहीं किया जाता तो याचिकाकर्ता अवमानना याचिका लगाकर इस याचिका को पुनर्जीवित कर सकता है। जस्टिस विशाल मिश्रा ने आदेश में स्पष्ट किया है कि यदि न्यायालय में दिए गए वचन का पालन नहीं किया जाता है, तो न्यायालय द्वारा पारित आदेश की अवहेलना मानी जाएगी।

# जांच में ममता का दखल लोकतंत्र को खतरा : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आई-पैक रेड मामले में ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय की जांच के बीच सीएम ममता बनर्जी के दखल को गलत ठहराया। कहा- किसी भी राज्य का सीएम ऐसा करता है तो यह लोकतंत्र को खतरे में डालना है। जस्टिस कुमार ने कहा यह राज्य और केंद्र के बीच का विवाद नहीं है। दरअसल इसी साल 8 जनवरी को ईडी की टीम ने आई-पैक हेड प्रतीक जैन के कोलकाता के गुलाउडन स्ट्रीट स्थित घर और दफ्तर पर छापा मारा था। प्रतीक जैन ही ममता बनर्जी के लिए पॉलिटिकल स्ट्रैटजी तैयार करते हैं। छापेमारी के बीच ममता प्रतीक के घर पहुंच गईं और कुछ दस्तावेज लेकर चली गईं थी।

# कुंभ की नाबालिग वायरल गर्ल प्रेग्नेंट

## पति फरमान बोला- डॉक्टरों ने बेड रेस्ट को कहा, पुलिस के सामने पेश नहीं होगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महेश्वर

प्रयागराज महाकुंभ से सुर्खियों में आई वायरल गर्ल एक बार फिर चर्चा में है। उसके पति फरमान खान ने दावा किया है कि पत्नी प्रेग्नेंट है। ऐसे में न तो वो यात्रा नहीं कर सकती है, न ही पुलिस के सामने पेश हो सकती है।

कोच्चि पहुंची मध्य प्रदेश पुलिस से फरमान ने कहा- डॉक्टरों ने पत्नी के स्वास्थ्य और गर्भावस्था को देखते हुए बेड रेस्ट की सलाह दी है। फिलहाल, पुलिस इस दावे की जांच कर रही है। पुष्टि के लिए स्थानीय प्रशासन से जल्द ही मेडिकल सर्टिफिकेट की मांग की जा सकती है।

फरमान के इस बयान से ये भी साफ है कि वायरल गर्ल लापता नहीं है। वह अपने पति के साथ ही रह रही है। लेकिन एमपी पुलिस अब तक दोनों से वायरल गर्ल के नाबालिग होने को लेकर कोई पूछताछ नहीं कर सकी है।



### जन्मतिथि के दो अलग-अलग प्रमाण पत्र मिले थे

दरअसल, कुंभ वायरल गर्ल की शादी शुरू से ही विवाद में घिरी है। पहले इसे लव जिहाद बताया गया, फिर परिवार ने दावा किया कि वो नाबालिग है। जांच टीम को महेश्वर नगर परिषद की ओर से जारी उसके जन्म प्रमाण पत्र में विसंगतियां भी मिली थीं। सरकारी अस्पताल के मेडिकल रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया कि वायरल गर्ल का जन्म 30 दिसंबर 2009 को हुआ था। इस आधार पर फरमान खान से शादी के वक्त 11 मार्च 2026 को उसकी उम्र 16 साल, 2 महीने और 12 दिन थी। इस खुलासे के बाद स्थानीय प्रशासन ने 1 जनवरी 2008 की जन्म तिथि वाले पुराने प्रमाण पत्र को निरस्त करने के निर्देश दिए थे।

# बेंगलुरु में बॉयफ्रेंड को कुर्सी से बांधकर जिंदा जलाया

## युवती ने सरप्राइज का झांसा देकर आंखों पर पट्टी और हाथ-पैर बांधे फिर आग लगाकर वीडियो भी बनाया

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

कर्नाटक के बेंगलुरु में पुलिस ने बुधवार को एक युवती को बॉयफ्रेंड की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, युवती ने 21 अप्रैल को सरप्राइज देने का झांसा देकर युवक की आंखों पर पट्टी बांधी फिर कुर्सी पर बैठाकर रस्सी से हाथ-पैर बांधे और जिंदा जला दिया।

युवती ने बॉयफ्रेंड की मौत का वीडियो भी बनाया। आरोपी प्रेमा और मृतक किरण, दोनों 27 साल के थे। दोनों शहर के राजाजीनगर स्थित मोबाइल स्टोर में साथ काम करते थे और करीब दो साल से रिलेशनशिप में थे। घटना शहर के ब्यादरहल्ली इलाके में प्रेमा के घर पर दोपहर करीब 2 बजे हुई। प्रेमा के परिवार के लोग घर पर नहीं थे। इसी का फायदा उठाकर उसने किरण को बुलाया और हत्या कर दी। किरण तुमकुरु जिले के चिक्कनायकनहल्ली का रहने वाला था।





### पड़ोसियों ने पुलिस बुलाई

नॉर्थ-वेस्ट के डीसीपी नागेश डीएल के अनुसार, प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि आरोपी युवती ने रोमांटिक मीटिंग के बहाने युवक को बांधा। कुछ ही मिनट बाद उसपर केरोसिन या पेट्रोल डालकर आग लगा दी। खुद को छुड़ा न पाने के कारण किरण की मौके पर ही मौत हो गई। पड़ोसियों ने चीखें और धुआं देखकर पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। शुरूआत में पुलिस ने इसे आत्महत्या मान लिया था, लेकिन जांच में कई गड़बड़ियां सामने आने पर मामला हत्या का निकला।

### युवती ने कहा था- किरण ने खुद ही आग लगाई

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रेमा ने अपने शुरूआती बयान में दावा किया था कि किरण ने खुद को आग लगा ली थी। प्रेमा ने कहा कि घटना के समय वह बाथरूम में थी। चीखें सुनकर बाहर आई तो किरण को आग में जला हुआ पाया। हालांकि जांच के दौरान पता चला कि किरण अपने साथ कोई ज्वलनशील पदार्थ नहीं लाया था। पुलिस के अनुसार, ज्वलनशील पदार्थ पहले से खरीदा गया था, जिससे हत्या की प्री-प्लानिंग का शक मजबूत हुआ।

### शादी करने से इनकार करने पर नाराज थी प्रेमा

पूछताछ के दौरान प्रेमा बार-बार बयान बदल रही थी लेकिन बाद में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि किरण उसे नजरअंदाज कर रहा था। इसके कारण हाल के दिनों में दोनों के बीच तनाव बढ़ गया था। प्रेमा इस बात से भी नाराज थी कि किरण ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया था। पुलिस ने प्रेमा का मोबाइल जब्त किया है, जिसमें घटना का वीडियो मौजूद है। फिलहाल पुलिस पीड़ित के परिवार की औपचारिक शिकायत का इंतजार कर रही है।


पंजाबी महिला बोली

# पाकिस्तान में जबरन मुस्लिम नहीं बनाते

एजेंसी ▸▸ अमृतसर

भारत से पाकिस्तान जाकर मुस्लिम व्यक्ति से निकाह करने वाली पंजाबी महिला सरबजीत कौर ने सिखों पर विवादित टिप्पणी के बाद यू-टर्न लिया है। उसका नया वीडियो समाने आया है। जिसमें उसने कहा कि जो भी लोग पाकिस्तान में ननकाना साहिब और अन्य गुरुद्वारों के दर्शन करने आते हैं, उनका मैं हार्दिक स्वागत करती हूं। उसने अपने टिकटॉक अकाउंट पर ये वीडियो शेयर किया है। सरबजीत ने आगे कहा कि चढ़दा पंजाब और लहंदा पंजाब एक ही हैं। पाकिस्तान में जबरन धर्म परिवर्तन जैसी कोई स्थिति नहीं है। इससे पहले सरबजीत ने पंजाब से आने वाले लोगों को लेकर भड़काऊ बयान दिया था। उसने कहा था कि यहां क्या करने आते हो। अगर पाकिस्तान वाले एक हो जाएं तो इनकी रोजी-रोटी बंद हो जाए।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## कंपनी आई फिर उत्पाद क्यों नहीं आया

शहर को मिली आधुनिक उद्योग जगत की सौगात में बराबर देश की लब्ध प्रतिष्ठित कंपनियां आ रही हैं। आने वाले समय में इन कंपनियों के उत्पादन की स्थिति एवं रोजगार से स्थानीय रहवासियों को लाभ मिलना भविष्य में तय है। इस बीच कुछ कंपनियां आईं और अपना काम भी किया। अपने स्थापत्य की शुरूआत की और अन्यानेक कामों के बाद आकस्मिक रूप से ही धरातल से गायब हो गई हैं। उनकी प्रगति की स्थिति सामने नहीं आ पा रही है। ऐसे ही एक कंपनी एक प्रदेश एवं केन्द्र के संयुक्त उपक्रम के रूप में है। उसने भी यहां पर अपने उत्पादन को लेकर जमीन क्रय की थी। अच्छी खासी जमीन लेकर उसकी करीब 4 कंटेनर की रजिस्ट्री भी कराई गई थी। भवन निर्माण शेड सहित कई काम कंपनी ने किए और उसके साथ ही मशीनें भी लाकर लगा दी थी। सब कुछ होने के बाद आकस्मिक रूप से अंदर के खाने में ऐसी हवा चली की कंपनी ने अपना काम ही नहीं किया और यहां से वैसे के वैसे ही धीरे से खसने का काम शुरू कर दिया।




खास तो यह है कि कंपनी जिस प्रदेश से संबद्ध रखती है वहां विपक्ष सरकार चलाता है और यहां उनके विपक्षियों की सरकार है। वैसे ही कंपनी जिस प्रदेश की है और केंद्र के उपक्रम के रूप में भी पक्ष और विपक्ष की स्थिति होने से खींचतान की स्थिति साफ हो रही है। खुसूर-फुसूर है कि जिस कंपनी ने भूमि खरीदने में तत्काल ही निर्णय लिया और जमकर सौदा किया था। रजिस्ट्री करवाने में भी कंपनी ने फटाफट निर्णय लिया और अपना काम चालू कर दिया था। उसके बाद निर्माण से लेकर स्थापत्य में भी जिसने तत्काल काम किया हो उसके उत्पादन में इतनी देरी का कारण समझ से परे हैं। इसे अन्यानेक कारणों से जोडकर देखा जा रहा है जिसमें से एक कारण राजनैतिक प्रतिस्पर्धा और पैंतरेबाजी भी बताया जा रहा है।

## न्यूज कॉलम

### अष्टविनायक मंदिर का प्रथम पाटोत्सव आज, विश्व शांति के लिए होगा महायज्ञ

**उज्जैन।** श्री हाटकेश्वर विहार मार्ग स्थित गौरीसन होटल और रिसॉर्ट के पास बने श्री अष्टविनायक मंदिर का प्रथम वर्षगांठ उत्सव 23 अप्रैल 2026 गुरुवार को पाटोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान अष्टविनायक से संपूर्ण विश्व में शांति की कामना की जाएगी। आयोजन के दौरान बिहार के सुप्रसिद्ध भजन गायक धीरजकांत की शानदार भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। श्री अष्टविनायक धाम के प्रमुख सेवक पंडित हेमंत व्यास ने बताया कि मंदिर का प्रथम पाटोत्सव विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में पूरी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ संपन्न होगा। इस मंदिर में महाराष्ट्र के प्रमुख तीर्थ स्थल श्री अष्टविनायक की तर्ज पर आठों विनायकों की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। श्रद्धालु अब महाराष्ट्र जाए बिना ही अष्टविनायक के दर्शन लाभ उज्जैन में ले सकते हैं। मंदिर की स्थापना के मात्र एक वर्ष के भीतर ही यह गणेश उपासना का प्रमुख केंद्र बन गया है, जहां देश-विदेश से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। संपूर्ण विश्व में मुस्कुराते हुए महाकाल पुत्र गणेश की एकमात्र प्रतिमा इसी मंदिर में स्थापित है। मंदिर सेवक पंडित संजय व्यास और पंडित शैलेंद्र व्यास ने बताया कि गुरुवार को कई धार्मिक आयोजन होंगे। प्रातः 9 बजे से भगवान का अभिषेक और पूजन किया जाएगा। इसके बाद शाम 6 बजे विश्व शांति और जनकल्याण के लिए गणेश महायज्ञ प्रारंभ होगा। शाम 7 बजकर 30 मिनट पर महाआरती की जाएगी और इसी दौरान शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक विशाल भंडारा व महाप्रसादी का वितरण होगा। इसके पश्चात रात्रि 8 बजे बिहार से आए प्रसिद्ध भजन गायक धीरजकांत भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस मंदिर में व्यास परिवार द्वारा पूरे समर्पण और सेवा भावना के साथ आराधना की जाती है।

### संजय मिश्रा, विक्रम प्रताप ने महाकालेश्वर में किए दर्शन



**उज्जैन।** अभिनेता संजय मिश्रा और विक्रम प्रताप ने मंगलवार देर शाम उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया और पारिवारिक शादी सकुशल संपन्न होने पर आभार व्यक्त किया। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में इन दिनों फिल्मी हस्तियों का आना-जाना लगा रहता है। इसी कड़ी में बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा और फिल्म अभिनेता विक्रम प्रताप मंगलवार देर शाम मंदिर पहुंचे। दर्शन के दौरान दोनों कलाकारों ने नंदी हॉल में बैठकर 'ॐ नमः शिवाय' का जाप किया। संजय मिश्रा भगवा धोती और शर्ट पहने हुए थे। संजय मिश्रा ने बताया कि वे पहले भी कई बार महाकाल के दर्शन कर चुके हैं और हर बार उन्हें यहां आकर विशेष शांति मिलती है। विक्रम प्रताप ने भी इस अनुभव को सौभाग्यशाली बताया।

युद्ध के साथ घरेलू उत्पादों में समस्याओं का डेरा बढ़ा और महंगाई भी

# घर बनाने से लेकर दवा खाना 25-30 फीसदी महंगा हुआ

## प्लायवुड से लेकर तमाम प्रकार की घरेलू निर्माण सामग्री में उछाल आया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ईरान अमेरिका युद्ध से घरेलू उत्पादों में समस्यओं का डेरा बढ़ गया है और महंगाई भी इसके साथ बराबर बढ़ रही है। घरेलू निर्माण सामग्री पर इसका प्रभाव 25 प्रतिशत तक बाजार में बताया जा रहा है तो दवाईयां भी 30 फीसदी तक महंगी हो गई हैं। यहां तक कि एथिकल दवाइयों के साथ ही जैनरिक दवाइयों पर भी इसका असर बताया जा रहा है।

युद्ध के साथ ही खाद्य सामग्री में खाद्य तेल पर महंगाई चढ़ी है तो सूखा मेवा भी महंगाई की गर्मी में है। रसोई घर में सूखे मेवे का उपयोग इसी के चलते कमजोर पड़ गया है। यही नहीं घर के निर्माण एवं आंतरिक सजावट भी महंगी होती जा रही है। पिछले तीन माह में ही इसमें 25-30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



### विदेशों से आने वाले उपकरणों की कीमतों में भारी उछाल

युद्ध की वजह से दवाओं के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल और विदेशों से आने वाले सर्जिकल उपकरणों की कीमतों में भारी उछाल आया है। युद्ध के कारण फार्मा सेक्टर में कच्चे माल की कमी हो गई है, जिससे बाजार में दवाओं की कीमतें बढ़ गई हैं। इसके साथ ही प्रतिवर्ष अप्रेल माह में डीपीसीओ रजिस्टर्ड दवाइयों में 10 प्रतिशत दर बढ़ाने के प्रावधान के तहत भी कंपनियों ने दर वृद्धि की है। महंगाई की मार हड्डियों के इलाज में काम आने वाली कैल्शियम, विटामिन-डी 3 टैबलेट और सिरप पर देखा जा रहा है। नवजात बच्चों के लिए उपयोग होने वाले एंजाइम ड्रॉप (डाइटीस) की कीमतों में भी इजाफा हुआ है। दवाओं के साथ-साथ पैथोलॉजी लैब में होने वाली जांचें भी महंगी हो रही हैं। मरीजों का ब्लड ग्रुप चेक करने के लिए इस्तेमाल होने वाले एंटी-ए, बी, डी सेट की कीमतों में बढ़ोतरी होने से अब जांच कराना पहले के मुकाबले महंगा हो गया है। इधर सामने आ रहा है कि दवाइयों के निर्माण में लगने वाले रा मटेरियल की भी कमी है और निर्यात में भी दिक्कतें खड़ी है। ऐसे में कंपनियों ने घरेलू बाजार को अपना निशाना बनाया है। केमिकल और पैकेजिंग मटेरियल की लागत 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है। उत्पादन लागत में हुए इस भारी इजाफे के कारण अब कीमतों का भार उपभोक्ताओं पर डालना उनकी मजबूरी बन गया है, जिससे आम आदमी की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है। -डीपीसीओ के तहत पंजीबद्ध कंपनियां प्रति वर्ष अप्रेल में 10 प्रतिशत दर वृद्धि करती हैं। उसी के तहत दर बढ़ी हैं। अन्य उत्पादों पर कंपनियों पर नियंत्रण की स्थिति नहीं है। कई दवाओं के रा मटेरियल बाहर से आता है। अभी कंपनियों का मटेरियल एक्सपोर्ट भी नहीं हो पा रहा है। इसका प्रभाव भी है।

-धर्मेन्द्र कुशवाह, वरिष्ठ औषधि निरीक्षक, उज्जैन

### प्लाय में बूम फेविकोल भी महंगा

घर के निर्माण में जहां सरिया सीमेंट से लेकर अन्य सामग्री महंगी हुई है उसमें प्लास्टिक पाईप के साथ प्लाय में बूम आया हुआ है। करीब 30 प्रतिशत तक इसमें महंगाई बढ़ गई है। फेविकोल में भी यही स्थिति बनी हुई है। प्रतिकिलो ही इसमें दर बढ़ी हुई है। बताया जा रहा है कि इसके निर्माण का रा मटेरियल आयात किया जाता है जो जहाजों से आता है। वर्तमान में सभी जहाज फंसे हुए हैं ऐसे में इसका मटेरियल भी महंगाई के दायरे में आया हुआ है।

# युवक की मौत के बाद परिजनों ने किया एमपी अस्पताल में हंगामा

## रात को एक्सीडेंट के बाद एमपी अस्पताल में भर्ती कराया था, लापरवाही का लगाया आरोप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

फ्रीगंज स्थित एमपी अस्पताल में बुधवार को एक मरीज की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने अस्पताल में घुसकर नारेबाजी करते हुए अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए। हंगामे की सूचना पर पहुंची माधव नगर पुलिस ने बीच बचाव कर मामले को शांत करवाया। अस्पताल प्रबंधन ने मरीज के ज्यादा नशे में होने और कार्डिक अरेस्ट से मौत की बात कही है।

मंगलवार रात करीब 1.30 बजे प्रताप आंजना की बाइक को महामृत्युंजय द्वार के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसमें प्रताप गंभीर रूप से घायल हो गए, कुछ लोगों ने उनकी मदद की और उन्हें एमपी अस्पताल में भर्ती कराया। सुबह प्रताप की मौत हो गई। यह खबर सुनने के बाद उसके परिजन अस्पताल पहुंचे और जमकर हंगामा किया।




### हाथ-पैर में फ्रैक्चर था फिर मौत कैसे हो गई

परिजनों ने आरोप लगाया कि जब हाथ और पैर में फ्रैक्चर था और सुबह चार बजे तक प्रताप ने बात की, फिर मौत कैसे हुई। सुबह अचानक डाक्टरों ने बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। भारी आक्रोश को देखते हुए माधव नगर थाना पुलिस ने स्थिति को संभाला और परिजनों को समझाकर बॉडी को पोटमार्टम के लिए भिजवाया।

### सुबह चार बजे तक अच्छी हालत में था

मृतक के भाई पवन आंजना ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन पर कार्यवाही होनी चाहिए। प्रताप सुबह चार बजे तक अच्छी हालत में था, मेरी बात हुई। उसके बाद जब मैं आईसीयू में देखने गया, तो मुझे देखने नहीं दिया। वह पता चला कि उपकरण नहीं चल रहे हैं। जिसके चलते उसकी मौत हो गई।

### कार्डिक अरेस्ट आने से हुई मौत

एमपी अस्पताल के डायरेक्टर रौनक मिश्रा ने बताया कि रोड एक्सीडेंट का केस था। रात करीब 1.30 से 2 के बीच अज्ञात इसे छोड़कर गया था। बहुत ज्यादा नशे में था। मल्टिपल फ्रैक्चर थे। थाई-पैर हाथ सब दूर फ्रैक्चर देखकर दो घंटे तक लगातार ट्रीटमेंट किया। इस दौरान मरीज को कार्डिक अरेस्ट आ गया और उसकी मौत हो गई।

# फिल्म अभिनेत्री जानकी महाकाल मंदिर पहुंचीं

## भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेकर बोलीं बार-बार आकर यहां दर्शन करती रहूं यही कामना



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

फिल्म अभिनेत्री जानकी बोड़ीवाला बुधवार सुबह महाकाल मंदिर पहुंचीं। उन्होंने नंदी हॉल से दर्शन कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। जानकी ने नंदी जी का पूजन कर कान में मनोकामना भी कही।

महाकाल मंदिर में लगातार सेलिब्रिटी का तांता लगा हुआ है। रोजाना बॉलीवुड अभिनेता या अभिनेत्री भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में शैतान, छेलौ दिवस, नाड़ी दोष, वश, गुजराती ड्रामा फिल्म, त्रिशा ऑन द रॉक्स और रोमांटिक गुजराती फिल्म तारी माटे वन्स मोर में अपने अभिनय का जलवा दिखाने वाली जानकी बोड़ीवाला ने भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

उन्होंने कहा कि महाकाल के दर्शन कर जो शांति मिली है वो कही नहीं मिलती है। बार-बार आकर यहां दर्शन करती रहूं यही कामना है। मंदिर में दर्शन व्यवस्था की तारीफ करते हुए जानकी ने कहा की सभी को आसानी से दर्शन हो रहे हैं। आज मुझे भी दर्शन करने का मौका मिला।

# अब एफडीआर तकनीक से ही बनेगी सड़कें

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन सहित प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में अब फुल डेप्थ रिक्लेमेशन (एफडीआर) तकनीक के तहत ही नई सड़कें बनाई जाएंगी।

नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने प्रत्येक नगर निगमों और संभाग स्तर के अधिकारियों को एफडीआर तकनीक से सड़कें बनाने को लक्ष्य दिया है। साथ ही यह भी स्पष्ठ व किया किया गया है कि इस काम में बहोना नहीं चलेगा कि हम नहीं बना सकते हैं।

ऐसे पुराने मार्ग चिह्नित किए जाएंगे, जहां सड़क ऊंची हैं और मकान नीचे हैं। इन पुरानी सडकों को उखाडकर इससे निकली सामग्री (डामर, कंक्रीट और मिट्टी) को 100 प्रतिशत रिसाइकिल करके नई और मजबूत सड़क बनाई जाएगी।



बता दें कि एफडीआर तकनीकी मैं पुरानी सड़क को उखाड़कर, उसमें सीमेंट, केमिकल मिलाकर, फिर से बिछाकर कंप्रेस किया जाता है, जिससे लागत 40-50 प्रतिशत कम हो जाती है। यह सड़क निर्माण का एक टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल तरीका है। दरअसल, प्रदेश के शहरों में अधिकांश सड़कें ऐसी हैं जिन पर सड़क के ऊपर सड़क बना दी गई है। एक के बाद एक लेयर डालने से सड़कों की ऊंचाई इतनी बढ़ गई है कि पास के मकान सड़कों से नीचे हो गए हैं। ऐसी दशा में घर के अंदर का पानी बाहर आना, बाहर से ड्रेन आउट करना मुश्किल हो जाता है।

जन्म-मृत्यु विभाग की समीक्षा बैठक में महापौर ने दिए निर्देश

# लंबित जन्म प्रमाण पत्रों का निराकरण करें

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महापौर मुकेश टटवाल ने नगर निगम के जन्म-मृत्यु विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित जन्म प्रमाण पत्रों के सभी आवेदनों का एक ही दिन में निराकरण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एक भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए और इसके लिए पूरा स्टाफ मिशन मोड में कार्य करे।

महापौर ने कहा कि जन्म-मृत्यु विभाग अत्यंत महत्वपूर्ण है,



जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिकों को निगम मुख्यालय आना पड़ता है। ऐसे में उन्हें बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का एक दिन में निराकरण कर नागरिकों को राहत दी जाए।

साथ ही महापौर ने मृत्यु प्रमाण पत्रों को संबंधित परिवारों के घर तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए, ताकि उन्हें अतिरिक्त परेशानी का सामना न करना पड़े।

बैठक में एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, अपर आयुक्त संतोष टैगोर, सहायक आयुक्त प्रफुल्ल गठरे, रविकांत मगरदे, लिपिक मनोज सक्सेना एवं पूजा चौधरी उपस्थित रहे।

महापौर ने सड़क चौड़ीकरण कार्य का किया निरीक्षण

# धीमी गति पर जताई नाराजगी, बारिश से पहले कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल ने गाड़ी अड्डा चौराहा से दारु गोदाम होते हुए रणकेश्वर धाम तक नगर निगम द्वारा किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नागरिकों ने महापौर को बताया कि कार्य की धीमी गति के कारण उन्हें आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही पेयजल की समस्या भी बनी हुई है। इस पर महापौर ने आश्वासन दिया कि वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर कार्य की गति बढ़ाई जाएगी और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

महापौर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि बारिश शुरू होने से पहले मार्ग



चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कार्य की गति संतोषजनक नहीं है, जिसे तुरंत सुधारा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के नागरिक भी इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं और कई स्थानों पर लोगों ने अपने मकानों के चिन्हित हिस्से स्वयं हटाए हैं। फिलहाल नाली निर्माण कार्य जारी है और जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य भी प्रारंभ किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य एवं लोक निर्माण समिति प्रभारी शिवेंद्र तिवारी तथा पार्षद प्रतिनिधि मांगीलाल कड़ेल भी उपस्थित रहे।

# उज्जैन में भी मरम्मत के लिए पुल चिन्हित किए

## जर्जर पुलों पर हो रहा परिवहन, क्षतिग्रस्त होने के मामले सामने आ रहे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जिले के साथ ही पूरे प्रदेश में एक तरफ सड़क, पुल-पुलियों का तेजी से निर्माण हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में जर्जर पुलों पर परिवहन हो रहा है। आए दिन किसी न किसी पुल के क्षतिग्रस्त होने के मामले सामने आ रहे हैं। इसको लेकर लोक निर्माण विभाग ने प्रदेशभर में सर्वे कराया है, जिसमें 45 ऐसे पुल चिन्हित हुए हैं जो जर्जर अवस्था में है। इनके लिए टेंडर भी जारी कर दिए गए लेकिन पुलों के क्षतिग्रस्त होने की घटना लगातार सामने आ रही हैं। दरअसल, प्रदेश में एक के बाद एक पुलों के क्षतिग्रस्त होने के मामले सामने आने पर लोक निर्माण विभाग ने पूरे प्रदेश में सर्वे कराया और उन पुलों को चिह्नित कराया, जहां काम कराना अनिवार्य है।



गौरतलब है कि प्रदेश में अधोसंरचना विकास के काम तेजी के साथ चल रहे हैं। सरकार पूंजीगत निवेश लगातार बढ़ा रही है, जिसकी सराहना भारत सरकार ने भी की है लेकिन गुणवत्ता को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। कम से कम पुलों के मामले में तो स्थिति ऐसी ही नजर आती है। ग्वालियर में निर्माणाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर में गर्डर गिर गया तो जबलपुर में दूसरी बार के रेलवे ओवर ब्रिज क्षतिग्रस्त हुआ। शिवपुरी के पोहरी में फ्लाईओवर का स्लैब गिरने की घटना पहले सामने आ चुकी है, जिसमें मजदूर घायल हो गए थे लेकिन इंजीनियरों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### 19 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर कर दी

विभागीय अधिकारियों ने कहना है कि सड़क विकास प्राधिकरण ने प्रदेश के सभी पुलों का सर्वे कराया था। इसमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, घार, खंडवा, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, उज्जैन और रीवा में मरम्मत के लिए पुल चिन्हित किए गए। 19 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भी मरम्मत के लिए मंजूर कर दी गई लेकिन अभी टेंडर की प्रक्रिया ही पूरी नहीं हुई है। जबकि, मानसून के आने में तीन माह रह गए हैं। विभाग के प्रमुख अभियंता केपीएस राणा का कहना है कि पुलों का निर्माण अलग-अलग एजेंसियां करती हैं। प्रदेश में जर्जर पुल चिन्हित किए जा चुके हैं। मरम्मत के लिए टेंडर भी जारी कर दिए हैं।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार




## न्यूज ब्रीफ

### पीएनजी नेटवर्क का हो रहा तेजी से विस्तार

**इंदौर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि वर्तमान मिडिल ईस्ट संघर्ष से उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए भारत सरकार द्वारा पीएनजी नेटवर्क का तेजी से विस्तार कर, ऐसे स्थानों पर जहां पर सीजीडी संस्था की पाईलाईन मौजूद है, घरेलू, व्यावयिक एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस संबंध में जिला स्तर पर जिला प्रशासन, खाद्य विभाग, नगरीय निकाय, ऑयल कंपनी एवं सीजीडी संस्थाओं के अधिकारियों द्वारा सतत रूप से कैंम्पों का आयोजन कर पीएनजी के लाभ एवं पीएनजी कनेक्श्न प्राप्त करने की प्रक्रिया से आम जनता को अवगत कराया जा रहा है।

### पानी बचाने में मध्यप्रदेश है देश में तीसरे स्थान पर

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जल बचाने में समाज की भागीदारी जरूरी है, इसीलिये प्रदेश में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' चलाया जा रहा है। इस अभियान से सब जुड़े, सभी अपना सहयोग दें, हम सबको मिल-जुलकर यह करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पानी बचाना हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है। हम सालों से इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के जरिए जल संरक्षण को जल आंदोलन का रुप दिया जा रहा है। यह अभियान की सफलता ही है कि हमारा मध्यप्रदेश जल संचयन के मामले में नेशनल रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आया है। प्रदेश में जल संरक्षण के लिए लगभग 6 हजार 278 करोड़ का वित्तीय लक्ष्य तय किया गया है।

### सार्वजनिक स्थलों को बनायेंगे महिलाओं के लिये सुविधायुक्त

**इंदौर।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026 के लिए देश भर के 10 प्रमुख शहरों को 'सेफ सिटीज' परियोजना के अंतर्गत चयनित किया गया है, जिसमें मध्यप्रदेश से ऐतिहासिक नगरी धार को शामिल किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा शत-प्रतिशत वित्त पोषित इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए धार जिले को 10 करोड़ रुपये की राशि आवंटित किए जाने का प्रावधान किया गया है। देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए वर्ष 2013 में 'निर्भया फंड' की स्थापना की गई थी, जिसके बाद वर्ष 2015 में 'स्मार्ट सिटी मिशन' के माध्यम से शहरी विकास और सुरक्षा के मानकों को नया आयाम दिया गया। धार जिले में यह परियोजना न्यूनतम 05 वर्षों के लिए क्रियान्वित की जाएगी। इस योजना का मुख्य केंद्र बिंदु सार्वजनिक स्थानों को महिलाओं के लिए पूरी तरह भयमुक्त और सुविधायुक्त बनाना है। परियोजना के अंतर्गत धार शहर में समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### जर्जर पुल के कारण महू-घाटाबिल्लौद मार्ग पर यातायात प्रतिबंधित

**इंदौर।** जिला प्रशासन द्वारा इंदौर जिले के महू-घाटाबिल्लौद मार्ग पर महूगांव स्थित पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए यातायात को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। मध?यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा उक्त पुल का निरीक्षण किए जाने पर इसकी स्थिति अत्यधिक खराब पाई गई, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। यह मार्ग पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र एवं इन्दौर जिले को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, जिस पर भारी एवं यात्री वाहनों का आवागमन होता है। सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुल पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन बंद किया गया है। पुल का नवनिर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर वर्षा ऋतु से पूर्व पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

### अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 9 आरोपियों को किया गया जिलाबदर

**इंदौर।** इंदौर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 9 आरोपियों को जिलाबदर किया है। इस संबंध में जारी आदेशानुसार आरोपियों को छः-छः माह के लिये जिलाबदर किया गया है। उक्त सभी अपराधियों के विरुद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में अनेक अपराधिक प्रकरण दर्ज है। जिला बदर आरोपियों में मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गिट्टी फोड़ा निवासी धर्मपाल उर्फ धनपाल पिता देवकरण सिंगारे, ग्राम खुर्दा निवासी रितिक पिता घनश्याम जयसवाल, ग्राम अम्बाड़ा सागलाखली निवासी जमनालाल पिता नारायण कटारे, ग्राम गोलखेड़ा निवासी सारंग पिता बोंदर गावड़, किसान मोहल्ला ?निवासी पम्मी उर्फ निजीत्व पिता परसराम जाट और बसौड़ मोहल्ला निवासी अभि उर्फ अभिषेक पिता अशोक मेढ़ा सम्मिलित है। इसी प्रकार महू थाना क्षेत्र मोती महल टॉकिज निवासी पप्पू उर्फ मोहम्मद मुकीम पिता असलम (भंगारवाला), पत्ती बाजार महू निवासी अजहर नूर पिता ईस्माईल नूर और कंचन विहार खान कॉलोनी निवासी मुदस्सर खान पिता गोहर खान शामिल है।

### केमिकल ड्रमों में धमाके, जेसीबी-हाइड्रा क्रेन जलकर खाक

# पीथमपुर की कंपनी में लगी आग 12 घंटे बाद काबू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पीथमपुर के सेक्टर-3 स्थित हजारगो इंडस्ट्रियल वेस्ट डिस्पोजल कंपनी में लगी आग पर 12 घंटे बाद काबू पा लिया गया। धामनोद, धरमपुरी, धार, पीथमपुर इंदौर की 12 दमकल की गाड़ियां और दो रोबोट लगातार काम पर लगे रहे। नुकसान का आकलन अभी तक नहीं हो सका है। कंपनी में मंगलवार रात करीब 9:45 बजे आग लग गई। वेस्ट मैनेजमेंट और केमिकल कचरे के निस्तारण का काम करने वाली इस यूनिट में लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया और लपटें आसपास की अन्य फैक्ट्रियों तक पहुंच गईं, जिसके बाद कई यूनिटों को खाली कराना पड़ा।

कुछ ही मिनटों में हालात बेकाबू हो गए। केमिकल ड्रमों में लगातार धमाके होने लगे, जिससे पूरा औद्योगिक क्षेत्र दहशत में आ गया। जिस समय आग लगी, उस वक्त करीब 10 मजदूर काम कर रहे थे, जिन्हें समय रहते बाहर निकाल लिया गया।



#### फैक्ट्री में औद्योगिक कचरे से आग लगने की आशंका

बताया जा रहा है कि यह कंपनी अन्य उद्योगों से निकलने वाले कचरे को जलाती है, जिससे आग लगने की आशंका जताई जा रही है। इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग इतनी भीषण थी कि कई किलोमीटर दूर तक धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। पीथमपुर के नायब तहसीलदार राहुल गायकवाड़ ने बताया कि इंदौर और धार से 15 दमकल रातभर से आग बुझाने में लगी थीं। फैक्ट्री मालिक से बात हुई, उनके मुताबिक घटना के वक्त अंदर कोई नहीं था। बाकी आग बुझाने के बाद सर्च किया जाएगा। आस पास के कारखानों को एहतियात के साथ चालू करवा दिया है।

#### आग बुझाने के लिए 10 फायर टेंडर तैनात किए गए

सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका की टीमें मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया था। प्रभारी कलेक्टर अभिषेक चौधरी और एसपी मयंक अवस्थी ने घटनास्थल पर पहुंचकर ऑपरेशन की निगरानी की। आग बुझाने के लिए 10 फायर टेंडर तैनात किए गए। इंदौर नगर निगम से 2 फोम एक्सटिंग्विशर मंगाए गए। नगर पालिका के अधिकारी रवि देवड़ा के अनुसार 200 से ज्यादा पानी टैंकर आग बुझाने में लगे। आग की चपेट में आने से जेसीबी और हाइड्रा क्रेन जलकर खाक हो गईं।

# विद्यार्थियों ने एडी को दिए सबूत, जाँच समिति और कार्रवाई की मांग

### देअविवि के प्लेसमेंट अधिकारी की भी शिकायत होगी लोकायुक्त में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

होलकर कॉलेज में इंटर्नशिप में अनियमितता एवं अवैध वसूली के विरोध में कॉलेज प्रशासन ज्ञापन देने के पश्चात भी आंखों पर पट्टी बांधे हुए है, जिससे महाविद्यालय प्रशासन की संलिप्तता उजागर होती है। इसी के विरोध में मंगलवार को ए.डी. ऑफिस में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करके ज्ञापन दिया गया और अब कुलगुरु एवं लोकायुक्त में भी शिकायत की जाएगी।

श्री राजपूत करणी सेना छात्र संगठन के मंत्री श्याम शुक्ला और पवन अहिरवार के साथ विद्यार्थियों एवं पदाधिकारियों ने यहाँ ओएसडी को ज्ञापन दिया, साथ ही स्पष्ट चेताया कि कार्रवाई कराने के लिए यदि धरने पर बैठना पड़ा तो अनिश्चितकालीन धरना भी देंगें, क्योंकि पूरी तरह नियमों का मजाक बनाया गया है।



संगठन ने प्रदर्शन करते हुए उच्च शिक्षा विभाग से छात्रों की तरफ से सबूत देकर बताया कि फर्जी इंटर्नशिप एजेंसी द्वारा छात्रों के साथ धोखा किया गया है। इन्फलक्स सोर्सिंग कंपनी के नाम पर काम किया, पर सर्टिफिकेट किसी और कंपनी के दिए। रुपए व्यक्तिगत लोगों के क्यू आर पर डलवाया। फर्जी एमओयू के आधार पर कार्य हुआ है जिसमें देवी अहिल्या विवि के प्लेसमेंट अधिकारी अवनीश व्यास कैसे शामिल हैं, इसकी जांच होना चाहिए। सभी ने ज्ञापन के जरिए मांग की कि जांच कमेटी बनाकर 10 दिन के अंदर दोषियों पर कार्यवाही होनी चाहिए।

### दैनिक अवंतिका द्वारा इस मामले को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद खाद्य सुरक्षा प्रशासन हरकत में आया

# खबर का असर- इंदौर के अर्बन मस्का पर खाद्य विभाग का छापा, कई खामियां उजागर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर के एलआईजी चौराहा स्थित चर्चित फूड आउटलेट अर्बन मस्का पर आखिरकार प्रशासन ने कार्रवाई कर दी। दैनिक अवंतिका द्वारा इस मामले को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद खाद्य सुरक्षा प्रशासन हरकत में आया और सोमवार को प्रतिष्ठान पर औचक निरीक्षण किया गया।

दरअसल, सोशल मीडिया पर दुकान में खराब और अस्वच्छ खाद्य सामग्री परोसे जाने की शिकायत सामने आई थी, जिसे ग्लोबल हेराल्ड ने गंभीरता से प्रकाशित किया था। खबर के प्रकाशन के बाद विभाग ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मौके पर जांच की। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर खामियां सामने आईं। किचन में पेस्ट कंट्रोल का अभाव पाया गया, जो सीधे तौर पर खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है। इसके अलावा फ्रिज को वॉशिंग एरिया में रखा हुआ मिला, जिससे खाद्य सामग्री के दूषित होने का खतरा बढ़ जाता है। जांच में यह भी सामने आया कि फूड हैंडलर्स के पास आवश्यक मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र तक उपलब्ध नहीं थे। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने पाव और बन के नमूने लेकर उन्हें राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा है।



#### रिपोर्ट आने के बाद आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी

अधिकारियों ने मौके पर ही संचालक को फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट के नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी गई कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में मिलावटी और असुरक्षित खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और आमजन की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि अगर दैनिक अवंतिका इस मामले को उजागर नहीं करता, तो यह लापरवाही यूं ही जारी रहती।

# महाकाल की शरण में सांसद-रवि किशन, भस्म आरती के बाद किए दिव्य दर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भोजपुरी और हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता एवं गोरखपुर से सांसद रवि किशन ने बुधवार सुबह श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन किए। वे भस्म आरती के पश्चात मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर पहुंचने के बाद रवि किशन ने सबसे पहले नंदी हॉल में पूजा-अर्चना की और फिर चांदी द्वार से भगवान महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने जल अर्पित कर भगवान का स्मरण किया और लगातार महाकाल का जाप करते नजर आए। करीब 15 मिनट तक मंदिर परिसर में रहकर उन्होंने श्रद्धा के साथ दर्शन किए और देश-प्रदेश के कल्याण की कामना की। दर्शन के बाद रवि किशन ने कहा कि जब भी बाबा महाकाल के दिव्य दर्शन का अवसर मिलता है, जीवन धन्य हो जाता है। उन्होंने गोरखपुर की जनता के लिए विशेष रूप से भगवान महाकाल के चरणों में प्रार्थना की और सभी के स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना की।

### करदाता आज ही अपना बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा कराकर सरचार्ज में दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त करें

# 9 मई को समस्त जोन कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शासन निदेर्शानुसार बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा कराने हेतु दिनांक 09 मई 2026 शनिवार को नगर निगम के समस्त जोन कार्यालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा जिसके क्रम में बुधवार को अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल द्वारा संपत्तिकर एवं जलकर विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह द्वारा बैठक में निर्देशित किया कि लक्ष्य वसूली के लिए लगातार बड़े बकायदारों से संपर्क करें समझाइश दी जाए यदि बिल जारी करने के बाद भी बकाया कर की राशि जमा नहीं की जा रही है तो कुर्की की कार्यवाही करें, अवैध नल कनेक्शन को विच्छेद करने की कार्यवाही प्रतिदिन करें, सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जाए साथ ही शहर में संचालित जितने भी होटल एवं होमस्टे है उनसे कमर्शियल की दर से वसूली की जाए और प्रतिदिन चेकिंग करने की कार्यवाही भी करें। उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल द्वारा समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि आगामी नेशनल लोक अदालत अंतर्गत संपत्ति कर वसूली के तहत 19 करोड़ वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें 6000 से अधिक रसीदें जारी की जाएगी साथ ही जल कर वसूली के लिए 02 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है सभी स्टाफ लक्ष्य अनुरूप कार्य करने में जुट जाए इसके लिए अपने स्तर से कार्यवाही करें करदाताओं को घर-घर जाकर समझाइश दी जाए कि अपने बकाया कर की राशि जमा करें और नेशनल लोक अदालत में दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त करें। बैठक में कार्यपालन यंत्री श्री वैभव भावसार, समस्त जोन के संपत्ति कर अधिकारी, सहायक संपत्ति कर अधिकारी, पीएचई विभाग के उपयंत्री एवं बिल वितरक उपस्थित रहे।

### अभा ब्राह्मण समाज ने किया रथ का पूजन

**उज्जैन।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने परशुराम जयंती पर सोमवार शाम 6 बजे सावन-भादौ मंदिर, पीएचई ऑफिस, चामुंडा माता चौराहा से भगवान परशुराम और जगत गुरु शंकराचार्य के रथों का पूजन कर चल समारोह निकाला। चल समारोह देवास गेट, मालीपुरा, नई सड़क, फव्वारा चौक से होते हुए औदिच्य ब्राह्मण समाज धर्मशाला, क्षीरसागर पहुंचा।

# रूफटॉप रेस्टोरेंट्स पर प्रशासन का अटैक–नियम तोड़े, तो सीधे सील!

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी अब भारी पड़ने लगी है। कलेक्टर शिवम वर्मा के सख्त निर्देश पर चल रहे विशेष अभियान के तहत प्रशासन ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो रूफटॉप रेस्टोरेंट्स पर ताला जड़ दिया।

जोन क्रमांक-07, वार्ड-29 स्थित स्कीम नंबर-54 के पीयू-3 क्षेत्र में बने भवनों पर प्रशासन की टीम ने अचानक दबिश दी। जांच के दौरान सामने आया कि कबीला वेज बारबेक्यूज और एयरन हाइट रेस्टोरेंट एंड किचन में आग से सुरक्षा के बुनियादी इंतजाम तक मौजूद नहीं थे। न फायर फाइटिंग उपकरण, न इमरजेंसी सिस्टम – ऊपर से बिना अनुमति किचन भी धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने बिना देरी किए दोनों रूफटॉप रेस्टोरेंट्स को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार मल्हारगंज निधि धाकड़, भवन अधिकारी टीना सिसौदिया, भवन निरीक्षक पीयूष मावी सहित राजस्व टीम मौके पर मौजूद रही।



**प्रशासन का साफ संदेशः** जान से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि जिन संस्थानों में अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाई जाएगी, उनके खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। चेतावनी अब नियमों से खिलवाड़ करने वाले संचालकों के लिए इंदौर में कोई ढील नहीं – अगली बारी किसी और की हो सकती है!

#### ये भी करना होगा

आपदा के समय सुरक्षित निकास की व्यवस्था हो, ले-आउट प्लान प्रदर्शित करना होगा जरूरी, रेस्टोरेंट्स में एक फायर एक्सपर्ट की नियुक्ति, जो स्टाफ को फायर सेफ्टी के लिए करेगा प्रशिक्षित, अस्थायी निर्माण के लिए नेशनल बिल्डिंग कोड की पालना जरूरी. सभी मापदंडों की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक कमेटी का होगा गठन




## न्यूज कालम



### श्री उमिया माताजी मंदिर के भूमि पूजन के साथ हुआ भव्य शुभारंभ

**मंडलेश्वर।** समीपस्थ ग्राम ठनगांव धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का अदभूत संगम उस समय देखने को मिला, जब श्री उमिया पाटीदार परिसर ठनगांव में कुलदेवी श्री उमिया माताजी के भव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा और जय माता उमिया के जयकारों से परिसर गूंज उठा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री उमिया माताजी संस्थान ऊंझा के महामंत्री जयंती भाई पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ श्री प्रवीण भाई पटेल (अध्यक्ष, उमिया परिवार संगठन), सह मंत्री महेंद्र भाई पटेल, मीडिया प्रभारी प्रहलाद भाई पटेल, कारोबारी सदस्य एवं जिला प्रभारी रामचंद्र पाटीदार, तहसील प्रभारी कृष्ण चंद्र पाटीदार, कृष्ण चंद पाटीदार जिराती, तहसील सचिव महेश पाटीदार, डॉ. मोहित पाटीदार सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भाग लेकर इस पावन अवसर को ऐतिहासिक बना दिया।

### छात्रा शकीना गनी ने 91 .04 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नया इतिहास रच दिया



**मंडलेश्वर।** सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बीच भी अगर हौसले बुलंद हों, तो सफलता खुद कदम चूमती है। इसका जीता-जागता उदाहरण बनी हैं शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर की कक्षा 12 की छात्रा शकीना जावेद गनी, जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में 91.04 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक नया इतिहास रच दिया। शकीना की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर शकीना को एक स्कूटी और लैपटॉप भी प्रदान किया जाएगा, जो उनकी आगे की पढ़ाई में सहायक सिद्ध होगा। उनकी इस सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी की लहर है, बल्कि पूरे मंडलेश्वर क्षेत्र में गर्व का माहौल है।शकीना के पिता जावेद बाबा, जो मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं, ने हमेशा अपनी बेटी की शिक्षा को प्राथमिकता दी। आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने शकीना के सपनों को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। शकीना ने भी अपने पिता के त्याग और संघर्ष को सार्थक करते हुए कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया।शकीना का कहना है कि उनकी सफलता का श्रेय उनके माता-पिता के बलिदान और शिक्षकों के मार्गदर्शन को जाता है। उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि सच्ची मेहनत और मजबूत इरादों के सामने कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती।

### सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के भाई विश्वनाथ पाटिल का दुखद निधन



**बुरहानपुर।** खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के भाई विश्वनाथ पाटिल का दुखद निधन, उनके गांव बोहरडा में स्थित उनके खेत के कुएं से ही उनका शव निकाला गया...जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का बताया है...पीएम के बाद स्थिति साफ हो सकेगी।

### अपहरणकर्ताओं से छुड़ाए गए बालक को पढ़ाएंगे विधायक



**सनावद।** विगत दिनों अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ाए गए जूनापानी के बालक प्रदीप और उसके दादाजी ने बुधवार को विधायक सचिन बिरला से मुलाकात की। विधायक ने बालक प्रदीप और उसके दादाजी का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने बालक प्रदीप की संपूर्ण शिक्षा का दायित्व ग्रहण करने का संकल्प लिया एवं प्रदीप के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### लोक निर्माण विभाग के मंत्री श्री राकेशसिंह का दौरा कार्यक्रम

**बड़वानी ।** लोक निर्माण विभाग के मंत्री श्री राकेशसिंह 24 अप्रैल को बड़वानी आगमन होगा। 24 अप्रैल मंदसौर से प्रस्थान कर रात्रि 9.30 बजे बड़वानी आगमन होगा एवं रात्रि विश्राम करेंगे। 25 अप्रैल को प्रातः 11 बजे ग्राम सिलावद में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंकर दोपहर 12 बजे सिलावद से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 25 अप्रैल को आधार सेवाओं हेतु विशेष अभियान

**रतलाम।** झाबुआ एवं अलीराजपुर जिले में 25 अप्रैल को आधार सेवाओं हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस नवाचार के अंतर्गत तीनो जिलों के समस्त डाकघर के आधार सेवा केंद्र 25 अप्रैल (शनिवार) को प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक खुले रहेंगे। इस एक दिवसीय अभियान के लिये ग्राहक पहले से ही अपने निकटम डाकघर के आधार सेवा केंद्र से टोकन प्राप्त कर सकते है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस विशेष अभियान के माध्यम से अपने आधार पंजीयन/नवीनीकरण/अद्यतन करवाएं। डाक विभाग द्वारा रतलाम जिले में आलोट, जावरा, कालूखेडा आदि में अभियान चलेगा।

# वन विभाग ने राजस्व और पुलिस के संयुक्त दल के साथ वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



भकलाय वन क्षेत्र में वन विभाग ने राजस्व और पुलिस के संयुक्त दल के साथ बड़ी कार्रवाई करते हुए वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। वन संरक्षक खंडवा के निर्देश पर हुई कार्रवाई में करीब ४ अतिक्रमण कारियों के कब्जे से १ हेक्टेयर वन भूमि को मुक्त करवाया गया है।

जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत सिरस्या, बगदरा, गुर्जर मोहना और भकलाय के कुछ ग्रामीणों द्वारा वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत उक्त वन भूमि पर दावे प्रस्तुत किए गए थे। इन दावों की सत्यता जांचने के लिए कुछ माह पूर्व राजस्व विभाग, पंचायत, वन अधिकार समिति और वन विभाग द्वारा मौके पर संयुक्त सत्यापन किया गया था। जांच और दस्तावेजों के सूक्ष्म परीक्षण के बाद जिला स्तरीय वन अधिकार समिति ने इन दावों को आधारहीन पाते हुए अमान्य कर दिया था। प्रशासन द्वारा संबंधित दावेदारों को दावे निरस्त होने की सूचना देकर अतिक्रमण हटाने के लिए समझाइश भी दी गई थी। बावजूद इसके अतिक्रमणकारियों ने वन भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया था। जिसके बाद वन विभाग ने संयुक्त टीम का गठन कर भकलाय क्षेत्र से शुरूआत करते हुए 2 जे सी बी मशीनों के माध्यम से अतिक्रमण हटाया गया। पूरी मुहिम में पुलिस, राजस्व के अलावा करीब 4 रेंज का 40 से अधिक का वन स्टाफ लगाया गया था। बड़वाह वन मंडलाधिकारी भानु प्रकाश बथमा ने बताया मुक्त कराई गई भूमि पर विभाग द्वारा शीघ्र ही वानिकी कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। ताकि वन क्षेत्र को पुनः हरा-भरा बनाया जा सके।उन्होंने स्पष्ट स्पष्ट किया है कि संरक्षित वन क्षेत्रों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिला स्तरीय समिति द्वारा निरस्त किए गए दावों के बाद भी यदि कोई वन भूमि पर अतिक्रमण करता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को वन विभाग के गस्ति दल पर अतिक्रमणकारियों ने पथराव कर दिया था। जिसमें दल को अपनी जान बजा कर मौके से भागना पड़ा था। एसडीओ फॉरेस्ट कृष्ण कुमार निनामा ने बताया गस्ति के दौरान भकलाय क्षेत्र में एक स्थान पर दल को अतिक्रमण देखने को मिला था। जिसके बाद दल ने अतिक्रमणकारी को समझाइश देने का प्रयास किया तो उन पर पथराव शुरू कर दिया। तब निहत्थे दल पर पथराव होने के कारण दल को वहां से पीछे हटना पड़ा।

वन भूमि पर पट्टे के लिए वनाधिकार समिति के पास महेश्वर तहसील के करीब 70 आवेदन पहुंचे थे। जिसके बाद एक संयुक्त टीम ने इन आवेदनों का सत्यापन करवाया था। जांच में सभी आवेदन निरस्त कर दिए थे।नियमानुसार आवेदक को 13 दिसंबर 2005 से पहले का कब्जाधारी होना आवश्यक है। जांच में सेटेलाइट इमेज से वर्तमान स्थिति का मिलान किया जाता है। जिसके चलते सभी आवेदन निरस्त कर दिए गए। जानकारी अनुसार यह सभी आवेदक या तो 2005 के बाद के कब्जाधारी हैं या उनका वन भूमि पर किसी भी प्रकार का कोई कब्जा ही नहीं है।



# खरगोन-इंदौर मार्ग पर बड़ा बस हादसा, 40 से अधिक यात्री घायल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

खरगोन से इंदौर जा रही एक पाटीदार बस ओझरा दरगाह के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक मकान में जा घुसी। हादसे के समय बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बस में सवार लगभग सभी यात्री घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को बस से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सूचना मिलते ही प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीमें सक्रिय हो गईं। सभी घायलों को तत्काल कसरावद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए खरगोन रेफर किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर अन्य अस्पतालों में भी रेफर करने की तैयारी की जा रही है। राहत कार्य को तेज करने के लिए आसपास के स्वास्थ्य केंद्रों से कई एंबुलेंस मौके पर भेजी गईं। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही कसरावद थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### इंदौर-इच्छापुर हाइवे पर देर रात भीषण हादसा

# कंटेनर और बियर से भरे पिकअप की भिड़ंत, ड्राइवर की मौके पर मौत, एक घायल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर




इंदौर-इच्छापुर हाइवे पर देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। ग्राम दहिनाला के समीप बियर से भरे पिकअप वाहन और कंटेनर के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप वाहन के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पिकअप में सवार एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद हाइवे पर बियर की बोतलें बिखर गईं और कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा ओवरटेक या तेज रफ्तार के कारण हुआ। पुलिस कंटेनर चालक की तलाश कर रही है और सीसीटीवी व प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पृथ्वी दिवस पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम के अंतर्गत पृथ्वी दिवस के अवसर पर जल संरक्षण को लेकर जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक अमिताभ श्रीवास्तव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों से चर्चा कर जल चौपाल के माध्यम से आमजन को जागरूक करने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया साथ ही सामाजिक समरसता एवं पॉलीथिन प्रबन्धन पर भी बात की।

पृथ्वी दिवस के अवसर पर मिट्टी पूजन एवं संगोष्ठी एवं जल चौपाल का आयोजन किया गया,। जिसमें जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं प्राकृतिक संसाधनों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पृथ्वी दिवस हमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराता है और जल संरक्षण इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में जिला समन्वयक रत्नेश विजय वर्गीय, विकासखंड समन्वयक युवराज सिंह पंवार, नवांकुर समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद शिवेंद्र माथुर, अभय कोठारी, वीरेंद्र सिंह चौहान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### जनपद पंचायत बड़वानी की सामान्य सभा की बैठक होगी 24 अप्रैल को

**बड़वानी ।** जनपद पंचायत बड़वानी अध्यक्ष श्रीमती भूंटीबाई पप्पु पटेल की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 24 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जनपद पंचायत बड़वानी के सभागृह में आयोजित की गई है। जनपद पंचायत बड़वानी के सीईओ से प्राप्त जानकारी अनुसार बैठक में विभागीय निर्माण कार्यो, ५वां एवं १५वां वित्त आयोग के निर्माण कार्यो की समीक्षा की जायेगी।

### 24 अप्रैल को इन क्षेत्रों में बाधित रहेगी विद्युत सप्लाई

**बड़वानी ।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री से प्राप्त जानकारी अनुसार 24 अप्रैल को 33/11 केवी बड़वानी ग्रीड पर मेंटेनेंस का कार्य किया जायेगा, जिसके कारण प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक अमन नगर, हाउसिंग बोर्ड, सतपुड़ा कालोनी, कृष्णा स्टेट, दशहरा मैदानी, आबकारी विभाग, जैन हास्पिटल, सरस्वती होटल, डीआरपी लाईन, कैलाश नगर, आकाश नगर, भगवान नगर, बड़गांव होस्टल सहित आस पास के क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

# कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और जिले के नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने आज जिला चिकित्सालय बड़वानी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्यों और विभिन्न वार्डों की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।कलेक्टर ने निमार्णाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट का निरीक्षण करते हुए निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें ताकि गंभीर मरीजों को जल्द से जल्द उपचार मिलना शुरू हो सके।

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने ओपीडी और पंजीयन केंद्र का निरीक्षण कर दैनिक ओपीडी की स्थिति एवं पंजीयन रजिस्टर की जांच करते हुए प्रविष्टियों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को त्वरित बनाया जाए ताकि उन्हें अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। निःशुल्क दवा केंद्र पर दवाओं की उपलब्धता और स्टॉक रजिस्टर की जांच की। उन्होंने सुनिश्चित करने को कहा कि शासन की मंशानुसार प्रत्येक पात्र मरीज को अस्पताल से ही निःशुल्क दवाएं दी।

### संविदा श्रमिकों के नियोजन हेतु कराना होगा संस्थाओ को पंजीयन

**बड़वानी ।** मध्यप्रदेश के समस्त शासकीय विभागों, मण्डल निगम एवं अन्य संस्थाओं के संज्ञान में लाया जाता है कि जो भी विभाग/संस्थाएं ठेकेदारों अथवा आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से कार्य (विशेषतः निर्माण कार्य एवं अन्य सेवा करवा रहे है. उन्हें संविदा श्रम (विनियमन एवं उत्सा अधिनियम, 1970 की धारा 7 के अंतर्गत प्रिंसिपल इम्प्लोयर के रूप में पंजीयन कराना अनिवार्य है। साथ ही व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य-दशा संहिता, 2020 की धारा 47 से 50 के अंतर्गत ठेका श्रमिकों के नियोजन एवं पंजीयन से संबंधित प्रावधान भी लागू है। बिना पंजीयन के किसी भी प्रकार से ठेका श्रमिकों का नियोजन न किया जाए। इस हेतु समस्त संबंधित विभाग/संस्थाएं तत्काल पंजीयन की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित नियोका के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने के प्रावधान है। अतः समस्त संबंधित विभागों/निगमों/मण्डलों से अपेक्षा है कि ये श्रम कानूनो का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करें एवं नियमानुसार पंजीयन प्राप्त करें।

# डिवाइस पार्क में माइक्रोजेन हेल्थकेयर की अत्याधुनिक फैक्ट्री में ट्रायल रन शुरू

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के विक्रम उद्योगपुरी स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क में माइक्रोजेन हेल्थकेयर की अत्याधुनिक फैक्ट्री में ट्रायल रन शुरू हो गया है। इस यूनिट में हाई-लेवल डिसइन्फेक्टेंट का उत्पादन किया जाएगा, जिसका उपयोग आईसीयू और ऑपरेशन थिएटर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में खतरनाक बैक्टीरिया और वायरस को खत्म करने के लिए किया जाता है।

अब तक ऐसे उत्पादों के लिए विदेशी और मल्टीनेशनल कंपनियों पर निर्भरता रही है, जिसे यह यूनिट कम करने में अहम भूमिका निभाएगी। एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक राजेश राठौड़ ने बताया कि कंपनी को करीब दो साल पहले २.५ एकड़ भूमि आवंटित की गई थी। निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा कर फैक्ट्री का ट्रायल शुरू करना कंपनी की कार्यक्षमता और औद्योगिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल निवेश के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि उज्जैन को मेडिकल डिवाइस निर्माण के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में भी बड़ा कदम है।इस यूनिट में हाई-लेवल डिसइन्फेक्टेंट के अलावा अन्य उत्पादों के निर्माण की भी संभावना है। फैक्ट्री के पूर्ण रूप से शुरू होने के बाद यहां निर्मित उत्पादों का निर्यात भी किया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर कंपनी के चेयरमैन दिलीप पारिक और डायरेक्टर डॉ. आर.के. फरीदी मौजूद रहे। फैक्ट्री शुरू होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। मेडिकल डिवाइस पार्क में फिलहाल 18 अन्य कंपनियों का निर्माण कार्य जारी है, जिनमें से कई इकाइयां इसी वर्ष उत्पादन शुरू करने की तैयारी में हैं। अनुमान है कि इस साल कम से कम 8 इकाइयों में उत्पादन शुरू हो जाएगा, जो मुख्य रूप से चिकित्सा उपकरण निर्माण से जुड़ी होंगी।

### फिल्म अभिनेत्री जानकी महाकाल मंदिर पहुंचीं

**उज्जैन।** फिल्म अभिनेत्री जानकी बोड़ीवाला बुधवार सुबह महाकाल मंदिर पहुंचीं। उन्होंने नंदी हॉल से दर्शन कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। जानकी ने नंदी जी का पूजन कर कान में मनोकामना भी कही। महाकाल मंदिर में लगातार सेलिब्रिटी का तांता लगा हुआ है। रोजाना बॉलीवुड अभिनेता या अभिनेत्री भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में शैतान, छेलौ दिवस, नाड़ी दोष, वश, गुजराती ड्रामा फिल्म, त्रिशा ऑन द रॉक्स और रोमांटिक गुजराती फिल्म तारी माटे वन्स मोर में अपने अभिनय का जलवा दिखाने वाली जानकी बोड़ीवाला ने भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।उन्होंने कहा कि महाकाल के दर्शन कर जो शांति मिली है वो कही नहीं मिलती है। बार-बार आकर यहां दर्शन करती रहूं यही कामना है। मंदिर में दर्शन व्यवस्था की तारीफ करते हुए जानकी ने कहा की सभी को आसानी से दर्शन हो रहे हैं। आज मुझे भी दर्शन करने का मौका मिला।

# गायत्री परिवार की शताब्दी संकल्प अनुयाज कार्यशाला 25 को

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

अखिल विश्व गायत्री परिवार अपनी अधिष्ठात्री एवं संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष मना रहा है। गायत्री परिवार की शताब्दी संकल्प अनुयाज कार्यशाला २५ अप्रैल को किया जाएगा।

गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक विवेक चौधरी एवं रतलाम जिला समन्वयक दामोदर शर्मा (धराड़) ने बताया कि 25 अप्रैल को अखिल विश्व गायत्री परिवार की रतलाम जिला शाखा का शताब्दी संकल्प अनुयाज कार्यशाला तथा तहसील समन्वय समितियों के सदस्यों का प्रशिक्षण डोंगरेधाम शंकरगढ़ स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर सम्पन्न होगा। प्रशिक्षण प्रातः 9 बजे से सायं 5 तक चलेगा। प्रशिक्षण के लिए गायत्री परिवार उज्जैन उपझोन समन्वयक प्रभाकर सोनोने के नेतृत्व में प्रशिक्षकों की टोली द्वारा दिया जाएगा।

प्रशिक्षण में प्रज्ञा संस्थानों की गतिविधियों, कानूनी पहलू, अथार्नुशासन पर भी चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही गायत्री परिवार के विभिन्न आंदोलन जैसे पर्यावरण संरक्षण संवर्द्धन, व्यसनमुक्ति एवं कुरीति उन्मूलन, नारी जागरण, युवा जोड़ो, शिक्षा और संस्कार, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी, स्वास्थ्य संरक्षण, युगसाहित्य विस्तार योजना इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण एवं कार्यशाला में जावरा, ताल, आलोट, पिपलोदा, सैलाना, बाजना, रावटी, शिवगढ़ सहित रतलाम शहर एवं ग्रामीण के परिजन उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष होने की वजह से अनेक केंद्रीय स्तर के आयोजन संपन्न होने जा रहे हैं जिसमें क्षेत्रीय परिजनों की भागीदारी रहेगी।

जनवरी में शांतिकुंज हरिद्वार में संपन्न हुए अंतरराष्ट्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन के पश्चात गायत्री परिजनों द्वारा स्थानीय संगठनों के पुनर्गठन एवं अनुयाज कार्यशाला का संकल्प लिया गया था। उसी के क्रम में पहले रतलाम जिले की सभी तहसीलों की तहसील समन्वय समितियां का गठन एवं पुनर्गठन किया गया। ततपश्चात रतलाम जिले की समन्वय समिति का पुनर्गठन किया गया था।

कमोबेश यही क्रम मध्यप्रदेश के सभी जिलों में चलाया जा रहा था। विगत 12 एवं 13 अप्रैल को केंद्रीय प्रतिनिधियों द्वारा गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन पर गायत्री परिवार उज्जैन के अंतर्गत आने वाले ६ जिलों की जिला समन्वय समितियों के सदस्यों का प्रशिक्षण एवं अनुयाज कार्यशाला संपन्न हुई थी। उसके बाद सभी 6 जिलों में तहसील समन्वय समितियों के सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यशाला को उनके जिला स्तर पर किया जाना तय हुआ था।

### हार्ट अटैक का मरीज शासकीय अस्पताल में उपचार के बाद स्वस्थ

**रतलाम।** प्रदेश मे सरकार द्वारा शासकीय चिकित्सालयो के माध्यम से निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही है। सरकार की निःशुल्क सेवाओ की वजह से ही रतलाम जिले में हार्ट अटैक के मरीज को बचाने में सफलता मिली है। सिविल सर्जन डॉ एम एस सागर ने बताया कि मरीज विनोद सोलंकी जिला रतलाम में वार्ड बॉय के पद पर है, मरीज को 17 अप्रैल को जिला चिकित्सालय रतलाम की ओपीडी से गम्भीर स्थिति में गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती किया गया। मरीज की ईसीजी जांच करने पर पता लगा की मरीज को दिल का दौरा पड़ा है। गम्भीर स्थिति को देखते हुए आई सी यू में मौजूद डॉ जीवन चौहान द्वारा मरीज को निः शुल्क इंजेक्शन लगाया, जिसकी बाजार में कीमत 40 हजार रुपए है। गंभीर स्थिति में होने के कारण उसके जीवित रहने की संभावना बहुत कम थी, चिकित्सकीय सेवाओ एवं निःशुल्क उपचार की वजह से मरीज की जान बचाई जा सकी । मरीज के बेटे ने बताया कि वह गहन चिकित्सा इकाई की सभी सेवाओ से सन्तुष्ट है एवं जिला चिकित्सालय की शासकीय सेवाओं एवं डॉक्टर सहित स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान सभी आवश्यक दवाइयां और इंजेक्शन शासकीय योजनाओं के तहत अस्पताल से ही उपलब्ध कराए गए।

## न्यूज -कॉलम

### चेरिटेबल अस्पताल में तोड़फोड़, युवक पर केस दर्ज

**उज्जैन।** चेरिटेबल अस्पताल में 13 अप्रैल की रात हुई तोडफोड के मामले में जीवाजीगंज थाना पुलिस ने 8 दिन बाद अस्पताल स्टॉफ के अतुल पिता मंगलप्रसाद मिश्रा निवासी रीवा हाल मुकाम चेरिटेबल अस्पताल की शिकायत पर विष्णु पिता योगेश गोस्वामी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। अतुल के अनुसार रात 11.30 बजे आरोपी युवक शराब के नशे में अंदर घुस गया था, जिसे बाहर निकालने का प्रयास किया तो उसने अस्पताल की खिड़की के कांच फोड़ दिये और गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार तोड़फोड़ करने वाले नाम सामने आया है, वह कहां का रहने वाले है, इसका पता लगाया जा रहा है।

### शराब पीने से मना करने पर पिता-पुत्र में विवाद

**उज्जैन।** तराना तहसील के खेड़ी मोहल्ला में शराब पीने से मना करने की बात पर विष्णु मालवीय और उसके पिता रामेश्वर मालवीय में विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बड़ी कि विवाद मारपीट में बदल गया। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने पिता-पुत्र की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज किया है। पुत्र विष्णु का कहना था कि पिता को शराब पीने से मना किया तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे थे। वहीं पिता रामेश्वर का कहना था कि शराब पीने की बात पर हुए विवाद में विष्णु और परिवार के अन्य लोगों ने मारपीट की है। पुलिस ने पिता-पुत्र का मेडिकल परीक्षण कराकर विवेचना शुरू की है।

### घायल बोला गाड़ी चढ़ाकर मारने का किया प्रयास

**उज्जैन।** भूखी माता मंदिर मार्ग से बुधवार शाम सन्नी पिता पप्पू 22 साल निवासी कार्तिक मेला ग्राउंड पारदी डेरा को घायल हालत में परिवार के लोग उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने पैर में गंभीर चोंट होने पर उपचार के लिये भर्ती किया। घायल सन्नी का कहना था कि उसका कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। शाम को चिकन लेने बाइक से जा रहा था, उसी दौरान बोलेरो से कुछ लोगों ने उसे टक्कर मारकर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। घायल युवक की सूचना अस्पताल के ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा महाकाल थाना पुलिस को दी गई है। पुलिस जांच के बाद ही पता चलेगा कि मामला दुर्घटना का है या पुराने विवाद में गाड़ी चढ़ाकर मारने का है।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर 70 वर्षीय वृद्धा से मारपीट

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम डेलची में रहने वाली महिला रिश्तेदार के यहां कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। इस दौरान वहां अनाज की दुकान लगाने वाले सद्दाम ने उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला ने अपनी सास जैतून बी और पति आशिक को बताई। 70 वर्षीय सास और पुत्र आशिक के साथ सद्दाम को समझाने पहुंची और छेड़छाड़ करने का विरोध किया तो सद्दाम ने मारपीट शुरू कर दी। आशिक का मामूली चोंट लगी लेकिन वृद्धा जैतूनबी पति अजीज खान गंभीर घायल हो गई। उसे माकडोन अस्पताल ले जाया गया, जहां से रैफर होने पर चरक अस्पताल उज्जैन लाया गया है। मामले में माकडोन पुलिस घायल वृद्धा के बयान दर्ज आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करेगी।

### जहरीला कीटनाशक पीने से बिगड़ी महिला की हालत

**उज्जैन।** ग्राउंड होटल परिसर में रहने वाली नेहा पति देवेन्द्रसिंह राणावत ने बुधवार शाम जहरीला कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिये शासकीय चरक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने भर्ती किया है। महिला की हालत खतरे से बाहर है। मामले की सूचना अस्पताल स्टॉफ की ओर से माधवनगर थाना पुलिस को दी गई है। आशंका जताई गई है कि पारिवारिक विवाद में महिला ने कदम उठाया है। पुलिस बयान के बाद मामला स्पष्ट हो पायेगा।

### गणेश नगर में खड़ी कार से मिली देशी-अंग्रजी शराब



**उज्जैन।** नागझिरी पुलिस सर्कल भ्रमण के दौरान मंगलवार-बुधवार रात गणेशनगर में खड़ी अल्टो कार क्रमांक एमपी 09 सीडी 4369 को संदेह के आधार पर चैक किया तो उसमें देशी शराब के 50 क्वार्टर के साथ 6 बीयर की केन, 1 अंग्रेजी शराब की बोलत रखी होना पाई। एएसआई रोहित पारस ने बताया कि चालक मौके पर नहीं था। शराब के साथ कार को जप्त कर मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। नम्बर के आधार पर चालक का पता लगाया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 455-4 | 459-8 |
| मेन बाजार | 123-6 | |
| कल्याण नाइट | 239-4 | 678-1 |
| मिलन डे | 190-0 | 167-4 |
| मिलन नाइट | 333-9 | 677-0 |
| मधुर डे | 346-3 | 360-9 |
| मधुर नाइट | 788-3 | 678-1 |
| शुभांक | 6 | 7 8 |

### डीजीपी ने किया साइबर वारियर्स योजना पोर्टल का अनावरण फोटो मेल पर है....

# सिंहस्थ 2028: ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

धार्मिक नगरी में सिंहस्थ महाकुंभ 2028 का आयोजन होने जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था और सफल आयोजन की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन पर है। जिसको लेकर बुधवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना ने ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का शुभारंभ करते हुए साइबर वारियर्स पोर्टल का अनावरण किया।





पुलिस सामुदायिक भवन में ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का शुभारंभ करते हुए डीजीपी ने आधुनिक तकनीक और रणजीतिक योजना पर विशेष जोर दिया। अभियान में 48 विषयों पर 110 व्याख्यान के साथ फील्ड ट्रेनिंग और पुलिस प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों से चयनित पुलिस अधिकारियों को शामिल किया जा रहा है, जो प्रशिक्षण प्राप्त कर मास्टर ट्रेनर्स बनेगें और अपने जिलों में जाकर पुलिस बल को प्रशिक्षित करेगें। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान डीजीपी कैलाश मकवाना ने अपने उद्बोधन में विगत सिंहस्थ के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि सिंहस्थ जैसा विशाल आयोजन प्रभावी योजना, समन्वय और सतत प्रशिक्षण के माध्यम से ही सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सकता है। पुलिस बल को हर प्रकार की आपात स्थिति के लिये तैयार रहना है। तकनीक का अधिकतम उपयोग कर जन सहयोग को प्राथमिकता देने की आवश्यकता रहेगी। उद्बोधन में उन्होने उज्जैन पुलिस द्वारा की जा रही तैयारियों की सराहाना की। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों के आवास के लिये निर्मित विशेष सिंहस्थ आवासीय भवन का लोकापर्ण किया, जहां प्रशिक्षण के लिये बाहर से आने वाले अधिकारियों को उच्च स्तरीय सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। वहीं सिंहस्थ साइबर वारियर्स योजना पोर्टल का अनावरण किया। यह पोर्टल डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से साइबर मॉनिटरिंग, अफवाह नियंत्रण एवं त्वरित सूचना आदान-प्रदान को सुनिश्चित करेगा।

**सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन रणनीति लागू**

उज्जैन पुलिस द्वारा की जा रही तैयारियों में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) ड्रोन सर्विलांस और साइबर वारियर्स पोर्टल के साथ बहु स्तरीय सुरक्षा-भीड़ प्रबंधन रणनीति लागू की गई है। जिसमें पुलिस बल की तैनाती योजना, यातायात एवं ट्रैफिक प्रबंधन, भीड़ प्रबंधन, रेलवे भीड़ प्रबंधन, आवागमन मार्गों की जानकारी, होल्ड-अप एवं डायवर्जन सिस्टम, पुलिस बल के लिए लॉजिस्टिक व्यवस्था, आधुनिक तकनीक का उपयोग शामिल है। इस सबका प्रशिक्षण राज्यभर से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिये आने वाले पुलिस अधिकारियों (मास्टर ट्रेनर्स) को दिया जायेगा। सिंहस्थ अवधि में करो?ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा अपनी रणनीति तैयारियां शुरू कर दी गई है।

**कार्यक्रम में शामिल रहे अधिकारी**

ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स शुभारंभ कार्यक्र में ए. साई मनोहर (अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, इंटेलिजेंस), राजाबाबूसिंह (अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण), राकेश गुप्ता (अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, उज्जैन जोन), नवनीत भसीन (उप पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन), पुलिस अधीक्षक उज्जैन प्रदीप शर्मा और अलग-अलग जिलों से आए प्रशिक्षणार्थी अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ डीआईजी नवनीत भसीन द्वारा अतिथियों और अधिकारियों के स्वागत उद्बोधन के साथ किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के संबंध में विस्तृत एवं तथ्यात्मक प्रस्तुतीकरण दिया गया।

**एडीजी ने चुनौतीपूर्ण मुद्दो का किया उल्लेख**

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) ने अपने उद्बोधन में सिंहस्थ 2026 के दौरान आई व्यावहारिक चुनौतियों जैसे भीड़ का अचानक बढ़ना, यातायात दबाव एवं समन्वय संबंधी मुद्दों का उल्लेख करते हुए आगामी आयोजन के लिये बेहतर योजना और समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया गया। राजाबाबु सिंह एडीजी प्रशिक्षण द्वारा भी प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपयोगिता, उसकी संरचना एवं पुलिस बल की दक्षता बढ़ाने में उसकी भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।

## दिवंगत आरक्षक का 7 वर्षीय पुत्र बना बाल आरक्षक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नीमच के दिवंगत आरक्षक के 7 वर्षीय पुत्र को उज्जैन में बाल आरक्षक के रूप में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। आरक्षक का 10 माह पहले निधन हुआ था।



12 जून 2025 को नीमच में पदस्थ आरक्षक मयंक गिरवाल का 32 साल की अल्पआयु में निधन हो गया था। मयंक सेवाकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासित और समर्पित पुलिसकर्मी के रूप में पहचाना जाता था। मयंक के निधन पर परिवार की स्थिति को देखते हुए उनकी पत्नी अर्चना गिरवाल ने 7 वर्षीय पुत्र वंश को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के लिये आवेदन प्रस्तुत किया था। लेकिन नीमच में पद रिक्त नहीं होने पर पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन ने पुलिस अधीक्षक उज्जैन प्रदीप शर्मा को प्रकरण भेजा, ताकि नियुक्ति शीघ्र पूर्ण की जा सके।

बुधवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की उज्जैन में मौजूदगी के बावजूद पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने प्रकरण को प्राथमिकता देते हुए दिवंगत आरक्षक के परिजनों के उपस्थित होने पर कार्यालय के स्थापना लिपिक नितिन वर्मा को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय बुलाकर सभी दस्तावेजी प्रक्रिया को पूर्ण कराई और 7 वर्षीय वंश को बाल आरक्षक पद पर अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया। विदित हो कि पुलिस विभाग में सेवा देने वाले पुलिसकर्मियों को परिवार का हिस्सा मानते हुए पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान सबसे अधिक दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिवार को अनुकंपा नियुक्त प्रदान करने में अपनी भूमिका निभा रहे है।

## दर्शन के बाद डीजीपी ने देखी मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था



**उज्जैन।** पुलिस विभाग के मुखिया डीजीपी बुधवार को ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का शुभारंभ करने उज्जैन पहुंचे थे। इस दौरान उन्होने बाबा महाकाल के दर्शन किया और मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीजीपी कैलाश मकवाना पुलिस सामुदायिक भवन में आयोजित अभियान शुभारंभ कार्यक्रम के बाद शाम को बाबा महाकाल के दर्शन करने मंदिर पहुंचे थे। उन्होने सपत्नी नंदी हॉल से बाबा के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मंदिर समिति की ओर से डीजीपी का शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान उज्जैन रेंज के आईजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा, सीएसपी राहुल देशमुख मौजूद थे। दर्शन के बाद डीजीपी ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संतुष्ट नजर आये।

## बाल विवाह की शिकायत ने युवक को पहुंचाया अस्पताल

**उज्जैन।** बाल विवाह की शिकायत करना युवक को उस वक्त भारी पड गया, जब नाबालिग के परिजनों ने मिलने के बहाने बुलाकर युवक और उसके दोस्त के साथ बुरी तरह मारपीट की। पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया है।

नानाखेडा थाना एएसआई राजेश जाट ने बताया कि ग्राम नवाखेडा में घायल हालत में पडे युवक सीताराम पिता राजीव मालवीय 20 साल निवास बापूनगर की सूचना मिलने पर उसे डायल 112 चरक अस्पताल लेकर पहुंची थी। घायल के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि वह इंदौररोड स्थित होटल में काम करता था। होटल में काम के दौरान नवाखेडा की नाबालिग से पहचान हुई थी। उसने बताया कि परिवार उसका सामूहिक सम्मेलन पीथमपुर में विवाह कर रहा है। वह शादी करना नहीं चाहती है। सीताराम ने मामले की शिकायत महिला बाल विकास आयोग से कर दी। मंगलवार को पीथमपुर में नाबालिग का विवाह होना था। लेकिन बाल विकास की टीम ने जांच के बाद बाल विवाह रूकवा दिया। परिजनों को शिकायतकर्ता की जानकारी मिली तो उन्होने नाबालिग की मदद से मंगलवार रात उसे तपोभूमि के पास बुलाया। जहां सीताराम अपने दोस्त विशाल के साथ पहुंचा। तभी नाबालिग के परिजन आये और सीताराम के साथ मारपीट शुरू कर दी। विशाल ने बचाव का प्रयास किया तो उसे भी पीटा और सीताराम को अपनी गाडी में बैठाकर नवाखेडा ले गये। जहां नाबालिग के पूरे परिवार ने बुरी तरह पीटा और डायल 112 को कॉल कर दुर्घटना में घायल होने की जानकारी देकर अस्पताल भेज दिया। एएसआई जाट के अनुसार घायल के बयान दर्ज कर मामले में नवाखेडा की तीन से चार महिलाओ, नाबालिग के भाई राजा और गौरव के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

## महिला को भेजा जेल, युवक 3 दिन की रिमांड पर

### चैकिंग में उन्हेल पुलिस बरामद की थी ड्रग्स

**उज्जैन।** चैकिंग के दौरान उन्हेल पुलिस ने बाइक पर सवार महिला और युवक को रोका तो भागने का प्रयास करने लगे। दोनों को पकड़ा गया और युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से 55.47 ग्राम ड्रग्स बरामद हो गई। महिला को जेल भेज युवक को 3 दिनों की रिमांड पर लिया है।

उन्हेल थाना पुलिस ने बताया कि इंगोरिया चौपाटी पर वाहन चैकिंग पाइंट लगाया गया था। इस दौरान नागदा की ओर से बिना नम्बर की बाइक पर एक युवक और महिला आते दिखाई दिये। बाइक को रोकने का प्रयास किया तो युवक ने रास्ता बदलकर भागने का प्रयास किया। शंका होने पर चैकिंग पाइंट पर तैनात पुलिसकर्मियों ने पीछा कर दोनों को पकड़ा और पूछताछ शुरू की। युवक ने अपना नाम सोहेल पिता मोहम्मद अनवर 34 साल निवासी बेगमबाग उज्जैन और महिला ने रूबीना पति अजहर सैय्यद 36 साल निवासी महिदपुर बताया। पुलिस ने बाइक संबंधित दस्तावेज मांगे और तलाशी ली तो उनके पास से 55.47 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। जहां से महिला को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सोहेल को 3 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। बताया जा रहा है कि सोहेल रतलाम से ड्रग्स लेकर आता था और सप्लाई करता था। महिला उसकी सहयोगी है। सोहेल के खिलाफ महाकाल थाना उज्जैन में कई अपराधिक मामले भी दर्ज है।

## वर्धमान ग्रुप उज्जैन ने कश्मीर पहुंचकर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** पिछले वर्ष 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए भारतीय पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए उज्जैन का वर्धमान ग्रुप पहलगाम पहुंचा। यहां सदस्यों ने घटनास्थल पर पहुंचकर दो मिनट का मौन रखा और दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

वर्धमान ग्रुप के अध्यक्ष हितेष तनु बड़जात्या एवं सचिव राजेश नमिता लुहाड़िया ने बताया कि इस अवसर पर ग्रुप के कुल 100 दंपति सदस्य वहां उपस्थित थे। वहीं, अध्यक्ष पंकज रेणु जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से योगेन्द्र बड़जात्या, शैलेंद्र जैन, सुनील बुखारिया, दीपक जैन, विवेक जैन, राहुल जैन और पंकज नीतू जैन पहलगाम में उपस्थित थे।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ जाहिरसूचनाकर्ता के द्वारा श्रीमती मनुबाई पति स्व. श्रीरामलालजी मालवीय, निवासी-ई.डब्ल्यू.एस. 410/610 पानी की टंकी के पीछे इंदिरा नगर, आगर रोड, उज्जैन के स्वत्व स्वामित्व का एक भूखंड जो कि सर्वे नंबर 1823 रकबा 3.208 का भाग होकर कस्बा उज्जैन हरिस्वामी मार्ग उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन प.ह.नं. 24 में होकर नगर पालिक निगम, उज्जैन म.प्र. में स्थित है। उक्त भूखंड की साईज चौड़ाई 30 फीट होकर लंबाई 50 फीट है। जिसका कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट अर्थात 139.29 वर्गमीटर है। मुझ जाहिर सूचनाकर्ता ने उक्त भूखंड को क्रय करने का सौदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाकर बयाना राशि अदा कर दी गई तथा अब उक्त भूखंड का विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूखंड पर किसी बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक, संस्था, सहकारी संस्था या किसी निकाय या किसी व्यक्तिगत ऋण या साहूकारी ऋण हो या उक्त भूखंड को विक्रय करने में किसी को आपत्ति हो या उक्त भूखंड पर किसी का कब्जा हो या पूर्व में कोई अनुबंध संपादित हुआ हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मय दस्तावेज प्रमाण के मुझ जाहिर सूचनाकर्ता से संपर्क कर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें। जिससे की उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के बाद मुझ जाहिर सूचनाकर्ता के द्वारा स्वयं या अपने परिवार के किसी भी व्यक्ति के हित में उक्त भूखंड का विक्रय-पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन करवा लिया जावेगा और किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 22/04/2026

**नीरज जैन पिता श्री पारसचंद्रजी जैन**
**पता-ई-32, तिरूपति सेफरॉन कॉलोनी**
**एम.आर.-5 रोड, के पास उज्जैन मो. 9752505334, 8770377179**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. किशनलाल पिता गोपीलाल भाम्बी 2. राहुल पिता किशनलाल भास्बी 3. आनंद बारूपाल पिता किशनलाल भाम्बी निवासीगण ग्राम सोडग तहसील घटिया जिला उज्जैन 4. आरती पिता किशनलाल भाम्बी पति नंदलाल वर्मा निवासी ग्राम चंद्रावतीगंज तहसील सांवेर जिला इंदौर से उनके स्वामित्व एव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 278/1 रकबा 0. 40 हेक्टर में से रकबा 0.20 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम रामगढ़ तहसील घटिया जिला उज्जैन मे स्थित है को उनसे मय जमीन तला, हवाई हक सहित कय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदाकर उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन मेरे पक्षकार अपने हित में करवाने जा रहे है। उक्त भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो अथवा उक्त भूमि किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण: भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से 1 (एक) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 22.04.2026 समय सुबह 11 से 6 बजे तक

**संजय बसंल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र पूराने आर.टी.ओ. कार्यालय के पीछे देवास रोड उज्जैन मो. 98277-92292**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पदाकारा पूजा बामनिया के पति धर्मेन्द्र पिता श्री मोहनलाल निवासी ग्रास पक्षवा नहसील महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की पैतृक संपत्ति भूमि सर्व नबर 903 रकबा 0.57 आरे में से 0.38 आरे ग्राम पलवा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित है। मेरी पक्षकारा के पति धमेन्द्र आदतन शराबी प्रवृत्ति का व्यक्ति है उक्त संपत्ति में से 0.38 आरे भूमि को मेरी पक्षकारा विक्रय नहीं करने देना चाहती हूं क्योंकि मेरी पक्षकारा के दो छोटे छोटे बच्चे है जो कि अध्ययनरत है। मेरी पक्षकारा के पति को रतनलाल व राजाराम निवासीगण ग्राम ढाबला गोरी तहशील घट्टिया जिला उज्जैन बहला फुसलाकर मेरी पक्षकारा के पति की उक्त भूमि को विक्रय करवा कर उनसे राशि हडप करना चाहते है तथा मेरी पक्षकारा के पति को अधिक मात्रा में शराब पीलाते रहते है तथा भूमि विक्रय कर दी गई तो मेरी पक्षकारा व उसके बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जायेगा तथा मेरी पक्षकास को उसका व उसके बच्चों का भरण पोषण करने में कठिनाई उत्पन्न हो जायेगी मरी पक्षकारा के पति द्वारा उक्त भूमि को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है जबकि उक्त भूमि 0.38 आरे में मेरी पक्षकारा पति के साथ मेरी पक्षकारा व उसके बच्चों का भी स्वामित्व एवं आधिपत्य है, यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति द्वारा क्रय करने संबंधित अनुबंधीत करें तो उसकी समस्त जवाबदारी संबंधित व्यक्ति व संस्था की रहेगी तथा सूचनाकर्ता पर इस प्रकार का कोई भी संव्यवहार बंधनकारीक नहीं होगा, उक्त वर्णित भूमि 0.38 आरे को किसी भी व्यक्ति, संस्था क्रय न करें, सूचित हो । इति दिनांक 22-04-2026 उज्जैन

**भवरलाल वर्मा एडवोकेट एय शपथ आयुक्त**
**निवासी 43. दी. मोहन नगर अगर रोड**

# साधना में संतुलन



आध्यात्मिक जीवन में आत्म–शुद्धि कोई सहज या आकस्मिक उपलब्धि नहीं है; इसके लिए सतत प्रयास आवश्यक है। यही प्रयास साधना कहलाता है। साधना केवल पूजा या उपदेश सुनने तक सीमित नहीं, बल्कि यह एक समग्र प्रक्रिया है, जिसमें मन, बुद्धि और कर्म, तीनों का संतुलित समन्वय होता है। वास्तव में, वही साधना श्रेष्ठ है, जिसमें तीनों आयाम– ज्ञान, भक्ति और कर्म, एक साथ उपस्थित हों।

यदि साधना में केवल ज्ञान या चर्चा रह जाए, तो वह अधूरी रह जाती है। सिर्फ बोलना, सुनना या शास्त्रों का अध्ययन करना आत्म–साक्षात्कार का मार्ग नहीं बन सकता। जैसे, यह कह देने भर से कि रसगुल्ला मीठा होता है, उसके स्वाद का अनुभव नहीं हो सकता, वैसे ही केवल ज्ञान के आधार पर ब्रह्म को नहीं जाना जा सकता। स्वाद के लिए रसगुल्ला को स्वयं चखना पड़ता है, वैसे ही ब्रह्म को जानने के लिए साधना करनी ही पड़ती है। शास्त्रों में स्पष्ट कहा गया है– नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो अर्थात आत्मा केवल प्रवचन, बुद्धि या अधिक सुनने से प्राप्त नहीं होती। इसका सीधा अर्थ है कि केवल वाक्चातुर्य या बौद्धिक कौशल से आध्यात्मिक सत्य को नहीं पाया जा सकता। आज के समय में भी हम अनेक ऐसे लोगों को देखते हैं, जो आध्यात्मिक विषयों पर लंबी–लंबी बातें करते हैं, परंतु स्वयं साधना से दूर रहते हैं। यह प्रवृत्ति व्यक्ति को ज्ञान के भ्रम में तो रखती है, उसे वास्तविक अनुभव से दूर कर देती है। अक्सर ज्ञान के साथ अहंकार जुड़ जाता है। जब व्यक्ति अपने ज्ञान को ही सब कुछ मानने लगता है, तब उसका अहंकार बढ़ने लगता है। यही अहंकार उसके लिए बंधन का कारण बन जाता है। वह अपने छोटे–से ह्यमैंह्न को बड़ा समझने लगता है और अनावश्यक बोझ अपने ऊपर लाद लेता है। यह बोझ उसे मुक्ति की ओर नहीं, बल्कि सुख–दुख के चक्र में उलझाए रखता है। साधना का वास्तविक मार्ग भक्ति से होकर गुजरता है। ईश्वर–कृपा केवल उसी पर होती है, जिसके हृदय में सच्ची भक्ति होती है। यह कृपा किसी के भाषण, ज्ञान या बाहरी आडंबर से प्रभावित नहीं होती। महर्षि नारद ने भी कहा है कि भगवान की प्राप्ति या तो उनकी कृपा से होती है या किसी महापुरुष की कृपा से। यह कृपा साधक के भीतर विनम्रता व समर्पण के भाव से ही उत्पन्न होती है। यह समझना आवश्यक है कि आत्मा की प्राप्ति कमजोर, आलसी या असावधान व्यक्ति के लिए संभव नहीं है। जो व्यक्ति ज्ञान, भक्ति व कर्म के संतुलन के साथ साधना करता है, वही ब्रह्म के साक्षात्कार की ओर बढ़ता है। साधना जीवन का वह अनुशासित मार्ग है, जो व्यक्ति को बाहरी ज्ञान से उठाकर आंतरिक अनुभव तक पहुंचाता है। यही अनुभव उसे मुक्ति की ओर ले जाता है।



सम्पादकीय

## समाधान पर संशय

अमेरिका और ईरान के बीच इस्लामाबाद में दूसरे दौर की बातचीत शुरू होने से पहले जैसी तनातनी देखने को मिली है, उससे इस वार्ता के कामयाब होने को लेकर गंभीर आशंकाएं पैदा हो गई हैं। वैसे भी, जब दो पक्ष सुलह तलाशने को लेकर ईमानदार पहल करते हैं, तो उनकी भाषा में संयम और दूसरे पक्ष की अनुचित बात को भी दरगुजर करने की भावना झलकती है, मगर यहां तो न राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तेवर ढीले पड़ रहे हैं, और न ही तेहरान की प्रतिक्रिया में कोई नरमी दिख रही है। वह भी तब, जब 8 अप्रैल से जारी अस्थायी युद्ध–विराम की मियाद कल खत्म होने वाली है। निस्संदेह, दूसरे दौर की इस वार्ता पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हैं और यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि 28 फरवरी से, जब से यह जंग छिड़ी है, पश्चिम एशिया से तेल व गैस की आपूर्ति बाधित होने के कारण सरकारों को अपने यहां पेट्रो उत्पादों के दाम बढ़ाने पड़े हैं और उन पर दिन–ब–दिन दबाव बढ़ता जा रहा है। 15 दिनों के अस्थायी युद्ध–विराम से इन देशों ने न सिर्फ राहत की सांस ली थी, बल्कि एक उम्मीद भी बनी कि युद्ध से अकुलाए दोनों पक्ष कोई स्थायी समाधान निकाल लेंगे, मगर अब तक ऐसा नहीं हो सका है।

इस वार्ता के भविष्य को लेकर आशंकित होने का एक आधार यह भी है कि 11 अप्रैल को चार घंटे तक चली बातचीत नाकाम हो गई थी, क्योंकि दोनों पक्ष अपनी शर्तों पर लचीला रुख अपनाने को तैयार न थे। तथ्य यह भी है कि इस बातचीत के मेजबान–मध्यस्थ देश का न अपना वजन है और न अपनी तटस्थ भूमिका। तेहरान समेत पूरी दुनिया को पता है कि पाकिस्तानी हुक्मरां वाशिंगटन के इशारे पर तमाम कसरत करते हैं। इस समय भी इस्लामाबाद महज एक पोस्टमैन की भूमिका में है। न वह तेहरान पर किसी तरह का दबाव डालने की हैसियत में है, न वाशिंगटन को नाराज करने की हिमाकत वाली स्थिति में ही। विडंबना यह है कि संवर्द्धित यूरेनियम को हासिल करने के नाम पर शुरू हुए युद्ध का मुख्य मुद्दा अब होर्मुज जलमार्ग बन गया है। दुनिया के देश अमेरिका से खफा हैं कि उसके कारण उनकी अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान उठाना पड़ रहा है और तेहरान को भी स्वाद लग गया कि होर्मुज मार्ग पर एकाधिकार परमाणु बम रखने से कम अहम नहीं है। इस जंग ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान की नागरिक सरकार महज मुखौटा है। जिस तरह फील्ड मार्शल मुनीर को वाशिंगटन और तेहरान में तवज्जो मिल रही है

### संदर्भ:- महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को नहीं मिला बहुमत

## नारी शक्ति के प्रतिनिधित्व को अस्वीकारने की भूल

संसदीय विपक्ष ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़े संविधान संशोधन परिसीमन और केंद्र शासित क्षेत्र कानून संशोधन विधेयकों को अस्वीकारने की बड़ी भूल कर दी है। नरेंद्र मोदी जब से केंद्रीय सत्ता का नेतृत्व कर रहे हैं, तभी से लगातार उन्हें चुनावों में नारियों ने बढ़-चढ़कर समर्थन दिया है। इसी कारण न केवल मोदी लोकसभा में तीसरी बार बहुमत लाने में सफल रहे बल्कि भाजपा और राजग गठबंधन के सहयोगी दलों को विधानसभाओं में भी विजय दिलाने में सफल हुए हैं। इन विधेयकों पर लगातार 21 घंटे चर्चा हुई इसके बाद मतदान की बारी आई। सत्ता पक्ष को 528 मतों में से 298 मत मिले, जबकि विरोध में 230 मत डाले गए। अतएव किसी भी संशोधन के लिए जरूरी दो तिहाई बहुमत राजग को नहीं मिला। इस बहुमत के लिए 352 मतों की जरूरत थी। अंततः नतीजा रहा कि संशोधन विधेयक पारित नहीं हो सका। इस विधेयक को लाने की तीन दशक से चल रही कोशिश एक बार फिर लटक गई।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

इस परिणाम के चलते 2029 के लोकसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा नहीं मिल पाएगी, क्योंकि सरकार ये संशोधन इसलिए ला रही थी, ताकि आरक्षण जल्द से जल्द लागू हो सके। फिलहाल नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 लागू है। इसमें प्रावधान है कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण अगली जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन के आधार पर लागू होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि जनगणना के अंतिम परिणाम 2027 में आएंगे। तब कहीं जाकर पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया संभव होगी। इस परिसीमन को लेकर ही संशोधन विधेयक अटक गए हैं। हालांकि सत्ता पक्ष ने भरोसा दिलाया था कि सीटें बढ़ेगी तभी महिलाओं के लिए आरक्षण का सही लाभ मिलेगा और सभी राज्यों में एक समान रूप से 50 प्रतिशत सीटों की बढ़ोत्तरी होगी। अमित शाह ने इस दलील को विधेयक में दर्ज करने की मंशा भी प्रकट कर दी थी।

लेकिन विपक्ष की यह आशंका बनी रही कि परिसीमन के बहाने सीटों की संरचना कुछ इस तरह से निर्धारित होगी कि भाजपा समर्थित वोट बड़ी संख्या में क्षेत्र में समा जाए। लेकिन विपक्ष को सरकार द्वारा जताया गया कोई भी फामूर्ला रास नहीं आया। दरअसल जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होता है तो दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्यों के दल प्रमुखों ने यह अंदाजा लगा लिया कि इन प्रांतों में जनसंख्या कम होने के कारण राजनीतिक रूप से वे नुकसान में रहेंगे। अतएव तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तो परिसीमन को लेकर दक्षिण में मोचार्बंदी भी शुरू कर दी थी। राज्य में काले झंडे लेकर प्रदर्शन करने का ऐलान तक कर दिया था। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने इस पहल को संघीय ढांचे को कमजोर करने और दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक आवाज को दबाने वाला कदम बता दिया था और तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा था कि इतना बड़ा संवैधानिक बदलाव सभी दलों की सहमति के बिना संभव नहीं है। इन साझा आवाजों की बुलंदी ने इन विधेयकों को पारित नहीं होने दिया। नारी शक्ति यदि वाकई इसे विपक्ष की भूल मानती है तो वर्तमान में चल रहे विधानसभा चुनावों में इसका असर असम, बंगाल और तमिलनाडु में देखने को मिल सकता है।

इन विधेयकों को अटकाने के लिए विपक्ष ने कोटे में कोटा देने का उपाय की भी मांग कर डाली। मायावती ने इस विधेयक का स्वगत करते हुए कहा कि 33 प्रतिशत कोटे में एससी-एसटी और ओबेसी की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था हो। आरक्षण के कोटे में विभिन्नि वर्गों के लिए अलग से आरक्षण लागू करने की यह बात विपक्ष ने उस समय नहीं उठाई थी, जब 2023 में इस विधेयक को लाया गया था। जबकि परिसीमन विधेयक पारित हो जाता तो सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा काम होता। क्योंकि 128वां संवैधानिक संशोधन विधेयक पारित होने के बाद संसद के दोनों सदनों से लेकर विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत तय हो जाती। विधेयक के कानून में बदलने और क्रियान्वित होने के बाद वर्तमान स्थिति के हिसाब से लोकसभा में महिलाओं के लिए 181 और राज्य विधानसभाओं में 1374 सीटें बढ़ जाती। इस समय देश में करीब 44 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन्हीं में से 2029 के लोकसभा चुनाव में महिलाएं उम्मीदवार बनाई जातीं। 2034 में क्या स्थिति बनेंगी, यह भविश्य के गर्भ में है।

दरअसल इन विधेयकों के कानून बनते ही ऐसे कई दोहरे चरित्र के चेहरे हाशिये पर चले जाएंगे, जो पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान के बहाने, गाहे-बगाहे बीते 27 साल से गतिरोध पैदा किए हुए हैं। विधेयक से असहमत दलों की हमेशा ही 33 फीसदी आरक्षण के कोटे में पिछड़े और मुस्लिम समुदायों की महिलाओं को आरक्षण की मांग बनी रही है। जबकि संविधान के वर्तमान स्वरूप में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति के समुदायों को आरक्षण की सुविधा हासिल है। ऐसे में मुस्लिम समुदाय की महिलाओं को कोटे में कोटा देना कैसे संभव है ? हमारे लोकतांत्रिक संविधान में धार्मिक आधार पर किसी भी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लिहाजा इस बिना पर मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण की सुविधा कैसे हासिल हो सकती है ?

दरअसल इस कानून के वजूद में आ जाने के बाद अस्तित्व का संकट उन काडर विहीन दलों को है, जो व्यक्ति और जाति आधारित दल हैं। इसी कारण लालू, मुलायम और शरद यादव इस बिल के विरोध में दृढ़ता से खडे.होते रहे थे। अब इसी लाइन पर राहुल गांधी, अखिलेश यादव और मायावती हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार में जातियता के बूते क्रियाशील इन यादवों की तिकड़ी का दावा रहता है कि इस अलोकतांत्रिक विधेयक के पास होने के बाद पिछड़ी व मुस्लिम महिलाओं के लिए जम्हूरियत के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो जाएंगे। जबकि उनकी वास्तविक चिंता यह नहीं है ? दरअसल 33 फीसदी आरक्षण के बाद बाहुबलि बने पिछड़े वर्ग के आलाकमानों का लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक आधार तो सिमटेगा ही, सदनों में संख्याबल की दृष्टि से भी इन दलों की ताकत घट जाएगी। अन्यथा ये सियासी दल वाकई उदार और पिछड़ी व मुस्लिम महिलाओं के ईमानदारी से हिमायती हैं, तो सभी आरक्षित सीटों पर इन्हीं वर्गों से जुड़ी महिलाओं को उम्मीदवार बना सकते हैं ?

## जब मोहल्ले का कर्जदार पंच बन जाए

आजकल अंतरराष्ट्रीय राजनीति की फिजाओं में एक अजीब सी 'खुशबू' तैर रही है। कूटनीति के बाजार में एक नया 'स्टार्टअप' खुला है, जिसका नाम है–शांति मेडिएशन सेंटर। जी हां, वही जो कल तक वर्ल्ड बैंक की दहलीज पर 'कटोरा-डेमोक्रेसी' का सबसे बड़ा ब्रांड एंबेसडर था, आज विश्व शांति का 'ठेकेदार' बनकर उभरा है। उसे दो देशों के बीच सुलह करवाने की ऐसी ललक जागी है, जैसे मोहल्ले का वो शख्स, जिस पर खुद राशन वाले का उधार बाकी हो, लेकिन वो अंबानी और अडानी के बीच जायदाद का बंटवारा करवाने की जिद ठाने बैठा हो।

इस 'मध्यस्थता के गुरुर' को देखकर समझ नहीं आता कि यह कूटनीति है या 'अस्तित्व बचाने की छटपटाहट'। घर में आटे के लिए कतारें लगी हैं, लेकिन दुनिया के मंच पर 'शांति दूत' का गाउन पहनकर ऐसे घूम रहे हैं जैसे सारा विश्व इनके 'होरमोज जलडमरूमध्य' वाले ज्ञान का प्यासा हो। असल में, जब जेब खाली हो और साख 'ग्रे-लिस्ट' वाली, तो आदमी अक्सर बड़ी-बड़ी बातें करता है ताकि कोई उसे गलती से 'महत्वपूर्ण' समझ ले। यह तो वही बात हुई कि आप अपनी बाइक में पेट्रोल डलवाने के पैसे नहीं रखते, लेकिन फॉमूर्ला-1 रेस के आयोजक बनने का दावा कर रहे हैं।

इधर सरहद के इस पार, हमारे अपने विपक्षी दिग्गजों की नींद उड़ी हुई है। उन्हें इस बात का गम नहीं कि पाकिस्तान के पास खाने को नहीं है, बल्कि उन्हें इस बात की 'टेंशन' है कि अमेरिका ने पाकिस्तान के फोन रिसीव कैसे कर लिए! विपक्ष के गलियारों में सन्नाटा कम और 'हाहाकार' ज्यादा है। जयराम बाबू और राहुल जी को लगता है कि पाकिस्तान का 'ब्रोकर' बनना मोदी जी की विदेश नीति का 'फ्लॉप शो' है।

**डॉ स्नेहलता श्रीवास्तव**

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 23 अप्रैल 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:04 सूर्यास्त 18:47
वैशाख मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - सप्तमी 20:49 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - पुर्नवशु 20:57 उपरांत पुष्य
योग - सुकर्मा 06:07 उपरांत धृति 03:32 उपरांत शूल
करण - गर
चन्द्रमा - मिथुन में है। 15:13 पर कर्क में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 05 तारिख

**मेष-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृषभ-** मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें।

**मिथुन-** शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कर्क-** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा।

**सिंह-** मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा। समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या-** थकान व कमजोरी रह सकती है। खान-पान पर ध्यान दें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी।

**तुला-** व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

**वृश्चिक-** मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं।

**धनु-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा। लाभ होगा।

**मकर-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी।

**कुंभ-** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा।

**मीन-** किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यापार ठीक चलेगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

## जिनके हाथों में आतंक की चिंगारी, वही अब शांति की मशाल लिए नाच रहे

पिछले कुछ वर्षों का वैश्विक परिदृश्य किसी जीवंत त्रासदी से कम नहीं रहा। दुनिया ने युद्धों को केवल इतिहास की पुस्तकों में नहीं, बल्कि लाइव प्रसारण के रूप में देखा और उसके दंश को प्रत्यक्ष रूप से भोगा। विडंबना यह है कि जिन राष्ट्रों का इन संघर्षों से प्रत्यक्ष सरोकार नहीं था, वे भी महँगाई, ऊर्जा-संकट और पर्यावरणीय क्षति के रूप में इस वैश्विक युद्ध-कर को चुकाने के लिए विवश हैं। इन युद्धों के पीछे विस्तारवाद, वैश्विक वर्चस्व की होड़, परमाणु शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा और नाटो जैसे संगठनों में शामिल होने की प्रतिस्पर्धा स्पष्ट दिखाई देती है। कुछ विश्लेषक इन्हें ग्लोबल वेपन एक्सपो तक कहने लगे हैं, जहाँ महाशक्तियाँ अपने हथियारों का प्रदर्शन करते हुए कमजोर देशों को टेस्टिंग ग्राउंड में बदल रही हैं। इस बाजारवादी युग में मानवता और प्रकृति दोनों ही कोलेटरल डैमेज बनकर रह गए हैं।



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

वर्तमान में ईरान, अमेरिका और इजराइल का त्रिकोण वैश्विक चिंता का केंद्र बना हुआ है। अमेरिका और इजराइल लंबे समय से ईरान पर हिज्बुल्लाह, हमास और हूती जैसे संगठनों को समर्थन देने का आरोप लगाते रहे हैं। यह भी कहा जाता है कि ईरान इन संगठनों के माध्यम से पश्चिम एशिया में अपना प्रभाव बनाए रखना चाहता है। यूरेनियम संवर्धन के सहारे क्षेत्रीय महाशक्ति बनने की उसकी आकांक्षा है।

हालिया सैन्य कार्रवाइयों में अमेरिका और इजराइल ने ईरान की सैन्य ताकत को बहुत ज्यादा क्षति पहुँचाई है, फिर भी ईरान पीछे हटने को तैयार नहीं है,हार मानने के लिए राजी नहीं। अपितु हॉर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से वैश्विक व्यापार को प्रभावित कर उसने अपनी सामरिक ताकत का प्रदर्शन किया है। इस नई व्यवस्था का प्रभाव अब लगभग पूरे विश्व पर दिखाई दे रहा है-आर्थिक दबाव, जन असंतोष और युद्ध-विरोधी स्वर तेजी से उभर रहे हैं। यही कारण है कि आक्रामक शक्तियाँ अब सम्मानजनक शांति की राह तलाश रही हैं।

इस परिदृश्य का सबसे विडंबनापूर्ण पक्ष तब सामने आता है, जब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई का दावा करने वाला अमेरिका, ईरान से संवाद के लिए पाकिस्तान को मध्यस्थ बनाता है। वही पाकिस्तान, जो लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों की पनाहगाह रहा है। ओसामा बिन लादेन को शरण देने वाले देश के माध्यम से शांति की पहल, अंतरराष्ट्रीय राजनीति के नैतिक द्वंद्व को उजागर करती है। यह स्थिति कई प्रश्न खड़े करती है,क्या आतंकवाद की परिभाषा देश,काल,परिस्थितियों के अनुसार बदलती रहती है? क्या वैश्विक शक्तियाँ अब सिद्धांतों के बजाय स्वार्थों से संचालित हो रही हैं? यदि आतंक की फैक्ट्री ही शांति का शोरूम खोलने लगे, तो यह मान लेना चाहिए कि आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष कहीं न कहीं केवल दिखावा बनकर रह गया है।

पाकिस्तान में आयोजित शांति वार्ता का विश्लेषण बताता है कि अमेरिका प्रतिबंधों की तलवार और शांति के प्रस्ताव दोनों के साथ इस वार्ता में उपस्थित हुआ, जबकि ईरान ऐस तरह से शर्तें रखी, मानो वह पराजित नहीं, बल्कि निर्णायक स्थिति में हो। यह पूरी प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की जटिलता और अवसरवादिता को दशार्ती है। वहीं इजराइल ने इस प्रक्रिया से स्वयं को अलग रखते हुए संकेत दिया है कि बारूद की गंध के बीच शांति संभव नहीं। वहीं चीन और रूस जैसे महाशक्तियां इस पूरे घटनाक्रम में ऊपर से मौन दर्शक बने रहकर रणनीतिक लाभ लेने की स्थिति में हैं,अपना उल्लू सीधा करते हुए दिखाई देते हैं।

समसामयिक

## महिला आरक्षण की फिर वही परिणति क्यों

लगभग 12 वर्षों के शासनकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के लिए यह पहला अवसर है जब कोई विधेयक पारित होने से लोकसभा में वंचित रह गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घोषणा किया कि विधेयक के पक्ष में 298 तथा विरोध में 230 मत पड़े। हालांकि सदन के बहुमत में विधायक के पक्ष में वोट डाला किंतु संविधान संशोधन विधेयक होने के कारण दो तिहाई बहुमत यानी चाहिए था और इसलिए यह पारित नहीं हो सका। यानी कुल 528 लोकसभा सदस्य उपस्थित थे तो 352 सदस्यों का समर्थन चाहिए था वैसे उपस्थिति से 34 ज्यादा सांसदों ने सरकार के पक्ष में वोट डाला। अगर सामान्य विधेयक होता तो पारित हो गया होता। 1996 से महिलाओं को लोकसभा और राज्य की विधानसभा में आरक्षण देने का मामला लटका हुआ है और विरोधी किसी न किसी बहाने इसमें अड़चन डालते आ रहे हैं। किसी का तर्क कुछ भी हो निष्कर्ष यही है वही प्रक्रिया फिर दोहराई गई है। अब इसमें गुणात्मक अंतर यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने सितंबर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से 33% महिलाओं के आरक्षण का कानून संसद द्वारा पारित करवा लिया है। इसलिए उसको लागू तो होना है। किंतु अब विधेयक के गिर जाने से 2029 लोकसभा चुनाव में यह लागू नहीं हो सकता। इसके लिए हमें 2034 की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।



अवधेश कुमार
(दैनिक अवन्तिका)

दरअसल, 2023 के अधिनियम में यह प्रावधान था कि अगली जनगणना और फिर परिसीमन हो जाने के बाद इसे लागू किया जाएगा। तब अनुमान यह था कि जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया 2029 तक पूरी हो चुकी होगी इसलिए इसे लागू करने में समस्या नहीं होगी। चूंकि यह पूरी नहीं हुई तो नरेंद्र मोदी सरकार ने इसे संविधान संशोधन के जरिए तत्काल लागू करने का रास्ता चुना। पूरे प्रकरण का कठोर सच यह है कि इन तीनों विधेयकों में ऐसा कुछ नहीं था जिसको आशंका की दृष्टि से देखा जाए और जिसका इस सीमा तक विरोध हो कि काले झंडे और काले बिल्ले तक पार्टियां व सांसद लगा लें। इनमें संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 लोकसभा की सीटों की अधिकतम संख्या को बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान करता था जिनमें राज्यों के लिए 815 और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 35 सीटें थीं। दूसरा,परिसीमन विधेयक, 2026 नई जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण के लिए परिसीमन आयोग के गठन का प्रावधान करता था। और तीसरा,केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी जैसे केंद्र शासित प्रदेशों में महिला आरक्षण लागू करने के लिए था। विपक्ष का मुख्य विरोध पहले विधेयक से था। वस्तुतः संसद का विशेष सत्र आरंभ होने के पहले ही विपक्ष ने अविश्वसनीय रूप से विरोधी रख अपनाकर अपने संसदीय व्यवहार का संकेत दे दिया था। विपक्ष के सभी नेताओं ने, जिनमें महिला सांसद भी शामिल हैं नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन संबंधी विधेयकों का जैसा विरोध किया उसमें साफ हो गया कि इनका पारित होना संभव नहीं है। भाजपा के मंत्रियों ने विपक्ष के नेताओं से बात करनी शुरू की। स्वयं प्रधानमंत्री ने दो पोस्ट से अपील की। इसके पहले वे अपने भाषण में अपील कर चुके थे कि श्रेय आप लोग ले लीजिए लेकिन महिला आरक्षण में बाधा मत बनिए। उन्होंने यहां तक कहा कि मैं इसके लिए तैयार हूं कि कल आप सबकी तस्वीर समाचार पत्रों में छपवाकर श्रेय दूंगा। लेकिन विपक्ष पहले से मन बनकर बैठा था। उन्होंने अपनी अपील में लिखा कि अपने घर में मां-बहन- बेटी -पत्नी सबको देखिए और उनके अधिकार के लिए विचार कर मतदान करिए।

धर्म–आस्था

## आधी साड़ी का पुण्य, अधर्म पर विजय का सत्य

भारतीय संस्कृति में धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि व्यवहार, संवेदना और कर्म का जीवंत रूप है। जब करुणा, दया और सहायता जैसे गुण जीवन में उतरते हैं, तभी धर्म सार्थक होता है। महाभारत का एक प्रसंग इसी सत्य को गहराई से प्रकट करता है, जिसमें एक साधारण-सा त्याग असाधारण फल देता है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

एक बार द्रोपदी यमुना स्नान के लिए गईं। स्नान के दौरान उनकी दृष्टि एक साधु पर पड़ी, जिसके शरीर पर मात्र एक लंगोटी थी और दूसरी किनारे रखी हुई थी। अचानक तेज हवा चली और वह बह गई। जो एकमात्र वस्त्र शरीर पर था, वह भी भीगकर फट गया। साधु असहाय होकर झाड़ी के पीछे छिप गया। भीड़ बढ़ रही थी और उजाला फैल रहा था, उसकी स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई।

द्रोपदी ने इस दृश्य को देखा और साधु की पीड़ा को अनुभव किया। उनके पास अतिरिक्त वस्त्र नहीं था, फिर भी उन्होंने अपनी साड़ी का आधा भाग फाड़ लिया। आधे से स्वयं को ढका और शेष आधा साधु को देकर उसकी लज्जा की रक्षा की। साधु की आंखों में कृतज्ञता के आंसू थे। उसने मन ही मन आशीर्वाद दिया, और यह घटना समय के साथ स्मृति में धुंधली हो गई।

परंतु धर्म का लेखा-जोखा कभी धुंधला नहीं होता। समय बीता, और वही द्रोपदी कौरव सभा में अपमान का सामना कर रही थीं। जुए में पराजय के बाद उन्हें दांव पर हार दिया गया। दुशासन ने उन्हें सभा में बुलाकर उनकी मयार्दा भंग करने का प्रयास किया। उस असहाय क्षण में द्रोपदी ने ईश्वर का स्मरण किया।

कहा जाता है कि जब मनुष्य अपनी सीमा पर पहुंच जाता है, तब ईश्वर की कृपा आरंभ होती है। द्रोपदी की पुकार के साथ उनके पूर्व कर्म भी जाग्रत हुए। जब उनके पुण्य का लेखा देखा गया, तो वही आधी साड़ी का दान एक विराट संरक्षण बनकर सामने आया। दुशासन वस्त्र खींचता रहा, पर वस्त्र समाप्त नहीं हुआ। वह थक गया, पर वस्त्र बढ़ता गया और द्रोपदी की लाज सुरक्षित रही।

यह प्रसंग केवल एक चमत्कार की कथा नहीं, बल्कि कर्म और फल के अटल सिद्धांत का प्रमाण है। जो हम करते हैं, वही हमारे पास लौटकर आता है–कभी सूक्ष्म रूप में, कभी विराट रूप में। एक छोटी-सी करुणा, एक निस्वार्थ सहायता, समय आने पर जीवन की सबसे बड़ी ढाल बन जाती है।

आज के समाज में यह शिक्षा और भी प्रासंगिक हो जाती है। अक्सर देखा जाता है कि लोग अपने स्वार्थ के लिए मधुर वचन बोलते हैं, सहायता लेते हैं, उधार लेते हैं, और कार्य पूर्ण होने के बाद अपने वचनों से मुकर जाते हैं। यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे व्यक्ति के चरित्र को खोखला कर देती है। ऐसे कर्म भले ही तत्काल लाभ दे दें, पर अंततः वे व्यक्ति को पतन की ओर ले जाते हैं।

इतिहास साक्षी है कि चाहे वह दुशासन हो, कंस हो या रावण–सत्ता, शक्ति और वरदान होने के बावजूद उनका अंत अधर्म के कारण ही हुआ। दूसरी ओर, जो व्यक्ति सत्य, परिश्रम और निष्ठा के मार्ग पर चलता है, वह कठिन परिस्थितियों में भी अंततः विजय प्राप्त करता है।

धर्म हमें यही सिखाता है कि सहायता करने वाले को कभी धोखा न दें। जिसने संकट में साथ दिया, उसका सम्मान करना ही सच्चा धर्म है। क्योंकि जब हम किसी का विश्वास तोड़ते हैं, तो वास्तव में हम अपने ही भाग्य को कमजोर कर देते हैं।

भाग्य कोई स्थिर वस्तु नहीं है, वह हमारे कर्मों के अनुसार प्रतिदिन बदलता है। ईश्वर केवल साक्षी होते हैं, वे उसी का साथ देते हैं जो अपने कर्म से योग्य बनता है। मनुष्य का कर्म ही उसकी ढाल है, और बिना कर्म के ईश्वर की कृपा भी निष्फल हो जाती है।

अतः आवश्यक है कि हम अपने आचरण को शुद्ध रखें, अपने वचनों का सम्मान करें और दूसरों की सहायता को अपना कर्तव्य समझें। क्योंकि जीवन की सच्चाई यही है–जब हम किसी की लाज बचाते हैं, तब ईश्वर हमारी लाज बचाने का मार्ग स्वयं बना देते हैं।

### इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,53,300, रवा- 1,53,200 चांदी- टंच- 2,45,500 पाट- 2,45,000।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

ऑपरेशन मुस्कान के तहत कालीपीठ पुलिस की कार्यवाही

## अपहृत नाबालिग बालिका को ढूंढ कर परिजनों के सुपुर्द किया

**राजगढ़-ब्यावरा।** पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत थाना कालीपीठ पुलिस ने दक्षता का परिचय देते हुए अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल ढूंढकर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। जिला राजगढ़ में गुमशुदा एवं अपहृत नाबालिगों की खोज सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक ने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं। थाना प्रभारी कालीपीठ उप निरीक्षक जितेन्द्र अजनारे के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही की गई। फरियादी द्वारा थाना कालीपीठ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग बहन बिना बताए घर से कहीं चली गई है। इस पर थाना कालीपीठ में अपराध क्रमांक 53/2026, धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी गई, तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया तथा सतत प्रयास किए गए। परिणामस्वरूप अपहृत नाबालिग बालिका को सुरक्षित खोज लिया गया। बालिका के कथन लिए जाने पर उसने अपनी इच्छा से अपनी बहन के घर घूमने जाना बताया, जिसके उपरांत कार्यवाही करते हुए बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## मुख्य मार्ग पर 40 विद्युत पोल पर 80 एलईडी लगाने का कार्य शुरू



**महिदपुर रोड।** नगर के मुख्य मार्ग को स्टेट हाई वें SH-16 के चौड़ी करण व डिवाइडर बनाने के कार्य के बाद डिवाइडर पर लगे 40 विद्युत पोलों में दोनों साइड 40 - 40 ,90 वाट के एलइडी लगाने का कार्य संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा प्रारंभ कर दिया गया साइड सुपर वाइजर राम अवतार पाठक ने बताया शीघ्र ही एलइडी लगाने का का र्य पूरा कर दिया जायेगा इस संबंध में ग्राम पंचायत की सरपंच ऋतु पाटीदार ने बताया सड़क चौडी करण तथा डिवाइडर लगाने के बाद काफी दिनों से नगर के लोगों को रात्रि में अंधेरे का सामना करना पड़ रहा था निर्माण एजें सी को बकाया कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा गया था मंगलवार को विद्युत पोल पर जेसीबी हाइड्रॉलिक लिफ्ट तथा अन्य यांत्रिक उपकरणों की सहायता से कर्मचारी शिवम तथा ऋषिकेश जाधव ने एलइडी लगाने का कार्य किया। विद्युत पोलों पर एलइडी लगाने का कार्य के पूरा होते ही मध्य प्रदे श विद्युत वितरण कंपनी से विद्युत कने क्शन संबंधी औपचारिकताएं पूरी कर मुख्य मार्ग पर उचित प्रकाश व्यवस्था कर दी जायेगी।

## भूराखेडी में लोधा-लोधी समाज के 60 जोड़ों का विवाह सम्मेलन हुआ संपन्न




**गुना।** बमोरी विधानसभा के भूराखेडी में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से 60 जोड़ों का विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस संबंध में समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश लोधा कंचनपुरा ने बताया है कि सर्वप्रथम सम्मेलन समिति ने हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके पश्चात गंगाजली पूजन करके गंगाजली यात्रा निकाली गई जो पांडाल में पहुंची जहां पूजा-अर्चना करके समापन के साथ ही सामाजिक रशमे हुई। सम्मेलन समिति का मुख्य उद्देश्य यह है कि बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए वा समाज कल्याण को ध्यान में रखते हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन किया गया। जिसमें बचे हुए धन को बच्चों कि पढ़ाई एवं स्वरोजगार में लगाकर आत्मनिर्भर बनें, हमारे शास्त्रों के अनुसार सोलहा संस्कारों में सबसे महत्वपूर्ण संस्कार पाणिग्रहण संस्कार माना गया है। शाम को गनाना कार्यक्रम के बाद कमर कलेऊ देकर सामाजिक रशमे अपनाते हुए टीका फलदान वा वारोठा हुआ। वारोठा के समय समिति ने रंगीन आतिशबाजी कि इसके पश्चात तोरण द्वार पर तोरन मारकर दूल्हा दुल्हन मंडल में प्रवेश करके मंत्रोंउच्चार कर सामाजिक रशमे अपनाते हुए दूल्हा दुल्हन के पैर पूजकर कन्या के माता पिता ने कन्यादान किया इसके पश्चात दुल्हन के परिवार जनों ने पैरपूजकर चरणामृत लेकर ग्रहण किया।


# PUBLIC NOTICE

NOTICE IS HEREBY GIVEN that our Client intends to acquire6.73 Acres land at Village Khandwabibi in Tehsil Badnagar, District Ujjain, Madhya Pradesh more particularly described in the schedule below ("Subject Lands").

If any person /entity/ Bank or Financial Institution having or claiming any right, title, claim, benefit, estate, share, demand or interest of any nature whatsoever in respect of the Subject Lands or any part thereof by way of sale, transfer, exchange, assignment, muniment, charge, gift, covenant, trust, license, tenancy, share, sub-tenancy, inheritance, claim, let, lease, sub-lease, lien, mortgage, easement, devise, bequest, hypothecation, encumbrance, possession, development rights, possession in part performance, partnership, family arrangement/ settlement, lis pendens, decree or order of any Court of Law or otherwise howsoever by operation of law or otherwise, is hereby called upon to make the same known in writing, with notarized documentary proof, to the undersigned within 07(seven) days from the date of publication of this notice, failing which it shall be presumed that no adverse right, title, interest, share, claim or demand of any nature whatsoever exists into or upon or in respect of the Subject Lands and the title and possession of the owners mentioned below to the Subject Lands is clear and marketable.

**SCHEDULE OF SUBJECT LANDS**

| Survey No. | Owner Name |
|---|---|
| 4 | Surypal Singh S/O Mahipal Singh |

**Manjul Mantri/ Rohan Singh**
**Advocates**
**Cyril Amarchand Mangaldas**
**Level 1 & 2, Max Towers, C-001/A, Sector 16B,**
**Noida, Uttar Pradesh 201301**
**Ph: 0120 669 9000**
**Email IDs:manjul.mantri@cyrilshroff.com**
**rohan.s@cyrilshroff.com**


नारी शक्ति वंदन अधिनियम तो 2023 में ही पास हो चुका था उसे लागू क्यों नहीं किया गया

# कांग्रेस महिलाओं के आरक्षण के पक्ष में थी और रहेगी- दत्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास




अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मध्य प्रदेश के सह प्रभारी संजय दत्त ने जिला समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम तो 2023 में लोकसभा में पास हो चुका था उसे लागू नहीं किया गया इस बार फिर से इसे नए परिसीमन के साथ लोक सभा की सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव के साथ लाया गया इसके पीछे एक बड़ा षड्यंत्र था केंद्र की मोदी सरकार चाहती थी जहां पर उसके बहुमत की सीटें हैं वहां पर लोकसभा की ओर सीटें बढ़ जाए और जहां विपक्ष का बहुमत है वहां की सीटें काम हो जाए यह प्रस्ताव सीधे-सीधे महिला आरक्षण के नाम पर छलावा था जिसे विपक्षी पार्टियों ने नकार दिया। सभी विपक्षी दलों का कहना था कि अगर महिलाओं को आरक्षण देना है तो 2023 में जो लागू किया गया अधिनियम जिसके अंतर्गत 33% महिलाओं को आरक्षण दिया गया था लागू किया जाए कांग्रेस हमेशा महिला आरक्षण के पक्ष में थी और पक्ष में रहेगी इसी के साथ श्री दत्त ने कहा कि संगठन में कोई छोटा बड़ा नहीं होता है सब समान है अपने विचारों और कार्यों से व्यक्ति बड़ा होता है आप ईमानदारी से कांग्रेस पार्टी का काम करते रहिए हर कार्यकर्ता पर निगाह है उसके काम के आधार पर उसे अवसर दिया जाएगा।

बैठक में उपस्थित जिले के प्रभारी श्री सदाशिव यादव ने भी संबोधित करते हुए कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने की बात कही सर्वप्रथम शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष मनीष चौधरी ने संगठनात्मक गतिविधियों से अवगत कराते हुए विस्तार से अपनी बात कही।

इस अवसर पर जय सिंह ठाकुर मनोज राजानी राजेंद्र मालवीय राजवीर सिंह बघेल गोपाल भोसले शौकत हुसैन भगवान सिंह चावड़ा गुरु चरण सिंह सलूजा जाहिद पठान रोशन रायकवार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आभार सुधीर शर्मा ने माना।

सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत अनिल गोस्वामी ने गमछा पहनकर किया साथ ही जिन साथियों को नई जिम्मेदारी दी गई है उनका पुष्पमाला पहनाकर श्री संजय दत्त ने स्वागत किया। बैठक में प्रमुख नेता सुजीत सांगते जितेंद्र सिंह गौड़ ब्लॉक अध्यक्ष प्रतीक शास्त्री नीरज नागर रूपेश कल्याने ईशान राणा दिलीप सिंह सोलंकी ओमप्रकाश मंडलोई मिथुन यादव अकरम खान अजय गुर्जर नाहर सिंह मुजाल्दे विष्णु मीणा सौरभ माल्या बसन्ती लाल मोदी धीरज कल्याने मोर्चा संगठन के अध्यक्ष समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने प्रदेश में गौरव बढ़ाने वाले गुना के मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना




कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले जिले के 06 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं परीक्षा में नितिन जाट (पुत्र श्री विश्ववीर सिंह जाट) ने 495 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया। वहीं वेद रघुवंशी (पुत्र श्री राजीव रघुवंशी) ने भी 495 अंक के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। कु. आर्या शर्मा (पुत्री श्री प्रशांत शर्मा) ने 491 अंक अर्जित कर प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त किया। इन सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार कक्षा 12वीं परीक्षा में कु. धाणी बंसल (पुत्री श्री संतोष बंसल, गणित संकाय) ने 488 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया। कु. कृष्णा धाकड़ (पुत्री रामेश्वर धाकड़, कला संकाय) एवं कु. गायत्री राजपूत (पुत्री संतोष राजपूत, कला संकाय) ने 484-484 अंक प्राप्त कर प्रदेश में छठवां स्थान अर्जित किया। इन छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर कन्याल ने सभी विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आगामी लक्ष्य एवं करियर योजनाओं के बारे में भी जानकारी ली और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल, सहायक संचालक सुश्री प्रेरणा गुप्ता, प्राचार्य डाइट एस.के. वशिष्ठ, एस.के. शिवहरे, एच.एन. जाटव, प्राचार्य सांदीपनी फतेहगढ़ भगवत ओझा, निर्भय सक्सेना सहित अभिभावक एवं विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## जनगणना कार्यों की प्रगति की कलेक्टर ने की समीक्षा

**राजगढ़/ब्यावरा।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले में संचालित जनगणना कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में स्वगणना प्रगणकों को जॉइनिंग लेटर वितरण, किट वितरण एवं तकनीकी टीम के गठन की चार्जवार समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए गंभीरता एवं सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वगणना की प्रगति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। इस संबंध में सीएमओ तलेन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पचोर तहसीलदार को भी कार्य में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रगणकों को समय पर जॉइनिंग लेटर एवं किट उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, जिससे कार्य में कोई बाधा न आए। तकनीकी टीम का गठन शीघ्र पूर्ण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें एवं प्रगति की दैनिक समीक्षा सुनिश्चित करें, ताकि जिले में जनगणना कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो सके।



## पैसों की मांग को लेकर अड़ीबाजी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय में पेश कर भेजा जेल

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के छापीहेड़ा पुलिस ने अड़ीबाजी जबरन पैसों की मांग करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं एसडीओपी राजगढ़ अरविंद राठौर के नेतृत्व में थाना छापीहेड़ा पुलिस ने सख्त कार्यवाही की। फरियादी गिरीराज पिता सिद्धनाथ विश्वकर्मा 38 वर्ष ग्राम मोहन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपियों ने उससे पैसों की मांग करते हुए अड़ीबाजी की जा रही। उक्त रिपोर्ट पर थाना छापीहेड़ा में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर मुकाती के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही करते हुए आरोपी मुकेश पिता मज्जा कंजर 50 वर्ष, नितेश पिता नीलम कंजर 22 वर्ष ध्रुप पिता धर्मेन्द्र कंजर 19 वर्ष को गिरफ्तार कर उक्त आरोपियों को न्यायालय जीरापुर में पेश किया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजगढ़ भेज दिया गया।

## चोरी की 2 मोटर साइकिल बरामद, 1 आरोपी गिरफ्तार



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिला पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चोरी के हॉटस्पॉट चिन्हित कर निगरानी, सीसीटीवी विश्लेषण एवं आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उक्त निर्देशों के पालन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस को एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की 2 मोटर साइकिल बरामद की। फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी मोटर साइकिल एमपी 39 जेडजी 0673 शिक्षक कॉलोनी स्थित उसके घर के सामने से अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। इस पर थाना नरसिंहगढ़ में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार एक अन्य फरियादी ने मोटर साइकिल एमपी 70 जेडसी 7001 चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की। जांच के दौरान आरोपी को चिन्हित कर हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने दोनों चोरी की घटनाएं करना स्वीकार किया जिसके उपरांत पुलिस ने दोनों मोटर साइकिल बरामद कर आरोपी श्रीराम मीणा पिता पृथ्वीराज मीणा 38 वर्ष, निवासी ग्राम दीतालवाड़ा राधौगढ़ जिला गुना को गिरफ्तार किया।

## नातरा झगड़ा प्रथा के मामले में 2 फरार आरोपी गिरफ्तार

**राजगढ़-ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में नातरा झगड़ा प्रथा से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु कार्यवाही की जा रही। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मंजू मखेनिया के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए 2 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया। फरियादी रामसिंह पिता पन्नालाल तंवर ग्राम दिलावरा थाना कोतवाली राजगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि लगभग तीन वर्ष पूर्व उसने अपनी पुत्री मनीषा का विवाह ग्राम तलावड़ा निवासी मांगीलाल तंवर के साथ किया था। पारिवारिक विवाद के चलते मनीषा विगत 02 वर्षों से अपने मायके में रह रही थी। आरोपी मांगीलाल तंवर एवं उसके पिता घीसालाल तंवर फरियादी के घर आए और लड़की को साथ न रखने की बात कहकर झगड़े के रूप में 10 लाख रुपये की मांग की। उसी रात्रि लगभग 3 बजे दोनों आरोपियों द्वारा फरियादी के पड़ोसियों के खेत में रखे भूसे में आग लगा दी गई तथा धमकी दी गई कि मांग पूरी न होने पर और नुकसान किया जाएगा।

# 10 के नोटों की किल्लत से बढ़ी चिंता, गड्डियों के ऊंचे दामों की चर्चा, जांच की मांग तेज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जीरापुर

नगर में इन दिनों 10 के नोटों की कमी आमजन और व्यापारियों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। बाजार में छोटे नोटों की उपलब्धता कम होने से लेन-देन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच 10 के नोटों की गड्डियां अधिक कीमत पर उपलब्ध कराए जाने की बातें भी सामने आ रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि 1000 मूल्य की 10 के नोटों की गड्डी कथित रूप से 1300 से 1500 तक में दी जा रही है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इस तरह की चर्चाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

वर्तमान में शादी-विवाह का सीजन चल रहा है, जिसमें परंपरागत रस्मों के लिए 10 के नोटों की विशेष आवश्यकता होती है। ऐसे में जरूरतमंद परिवारों को छोटे नोटों की कमी के चलते असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

नगरवासियों का मानना है कि यदि इस प्रकार की स्थिति बन रही है, तो इसकी जांच होना आवश्यक है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि छोटे नोटों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा यदि कहीं अनियमितता हो रही है, तो उसकी निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

**व्यापारियों की प्रतिक्रिया**

कपड़ा व्यापारी विजय मुंदड़ा का कहना है कि बाजार में 10 के नोटों की भारी कमी देखी जा रही है। उन्होंने बताया कि चर्चा है कि 10 के नोटों की गड्डियां ऊंचे दामों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी राजेंद्र जमींदार ने बताया कि 10 के नोट बाजार में लगभग देखने को नहीं मिल रहे हैं, जिससे छोटे लेन-देन में भी परेशानी हो रही है। उनके अनुसार, यह स्थिति जांच का विषय है।

**प्रशासन का पक्ष**

इस संबंध में खिलचीपुर एस डी एम अंकिता जैन ने संक्षिप्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मैं इस मामले को दिखवाती हूं।

## पेड़ों की अवैध कटाई एवं बेखौफ परिवहन पर रोक लगाने की माँग



**महिदपुर।** नगर व क्षेत्र में भारी अंधाधुन्ध अवैध वनों की बेसीतम कटाई से पर्यावरण को भारी क्षति हो रही है। वृक्षों की इस अवैध कटाई से जनजीवन पर बुरा असर पड़ रहा है तथा अवैध कटाई का बेखौफ परिवहन मुख्य मार्गो की सड़कों पर धड़ाकेबंद ट्रेक्टरों से परिवहन हो रहा है जिससे कभी भी भारी दुर्घटना हो सकती है व जन धन की हानि हो सकती है। स्थानीय प्रशासन की मूकदर्शिका से इस अवैध धंधे में लगे व्यक्तियों की हिम्मत कानून का बेखौफ मखौल उड़ाने का आदि हो गया है। स्थानीय राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ऐसे व्यक्तियों पर सख्त कानूनी कार्यवाही करके आम जनजीवन को राहत प्रदान करें। सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता अशोक नवलखा ने कलेक्टर उज्जैन पुलिस अधीक्षक उज्जैन एवं डीएफओ उज्जैन से सतत निरीक्षण व जांच करके आरा मशीनों पर अवैध कटाई चिराई व अवैध संग्रह पर ठोस एवं परिणामी कार्यवाही कर कानून की धज्जियां उड़ाने वालों पर कार्यवाही की जावें।

## पुलिया से गिरे युवक की सिर चोट में लगने से मौत

**बदनावर।** कानवन थाना क्षेत्र के ग्राम कड़ोदकलां में सोमवार रात एक 45 वर्षीय व्यक्ति की पुलिया से गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम बुलगारी निवासी पीरालाल पिता रतनलाल भील के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पीरालाल रात में अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे। कड़ोदकलां में पाटीदार धर्मशाला के पास तालाब से लगी पुलिया पर वे बैठ गए। इसी दौरान वे पुलिया से नीचे गिर गए, जिससे उनके सिर में पत्थर लगने से गंभीर चोट आई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने चंदरबाई पति श्री कैलाश निवासी ग्राम खेमासा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 387 रकबा 0.410 हेक्टर एवं सर्वे नंबर 388/2 रकबा 0.400 हेक्टर कुल किता 2 रकबा 0.810 हेक्टर स्थित ग्राम खेमासा प.ह.नं. 07 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक टोकन बयाना राशि अदाकर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा बयाना राशि अदा कर विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंधानुसार शेष राशि अदा कर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। 1/04/2026 उज्जैन इति दिनांक :- 22/04/2

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. भवरबाई पति समन्दरसिंह जाति राजपूत, 2. इन्दरसिंह पिता समन्दरसिंह जाति राजपूत, 3. संतोष पिता समन्दरसिंह जाति राजपूत, निवासीगण ग्राम हिंडोलिया, तहसील, सांवेर जिला इंदौर कृषक ग्राम जलोदिया, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम जलोदिया, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 37/2 रकबा 0.60 हेक्टेयर भूमि कुल किता 1 कुल रकबा 0.60 हेक्टेयर भूमि व 1. कलाबाई पति कल्याणसिंह जाति राजपूत, निवासी - रामबलराम नगर इंदौर जिला इंदौर. म.प्र.। 2. भवरबाई पति समन्दरसिंह जाति राजपूत, 3. इन्दरसिंह पिता समन्दरसिंह जाति राजपूत, 4. संतोष पिता समन्दरसिंह जाति राजपूत, निवासीगण - ग्राम हिंडोलिया, तहसील सांवेर जिला इंदौर कृषक ग्राम जलोदिया, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम जलोदिया, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 38 रकबा 1.85 हेक्टेयर भूमि कुल किता 1 कुल रकबा 1.85 हेक्टेयर भूमि को कय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढ़ी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो या भूमि के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम में कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भूमि में किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भूमि के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के बाद सूचना मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि का शेष विक्रय मूल्य अदाकर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक :- 17/04/2026

**माधुरी सोनी एड्व्होकेट**
**कार्यालय रवि सोनी का ऑफीस, T-13 नागेश्वरधाम कॉलोनी बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) मो. 8871335849, 7898524515**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती करूणा नीमा पति श्री प्रमोद कुमार नीमा निवासी बी-2/903, डीआरनेट, केशरबाग रोड, इंदौर के स्वामित्व एवं अधिपत्य की संपत्ति प्लॉट क्रमांक 36, स्थित सेठी नगर, उज्जैन जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्ग फीट है, की मेरी पक्षकार स्वामी एवं कब्जाधारी है। उक्त संपत्ति मेरी पक्षकार ने पंजीकृत विक्रय विलेख MP17IGR18842025A100953964 दिनांक 24.10.2025 के माध्यम से क्रय की है। मेरी पक्षकार को उक्त संपत्ति का वास्तविक एवं शांतिपूर्ण कब्जा प्राप्त हो चुका है। मेरे पक्षकार तभी से निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण रूप से सतत उक्त संपत्ति पर मालिक व काबिज है।

अतः यदि किसी व्यक्ति संस्था का उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अधिकार दावा बंधक गिरवी वाद विवाद या अन्य कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन से 15 पंद्रह दिवस के भीतर निम्न पते पर लिखित रूप में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि किसी को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति नहीं है एवं भविष्य में प्रस्तुत कोई भी दावा या आपत्ति मान्य नहीं होगी। दिनांक 22.04.2026 स्थान उज्जैन

**दिलीप कुमार जैन एडवोकेट**
**DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मोबाईल नम्बर : 94250 92749**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने नरबदसिंह पिता श्री तेजसिंह, निवासी-25, नई आबादी चन्दुखेडी जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर 53/1 (र) रकबा 1.4100 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम चन्दुखेडी तहसील व जिला उज्जैन का सौदा कर सौदा राशि अदा कर स्वयं के हित मे दस्तावेज सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया हैं तथा जाहिर सुचना के प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में सोदा चिट्ठी के परिपालन में बयाना राशि अदा कर विधिवत रूप से मेरे पक्षकार के हित मे दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार निहित समयावधि में शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। उक्त कृषि भूमि पर बैंक ऑफ इंडिया शाखा चन्दुखेडी का ऋण बकाया हैं इसके अलावा यदि उक्त सम्पत्ति पर किसी भी अन्य बैंक का या उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से पन्द्राह दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सुचित हो। इति दिनांक-22.04.2026

**योगेश शर्मा, एडवोकेट**
**कार्यालय-डी एफ-9, भरतपुरी काम्पलेक्स**
**देवास रोड, उज्जैन**

# लिंक पर क्लिक करते ही खाली हुआ बुजुर्ग का खाता

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

डिजिटल युग में साइबर ठगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे किसी भी पल आपको अपना शिकार बना सकते हैं। शाजापुर जिले के अवंतीपुर बड़ोदिया थाना क्षेत्र में एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां पत्नी का इलाज कराने अस्पताल गए एक 71 वर्षीय बुजुर्ग की व्यस्तता का फायदा उठाकर ठगों ने उन्हें चपत लगा दी। मोबाइल पर आई महज एक अनजान लिंक खोलने की कीमत बुजुर्ग को 3 लाख 25 हजार रुपये गवां कर चुकानी पड़ी। फरियादी की लिखित शिकायत पर अवंतीपुर बड़ोदिया पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, डाबरी पुरा पोलायकलां के रहने वाले 71 वर्षीय गिरिजाशंकर त्रिवेदी का पोलायकलां स्थित एसबीआई में पत्नी निर्मला त्रिवेदी के साथ जॉइंट अकाउंट है। दिनांक 25 मार्च 2026 को वे अपनी पत्नी की आंखों का इलाज कराने इंदौर के अग्रवाल आई अस्पताल गए हुए थे। अस्पताल और ऑटो की भागदौड़ में वे अत्यधिक व्यस्त थे, तभी उनके मोबाइल पर दो अनजान नंबरों से कॉल आया। फोन करने वाले ने कहा कि मैंने एक लिंक भेजी है, उसे खोलकर देखो। बुजुर्ग ने बिना सोचे-समझे लिंक खोल ली, और यही उनकी सबसे बड़ी भूल साबित हुई।



**अगले दिन घर लौटने पर उड़े होश**-दिनांक 26 मार्च को जब बुजुर्ग वापस पोलायकलां अपने घर लौटे और फुर्सत में मोबाइल चेक किया, तो उनके होश उड़ गए। उनके मोबाइल पर कई मैसेज पड़े थे, जिनमें खाते से 3,25,000 रुपये कटने की जानकारी थी। बैंक जाकर पूछताछ करने पर पता चला कि यह पूरी रकम 25 मार्च की शाम 5.03 बजे आरटीजीएस के जरिए खाते में ट्रांसफर कर दी गई है।

**1930 पर कॉल से बची कुछ रकम**-फरियादी ने जब गूगल के माध्यम से आरोपी के खाते की जानकारी निकाली, तो पता चला कि वह खाता मुंबई के फोर्ट स्थित एचडीएफसी बैंक की शाखा का है। ठगी का अहसास होते ही बुजुर्ग ने तुरंत नेशनल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई। समय पर शिकायत होने के कारण ठगी गई राशि का कुछ हिस्सा बैंक द्वारा होल्ड कर दिया गया।

**चेन्नई से लौटकर पुलिस को दी लिखित शिकायत**- फरियादी को अपने किसी काम से चेन्नई (तमिलनाडु) जाना पड़ गया था। इस कारण उन्होंने 4 अप्रैल को जीरो एफआईआर (क्रं. 114) दर्ज कराई थी। अब काम से वापस लौटने के बाद, 21 अप्रैल को वे अवंतीपुर बड़ोदिया थाने पहुंचे और थाना प्रभारी को घटना की पूरी जानकारी देते हुए लिखित आवेदन सौंपा। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और सायबर सेल की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## लाहोरी रोड इलाके में भड़की भीषण आग,टला बड़ा हादसा

**शाजापुर।** लाहोरी रोड़ इलाके में अचानक आग भड़कने से दहशत का माहौल बन गया। सूखी झाड़ियों और कचरे के कारण आग ने चंद मिनटों में ही विकराल रूप धारण कर लिया। गनीमत रही कि समय रहते दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा नुकसान होने से बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती रात 7 से 8 बजे के बीच यह घटना हुई। शुरुआत में आग एक छोटे हिस्से में लगी थी, लेकिन तेज लपटों को देख स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की टीमों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। हालांकि, संकरे रास्तों के कारण वाहनों को अंदर तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जिससे कुछ हिस्सों में काफी देर तक धुआं उठता रहा। फिलहाल आग लगने का स्पष्ट कारण अज्ञात है। आशंका जताई जा रही है कि किसी शरारती तत्व ने जानबूझकर वहां आग लगाई होगी। पुलिस और प्रशासन मामले की जांच कर रहे हैं।

## बिजली मीटर में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**शाजापुर।** बैंक के समीप लगे बिजली मीटर में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार शहर की नई सड़क स्थित बैंक ऑफ इंडिया के पास बुधवार सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच बिजली के मीटर में अचानक आग लग गई। शॉर्ट सर्किट के कारण हुई इस घटना से बैंक और आसपास के इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**शाजापुर।** राजगढ़ जिले के धनोरा गांव के समीप एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने पैदल जा रहे एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को परिजनों द्वारा शाजापुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान चंदर सिंह भिलाला निवासी धनोरा राजगढ़ के रूप में हुई है। बुधवार सुबह करीब 7 बजे चंदर सिंह अपने गांव से बकरी लेकर पैदल ही लीमाचौहान गांव के हाट बाजार में बेचने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल चंदर सिंह को शाजापुर जिला अस्पताल लेकर आए। यहां चिकित्सकों ने तुरंत उपचार शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण सुबह करीब 11 बजे उनकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## कलेक्टर ने किया कोषालय के दृढ़ कक्ष का निरीक्षण

**शाजापुर।** जिला कोषालय के दृढ़ कक्ष स्ट्रांग रूम का कलेक्टर ऋजु बाफना ने वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्ष में सुरक्षित रखे गए ज्यूडिशियल और नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प, टिकट तथा अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों की बारीकी से जांच की। कोषालय की कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए कलेक्टर बाफना ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मालखाने में लंबे समय से रखी पुरानी वस्तुओं को नवीनीकरण के लिए उनके संबंधित कार्यालयों को वापस भेजा जाए। इसके अलावा, कार्यालय में मौजूद अनुपयोगी सामान (निर्जीव भंडार) की सूची बनाकर नियमानुसार उसका जल्द से जल्द विनिष्टिकरण (निपटान) किया जाए। इस वार्षिक निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कोषालय अधिकारी रीना शर्मा, जिला पेंशन अधिकारी जी.एल. गुवाटिया सहित कोषालय का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाजापुर।** सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बाइक सवार कान्हा वर्मा पिता बंटी वर्मा निवासी चापड़ा जिला देवास अपनी बाइक से आष्टा की ओर से कालापीपल एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान खातीखेड़ी के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे कान्हा घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 में तैनात आरक्षक बल्लू वर्मा और पायलट ओमप्रकाश मौके पर पहुंचे और घायल को शुजालपुर अस्पताल पहुंचाया।

## सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर, 26 यूनिट रक्त संग्रह

**शुजालपुर।** सिविल अस्पताल शुजालपुर एवं रेडक्रॉस यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मार्गदर्शन प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.शारदा रामसरिया ने किया। शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 26 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। ब्लड स्टोरेज प्रभारी डॉ.अमित कुमार एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामसलोने मिश्रा , डॉ.संजय मण्डलोई सहित मेडिकल टीम ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं डॉ. भूपेन्द्र परमार ने स्वयं रक्तदान कर अस्पताल स्टाफ को भी प्रेरित किया। शिविर के सफ ल आयोजन में चिकित्सा अधिकारी डा.रानु गुप्ता ,संजय देव,निहाल व्यास एवं राजेन्द्र सोलंकी का विशेष सहयोग रहा। सभी रक्तदाताओं का आभार आईसीटीसी काउंसलर जया माहेश्वरी द्वारा व्यक्त किया।

## जनगणना 2027 ऐप केवल प्ले स्टोर से करें अपडेट - कलेक्टर




**शाजापुर।** आगामी 2027 की जनगणना को त्रुटिरहित और पूर्णत: सुरक्षित बनाने के लिए जिला प्रशासन सख्त अलर्ट मोड पर है। बुधवार को कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ऋजु बाफना ने शुजालपुर में चल रहे प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में आंकड़ों की शुद्धता के साथ-साथ डिजिटल सुरक्षा सर्वोपरि है। मोबाइल पर काम करते समय किसी भी अनजान लिंक या एपीके फाइल के उपयोग से पूरी तरह बचें। शासकीय जेएनएस महाविद्यालय और मां शारदा सांदीपनि सीएम राइज स्कूल में आयोजित इस प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर बाफना ने व्यवस्थाओं, उपस्थिति और मॉड्यूल की गुणवत्ता का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जनगणना ऐप से जुड़ा कोई भी अपडेट केवल गूगल प्ले स्टोर से ही किया जाए। साइबर सिक्योरिटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही या प्रशिक्षण में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विषयवस्तु की व्यावहारिक समझ हर प्रतिभागी को होनी चाहिए, ताकि फील्ड पर दक्षता के साथ काम हो सके। प्रशिक्षण के दूसरे दिन सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों ने समीपस्थ ग्राम कमलिया पहुंचकर अपनी ट्रेनिंग का व्यावहारिक परीक्षण किया। कर्मचारियों ने एचएलओ ट्रेनिंग ऐप पर टेस्ट लॉगिन कर मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का डेमो कार्य सफलतापूर्वक करके दिखाया।

### सैकड़ों कर्मचारियों ने लिया तकनीकी प्रशिक्षण

फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रोजेक्टर और इंटरेक्टिव स्क्रीन के माध्यम से वृहद स्तर पर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें तहसील शुजालपुर के 196 प्रगणक व 35 पर्यवेक्षक, पोलायकलां के 118 प्रगणक व 20 पर्यवेक्षक, अवंतिपुर बड़ोदिया के 53 प्रगणक व 9 पर्यवेक्षक, और कालापीपल के 370 प्रगणक व 62 पर्यवेक्षकों ने हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त शुजालपुर नगर पालिका 92 प्रगणक, 17 पर्यवेक्षक सहित पोलायकलां, अकोदिया और पानखेड़ी नगर परिषदों के कर्मचारी भी शामिल हुए।

## स्वच्छता गतिविधियों से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर हमारी धरा, हमारी शक्ति विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पृथ्वी संरक्षण से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए।

इको क्लब प्रभारी डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करना, जैव विविधता को संरक्षित करना और धरती को हरा-भरा व स्वच्छ बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इससे वैश्विक तापमान में कमी लाने और मानव जीवन के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने में मदद मिलेगी। महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ.बी.के. त्यागी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पृथ्वी को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा परिवर्तन संभव है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस एवं एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। विवेकानंद उद्यान, गांधी उद्यान एवं अटल उद्यान में प्लास्टिक एवं अन्य कचरे का संग्रहण कर उचित निपटान किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मण्डी डाकघर में 25 अप्रैल को आधार अपडेट अभियान

**शुजालपुर।** आम नागरिकों को आधार सेवाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुजालपुर मण्डी डाकघर में 25 अप्रैल शनिवार को विशेष आधार नामांकन एवं अपडेट अभियान आयोजित किया जाएगा। यह अभियान सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। वर्तमान समय में स्कूल व कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया के साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं जरूरी दस्तावेजों के लिए आधार में संशोधन की आवश्यकता बढ़ गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है, ताकि लोगों को एक ही स्थान पर सभी सेवाएं सहज रूप से मिल सकें।

अभियान के दौरान नागरिक अपने आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर सहित बायोमेट्रिक फोटो, फिंगरप्रिंट, आईरिस संबंधी जानकारी में संशोधन करवा सकेंगे। साथ ही नए आधार नामांकन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। सभी सेवाएं भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क के अनुसार प्रदान की जाएंगी। डाकघर प्रशासन ने अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अतिरिक्त काउंटर, तकनीकी संसाधन एवं स्टाफ की व्यवस्था की है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को कम समय में सुविधा मिल सके। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं और आवश्यक दस्तावेज साथ लाना न भूलें।

# मोबाइल में कार्य करते समय साइबर सिक्यसेरिटी का ध्यान रखें

दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ऋजु बाफना ने बुधवार को जनगणना 2027 के लिए शासकीय जेएनएस महाविद्यालय और माँ शारदा सांदीपनी सीएम राइज स्कूल शुजालपुर में आयोजित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बाफ ना ने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं, प्रतिभागियों की उपस्थिति, प्रशिक्षण मॉड्यूल की गुणवत्ता तथा प्रशिक्षण की प्रभावशीलता का परीक्षण किया। कलेक्टर बाफ ना ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसमें प्राप्त आंकड़ों की शुद्धता एवं विश्वसनीयता सर्वोपरि होती है। मोबाइल में कार्य करते समय साइबर सिक्योरिटी का ध्यान रखें, जनगणना एप्प संबंधी कोई भी अपडेशन केवल प्ले स्टोर से ही करे, किसी बाहरी लिंक या एपीके फ



ाइल पर क्लिक ना करें तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरते । कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी को विषयवस्तु की स्पष्ट एवं व्यावहारिक समझ सुनिश्चित की जाए, जिससे वे फ ील्ड स्तर पर दक्षता के साथ कार्य कर सकें। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण में तहसील शुजालपुर के 35 पर्यवेक्षकों, 196 प्रगणकों, तहसील पोलायकला के 20 पर्यवेक्षकों, 118 प्रगणकों एवं तहसील अवंतिपुर बड़ोदिया के 9 पर्यवेक्षकों, 53 प्रगणकों, तहसील कालापीपल के 62 पर्यवेक्षकों, 370 प्रगणकों व इसी प्रकार नगर पालिका शुजालपुर के 17 पर्यवेक्षको, 92 प्रगणको, नगर परिषद पोलायकला 5 पर्यवेक्षको, 27 प्रगणकों, नगर परिषद अकोदिया 5 पर्यवेक्षकों, 26 प्रगणकों एवं नगर परिषद पानखेड़ी 5 पर्यवेक्षकों, 25 प्रगणकों को फील्ड ट्रेनर द्वारा प्रोजेक्टर द्वारा एवं इंटरेक्टिव स्क्रीन पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन सभी प्रशिक्षणार्थी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा समीपस्थ ग्राम कमलिया में उपस्थित होकर एचएलओ ट्रेनिंग एप्प पर टेस्ट लॉगिन कर मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य करके दिखाया गया। इस दौरान अनुभिगागीय अधिकारी शुजालपुर राजकुमार हलदार, तहसीलदारए चार्ज अधिकारी, फ ील्ड ट्रेनर आदि अधिकारी मौजूद थे।

## दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शाजापुर।** पृथ्वी दिवस पर स्थानीय आदर्श नवीन नगर में म.प्र. जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था कंचन वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा बुधवार को जल मंदिर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अनूठी पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया गया।

## नक्षत्रों की छांव में योग-साधना

**शुजालपुर।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में नक्षत्र गार्डन में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, खिलाड़ियों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को नक्षत्र गार्डन के महत्व तथा 27 नक्षत्रों से जुड़े वृक्षों की विशेषताओं की जानकारी दी गई। क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुम्भकार ने बताया कि नक्षत्र गार्डन न केवल पर्यावरण संतुलन में सहायक है, बल्कि भारतीय परंपरा के अनुसार राशियों और प्रकृति के बीच गहरे संबंध को भी दर्शाता है।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार सरबर बी पति स्व. अब्दुल हमीद निवासी 47, अमरपुरा, उज्जैन है। मेरी पक्षकार अपने पति की मृत्यु के बाद उक्त मकान की वैध वारिस है, मेरी पक्षकार के अनुसार उनकी पुत्री सुल्ताना पति अजीजउल्लाह उर्फ सल्लु निवासी विराट नगर, आगर नाका, उज्जैन ने मेरी पक्षकार के मकान के फोटो दिखाकर व मेरी पक्षकार के मकान के पते का आधार कार्ड दिखाकर बाईक खरीदने हेतु लोन लिया है। मेरी पक्षकार की अनुमति के बिना यदि मेरी पुत्री सुल्ताना उक्त मकान पर किसी प्रकार का लोन, ऋण लेती है तो उस लोन, ऋण को चुकाने की जवाबदारी स्वयं सुल्ताना की होगी। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई व्यक्ति, संस्था सुल्ताना को मेरी पक्षकार के उक्त मकान पर कोई लोन, ऋण न देवें।

**मीरान खान हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय, 11, अमरपुरा, दादाभाई नौरोजी मार्ग, उज्जैन**
**मो. 7999257627**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी 01. श्रीमती सोनम पति श्री गौरव अग्रवाल 02. गौरव पिता श्री गोविन्द अग्रवाल, दोनों निवासी-206, सेठी नगर उज्जैन, से उनके संयुक्त स्वत्व. स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक-21-बी, जो कि, गायत्री नगर सेक्टर बी, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल-139.38 वर्गफीट हैं। जिसके पूर्व दिशा में रास्ता कॉलोनी का पश्चिम दिशा में - भवन अन्य का उत्तर दिशा में भवन क्रमांक-21-ए. दक्षिण दिशा में-भवन क्रमांक-22 हैं। उपरोक्त वर्णित भवन को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार ने किया है तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भवन को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । इति दिनांक-22.04.2026

**जयश्री वर्मा एडव्होकेट**
**30. अवंतिका कॉलोनी, उज्जैन मो-88892-22210**

## माननीय न्यायालय नायब तहसीलदार महिदपुर रोड तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. न्यायालय में उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र

प्रति,
01 अमृतलाल पिता सोभाग्यमल आंचलिया
02 नागुलाल पिता पन्नालाल पोरवाल निवासीगण ग्राम महिदपुर रोड तहसील महिदपुर जिला उज्जैन

मेरे न्यायालय के समक्ष आवेदक सोमबाला पति मदनलाल पोरवाल निवासी ग्राम द्वारा नामांतरण प्रकरण क. गोगापुर तह. महिदपुर जिला उज्जैन के -1209/अ-6/2025-26, सोमबाला विरूद्ध अमृतलाल आदि प्रस्तुत किया है जो ग्राम गौगापुर स्थित पुराना भूमि सर्वे कं. 129/3 पेकी रकबा 0.14 हेक्टेयर परिवर्तित भूमि रही है। अनावेदक कं. 1 के द्वारा दिनांक 01.02.2000 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से उक्त भूमि में का एक भूखण्ड कं.470 का पूर्व दिशा का भाग 1428 वर्गफीट का होकर नागदा फाटे से रेस्टहाउस के बीच स्थित है जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है पुर्व में रामकिशन जी का प्लाट, पश्चिाम बालचंद जी राठौर का प्लाट, उत्तर में शीशु मंदिर, व बाद बग्दु वगेरा की भूमि, दक्षिण में आम रास्ता स्थित है। उक्त सर्वे क्रमांक का बंदोबस्त बाद वर्तमान सर्वे कं. 192 निर्मित हुआ जो वर्तमान में अनावेदक कं. 1 के नाम राजस्व अभिलेख में सर्वे कं. 192/1 रकबा 0.010 हे. भूमि अंकित है। उक्त प्रकरण मेरे न्यायालय में लम्बित होकर आगामी तारीख पेशी 30.04.26 नियत है। अनावेदकगण उक्त नियत तिथी को स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय में उपस्थित हो, अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेंगी। सुचित हो।

इति दिनांक-23.04.2026

**राजेश चौहान**
**नायब तहसीलदार तहसील महिदपुर**
**जिला उज्जैन म.प्र**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी अमरसिंह पिता रामचंद्र जाति बागरी निवासी ग्राम जगोटी कृषक ग्राम खुरचन्या प्रताप तहसील महिदपुर जिला उज्जैन (मध्यप्रदेश) के स्वत्व स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 18/2, 19/2/1 रकबा क्रमश: 0.60, 0.15 कुल कित्ता 02 कुल विक्रीत रकबा 0.75 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम खुरचन्या प्रताप तहसील महिदपुर जिला उज्जैन (मध्यप्रदेश) से सौदा चिट्ठी के आधार पर क्रय कर समय अवधि में अनुबंध पत्र निष्पादित कर पंजीयन भी करवा दिया जावेगा । यह कि उक्त अनुबंधित भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ती हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सग मुझे कार्यालयीन समय मे लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नहीं होगी। सूचित हो-

इति दिनांक-21-04-2026

**ऋतिक वर्मा सर्विस प्रोवाईडर**
**मों न. 9644151908**

## शहाबुद्दीन बाबा उर्स परचम 21 से प्रारंभ

**नी मच।** शहर व क्षेत्र के प्रसिद्ध सूफी संत हजरत बाबा शहाबुद्दीन का 131 वां राष्ट्रीय कौमी एकता उर्स नीमच सिटी रोड़ का चार दिवसीय उर्स 21 अप्रैल से प्रारंभ हुआ जो 21 से 24 अप्रैल तक शानो-शौकत से मनाया जा रहा है। सद मुन्ना दुरार्नी ने बताया कि बाबा के उर्स का आगाज 21 अप्रैल मंगलवार सुबह 9 बजे परचम कुशाई व कुरान ख्वानी एवं मिलाद ख्वानी व तकरीर से हुआ। मोलाना शोएब बरकाती की सदारत में आयोजित हुई। 22 अप्रैल को महफिल-ए कव्वाली बाद नमाज ईशा रात्रि में कव्वाल जुबेर साबरी (रामपुर यू.पी.) इकबाल रमजान फरीदी (जावरा) पेश करेंगे, 23 अप्रैल को कमर वारसी देवा शरीफ कव्वाल, निसार एहसान चिश्ती (चित्तौड़) कव्वाल पार्टी अपना कलाम पेश करेंगे। 24 अप्रैल,को बाद नमाज ईशा कव्वाल निसार एहसान चिश्ती, कलाम येश करेंगी।

## पुलिस ने रोड रोलर से कुचलवाए 48 मॉडिफाई साइलेंसर

**मन्दसौर।** शहर में ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले बुलेट के पटाखा साइलेंसर और मॉडिफाई साइलेंसरों के विरुद्ध पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा पिछले महीनों में जब्त किए गए 48 साइलेंसरों को आज पुलिस लाइन में रोड रोलर चलाकर नष्ट कर दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल और सीएसपी जितेंद्रसिंह भास्कर की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने अब तक ऐसे 48 वाहनों पर 55 हजार रुपये का जुर्माना भी किया है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि तेज आवाज और वायु प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## भगवान चित्रगुप्त का प्राकट्य उत्सव आज मनाया जाएगा

**मंदसौर।** न्याय और कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्य उत्सव 23 अप्रैल को मनाया जाएगा। स्टेशन रोड स्थित चक्रवती कॉलोनी के मंदिर में इस अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन किए गए हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान चित्रगुप्त की आराधना से नवग्रहों की पीड़ा से मुक्ति मिलती है और जीवन में सुख-शांति का वास होता है। मंदिर समिति ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक पट खुले रहेंगे, जहां भक्त दर्शन और पूजन का लाभ ले सकेंगे। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस भव्य उत्सव में शामिल होने की अपील की है।

## जिला स्तरीय युवा संगम 30 को मंदसौर में

**मन्दसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग के निर्देशन में बेरोजगार युवाओं को रोजगार और कौशल विकास से जोड़ने के लिए 30 अप्रैल को जिला स्तरीय युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंदसौर में प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। इस संगम के माध्यम से युवाओं को विभिन्न सेक्टरों में उपलब्ध नौकरी के अवसरों, सरकारी प्रशिक्षण योजनाओं और स्वरोजगार के लिए उद्यमिता संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। जिला प्रशासन ने जिले के अधिक से अधिक युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की अपील की है।

## मारपीट करने वाली महिला को 6 माह की जेल

**मन्दसौर।** विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने गाली-गलौज और मारपीट के एक मामले में आरोपी धापूबाई पति शंकरलाल प्रजापत को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने ग्राम ऐरा निवासी 52 वर्षीय महिला को 6 माह के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी बलराम सोलंकी के अनुसार, 3 नवंबर 2021 को कचरा फेंकने की मामूली बात पर आरोपी ने पड़ोस में रहने वाली पूजा के साथ अभद्रता की थी। विरोध करने पर आरोपी ने महिला के हाथ और उंगली पर दांतों से काट लिया और गला दबाकर मारपीट की। पुलिस विवेचना के बाद मामला न्यायालय में पेश किया गया था, जहाँ शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमती डॉली बैरागी वैष्णव ने पैरवी की।

# रतलाम में वृक्षों की अंधाधुंध कटाई के बाद भाजपा नेता ने ली सुध

## 10 हजार पौधे नियोजित ढंग से लगाने का सुझाव

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



शहर में लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी की चुनौती से निपटने के लिए बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाने की मांग उठी है। पूर्व महापौर एवं भाजपा संगठन जिला प्रभारी (इंदौर ग्रामीण) शैलेंद्र डागा ने कैबिनेट मंत्री एवं रतलाम विधायक चेतन्य काश्यप और कलेक्टर को इस संबंध में विस्तृत सुझाव पत्र सौंपा है।

पत्र में श्री डागा द्वारा बताया गया कि रतलाम पिछले कुछ वर्षों से प्रदेश एवं देश के सबसे गर्म शहरों में शामिल हो रहा है। इस वर्ष भी तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। बढ़ती गर्मी, प्रदूषण और घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए इसे गंभीर पर्यावरणीय संकट बताया गया है।पत्र में सुझाव दिया गया है कि शहर में और आसपास बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान की जरूरत है। प्रारंभिक चरण में कम से कम 10 हजार पौधों का रोपण कर उन्हें संरक्षित करते हुए वृक्ष के रूप में विकसित किया जाए। जिससे न केवल तापमान में कमी आएगी बल्की पर्यावरण में भी सुधार होगा।

श्री डागा ने शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में फोरलेन मार्गों, प्रमुख सड़कों, शासकीय भूमि एवं ग्राम पंचायत क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए पौधारोपण का प्रस्ताव रखा गया है। इनमें 80 फीट रोड, हनुमान ताल, बरबड़ रोड, सेजावता-बंजली बायपास, जावरा फाटक से सेजावता फोरलेन, महू रोड बस स्टैंड से खाचरोद फंटा मार्ग, रविदास चौक से करमदी चौराहा, त्रिवेणी मथुरी-करमदी मार्ग, रिंग रोड, बिबड़ोद रोड, गंगासागर कॉलोनी, अमृत सागर से सागोद रोड सहित हाईवे एवं शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्र के मार्ग पर सड़क किनारे शामिल हैं।

श्री डागा द्वारा इन स्थानों का चयन इसलिए भी उपयुक्त बताया गया है क्योंकि हाल ही में बनने के कारण निकट भविष्य में इनके चौड़ीकरण की संभावना नहीं है, जिससे पौधों का संरक्षण संभव होगा। समयबद्ध अभियान चलाने पर जोर

श्री डागा आगामी दो माह में विशेष अभियान चलाकर वर्षा ऋतु के पहले पौधारोपण करने का सुझाव दिया गया है, ताकि पौधों के जीवित रहने की संभावना अधिक रहे। प्रत्येक पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड, सिंचाई और निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ एक पौधा-एक जिम्मेदारी मॉडल अपनाने की बात कही गई है। इसके तहत नागरिकों, विद्यार्थियों और सामाजिक संस्थाओं को जोड़ा जाए।

श्री डागा द्वारा नगर निगम, नगर परिषद और ग्राम पंचायतों के सहयोग से इस अभियान को जनआंदोलन का रूप देने तथा स्कूल, कॉलेज और व्यापारिक संगठनों को जोडने की मांग की गई है।

ऐसे पौधों का चयन करने की बात कही गई है जो स्थानीय जलवायु के अनुकूल, छायादार और पर्यावरणीय दृष्टि से अधिक उपयोगी हों। भाजपा नेता शैलेंद्र डागा ने पत्र में उल्लेख किया है कि बड़े स्तर पर पौधारोपण से तापमान में कमी, वायु गुणवत्ता में सुधार, जल संरक्षण और शहर को हरित व सुंदर बनाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने मंत्री श्री काश्यप और कलेक्टर से अनुरोध किया है कि इस विषय को प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित कर शीघ्र कार्ययोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए,

# जल संरक्षण के छोटे प्रयास ही भविष्य में लाएंगे बड़े परिणाम - कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर मंदसौर के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में जल गंगा जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण पर एक विस्तृत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सार्थक एनजीओ के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, विशेषज्ञों और आम नागरिकों ने भागीदारी की।कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कलेक्टर अदिती गर्ग ने स्पष्ट किया कि जल संरक्षण का कोई भी प्रयास छोटा नहीं होता और सूक्ष्म स्तर पर किए गए निरंतर कार्य ही भविष्य में बड़े परिणाम लेकर आते हैं।

उन्होंने जिले में संचालित लगभग 6 हजार जल संरक्षण कार्यों का उल्लेख करते हुए व्यवहारिक समाधानों और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया, साथ ही वैज्ञानिक पद्धति से पौधारोपण करने का सुझाव भी दिया।

कार्यक्रम में च्जल ऋषिज पद्मश्री महेश शर्मा ने पर्यावरण के प्रति मानवीय जिम्मेदारी को रेखांकित करते हुए कहा कि केवल सम्मेलनों से जल संरक्षण संभव नहीं है, इसके लिए निरंतर परिश्रम और जमीनी संघर्ष की आवश्यकता है। उन्होंने हरित भविष्य के संकल्प के साथ अधिक से अधिक पौधे लगाने और पेड़ों की कटाई रोकने का आह्वान किया। भूजल वैज्ञानिक सुनील चतुवेर्दी ने वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) के वैज्ञानिक महत्व को साझा किया और बताया कि पिछले दशकों में ट्यूबवेलों के अत्यधिक उपयोग से भूमिगत जलस्तर पर गहरा प्रभाव पड़ा है। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न स्कूली प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और विशेषज्ञों ने उपस्थित जनसमुदाय की जिज्ञासाओं का वैज्ञानिक समाधान प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक साथ स्व-गणना प्रपत्र भरकर जागरूकता का संदेश दिया। सत्येंद्र राठौर द्वारा स्व गणना के संबंध प्रशिक्षित भी किया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने जानकारी दी कि मंदसौर जिले ने इस दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।



## नाहरगढ़ की प्राचीन बावड़ी का होगा जीर्णोद्धार

**मंदसौर।** जल गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत जिले की ऐतिहासिक और पारंपरिक जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने का कार्य तेज हो गया है। जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन ने ग्राम पंचायत नाहरगढ़ पहुंचकर वहां स्थित प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण किया और इसके संरक्षण व साफ-सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत नाहरगढ़ में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं पुनर्जीवन सुनिश्चित किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। सीईओ ने ग्राम बर्डिया पीना में अमृत सरोवर योजना के तहत बन रहे नए तालाब का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इन पारंपरिक स्त्रोतों के जीर्णोद्धार से न केवल जल संचयन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल स्तर में भी सुधार होगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रमिकों से चर्चा कर कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

## निःशुल्क नेत्र शिविर में बड़ी संख्या मे मरीजों की जांच हुई

**नीमच।** इनरव्हील क्लब और गोमाबाई नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जिला अंधत्व निवारण समिति के सहयोग एवं प्रशासनिक अनुमति से विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। गोमाबाई नेत्रालय में आयोजित शिविर में शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की आंखों की गहन जांच कर नजर, मोतियाबिंद, काला मोतिया (ग्लूकोमा), नासूर एवं रेटिना संबंधी बीमारियों का निःशुल्क परीक्षण किया।जांच में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित मरीजों के ऑपरेशन लेंस प्रत्यारोपण सहित आगामी निर्धारित तिथियों पर गोमाबाई नेत्रालय में पूर्णतः निःशुल्क किए जाएंगे। शिविर में जरूरतमंद मरीजों को दवाइयों एवं निःशुल्क चश्मों का भी वितरण किया गया। शिविर संयोजक मुकेश मेहता ने बताया कि अन्य जटिल नेत्र रोगों से ग्रसित मरीजों को उपचार हेतु मार्गदर्शन दिया गया तथा आवश्यक ऑपरेशनों पर विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी।कार्यक्रम का शुभारंभ इनरव्हील क्लब सदस्यों और शिविर आयोजक मुकेश मेहता द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। सचिव प्रेरणा शर्मा ने इनरव्हील प्रार्थना का वाचन किया।

## स्व . पं .मोतीलाल दवे की स्मृति में वॉटर कूलर भेंट किया

**रतलाम।** श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट द्वारा त्रिवेणी तट पर पं.रामचन्द्र जी डोंगरे महाराज की मूर्ति स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर पं. राजेश दवे परिवार द्वारा स्व. पं.मोतीलाल दवे की स्मृति में वॉटर कूलर भेंट किया गया। जिसका शुभारम्भ स्वामी सुधानंद जी, महर्षि संजय दवे के द्वारा शुभारम्भ किया गया ।इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र शर्मा, नवनीत सोनी आदि उपस्थित थे।

# महिला अफसर की प्रताड़ना से पीड़ित पटवारी की आत्महत्या से हड़कम्प

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



जिले के आलोट में पदस्थ पटवारी रविशंकर खराड़ी के सुसाइड मामले में बढ़ते विरोध के बाद कलेक्टर मिशा सिंह ने नायब तहसीलदार सविता राठौर को निलंबित कर दिया है। मंगलवार रात से ही मृतक के परिजन और पटवारी संघ नायब तहसीलदार पर केस दर्ज करने की मांग को लेकर थाने में धरने पर बैठे थे।

बुधवार सुबह परिजनों ने एफआईआर दर्ज होने तक शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और मेडिकल कॉलेज में धरने पर बैठ गए। वर्तमान में सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार और जयस नेताओं के साथ परिजन अपनी मांग पर अड़े हैं, वहीं प्रशासनिक अधिकारी उन्हें लगातार समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

बुधवार सुबह मृतक के परिजन पोस्टमार्टम न कराने को लेकर अड़ गए। उनका कहना है कि पहले नायब तहसीलदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए, उसके बाद ही आगे की प्रक्रिया होगी। इसके बाद बड़ी संख्या में समाजजन और पटवारी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए और वहीं बैठकर विरोध जताने लगे।

स्थिति संभालने के लिए अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव और एसडीएम आर्ची हरित मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारी परिजनों के बीच जमीन पर बैठकर उन्हें समझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन वे नहीं माने। काम बंद कर धरने पर बैठे परिजनों और पटवारियों के साथ सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष केशुराम निनामा, दिनेश माल समेत अन्य जयस नेता भी बैठ गए हैं। करणी सेना परिवार प्रमुख जीवन सिंह भी धरने में शामिल हो गए। निलंबन की कार्रवाई की बात अब सभी नायब तहसीलदार के खिलाफ एफआईआर करने की मांग पर अड़े हुए है।

पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने बताया कि नायब तहसीलदार के दबाव के कारण उनके साथी ने मौत को गले लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नायब तहसीलदार सविता राठौर ने नियम विपरीत काम कराने का अनुचित दबाव बनाया और भाई की शादी में भी छुट्टी नहीं दी। पटवारी संघ ने हत्या का केस दर्ज करने की मांग की है। वहीं, धरने में शामिल सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार ने कहा, नायब तहसीलदार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रयास का केस दर्ज होना चाहिए।

# बिजली पीड़ित उपभोक्ता समिति ने अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा



भीषण गर्मी के चलते लोगों के हाल-बेहाल है। ऐसे में विद्युत कम्पनी द्वारा अघोषित बिजली कटौती के कारण समाज का हर वर्ग परेशान हैं। खासकर बुजुर्ग व बच्चे विद्युत की आंख मिचौली से असहनीय गर्मी झेलने को मजबूर है।

बुधवार को तहसीलदार सहदेव मोरे को ज्ञापन सौंपते हुए बिजली पीड़ित उपभोक्ता समिति के सदस्यों ने कही। पत्र में कहा गया है कि झुलसाती गर्मी के बीच पंखे व कूलर ही तेज लपटों से बचाव हेतु नागरिकों की राहत का एकमात्र सहारा है। लेकिन बिजली विभाग द्वारा इस मौसम में भी 4 से 6 घण्टे विद्युत आपूर्ति ठप्प कर दी जाने से लोगों को पसीने से तरबतर होना पड़ रहा है। समिति के मुताबिक मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कम्पनी द्वारा अघोषित बिजली कटौती करने से दमे के मरीज वृद्धजनों को बेहद तकलीफ होने के साथ ही दुधमुंहे बच्चों को बिलखते देखा जा सकता है। मरीजों की कुछ दवाइयां फ्रिज में ही सुरक्षित रखी जा सकती है। ऐसी स्थिति में विद्युत सप्लाई घण्टों बंद रहने से दवाइयों के खराब होने की संभावना बनी रहती है। बिजली पीड़ित उपभोक्ता समिति ने आरोप लगाया कि मेंटेनेंस के नाम पर विद्युत विभाग मनमानी करते हुए लोगों को गर्मी के दिनों में कष्टप्रद स्थिति में जीने को विवश कर रहा है। विभाग का हेल्प डेस्क फोन नहीं उठाने को लेकर भी समिति ने नाराजगी जताई और कहा कि कम्पनी का कोई भी जिम्मेदार बिजली गुल होने की दशा में यह बताने को तैयार नहीं रहता है कि लाइट कब आएगी। समिति ने तहसीलदार को दिए पत्र में मांग की है कि विद्युत विभाग के जवाबदारों को तत्काल निर्देशित कर अघोषित बिजली कटौती बंद करवाई जाए।

गर्मी को देखते हुए प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे के बीच बिजली आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रखी जाए। पत्र में चेतावनी दी गई है कि यदि बिजली विभाग ने अघोषित बिजली कटौती बंद नहीं की तो जनसहयोग से कम्पनी के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। पत्र की प्रतिलिपि कलेक्टर व एसडीएम को भी प्रेषित की गई। इस दौरान बिजली पीड़ित उपभोक्ता समिति के सुनील पोखरना, निलेश मेहता, एडवोकेट उबेद अंसारी, गुड्डू पठान, असलम मेव, अली जमान, जगदीश सोलंकी, मुकेश धाकड़, जीवन सेनी, आरडी धाकड़, रईस कुरैशी, मोहम्मद हुसैन उर्फ भुरु, सिकंदर मेव, फरीद हुसैन मेव, शाहरुख डेविड सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूज कालम



## पुलिस ने 101 किलो डोडाचूरा सहित तीन आरोपी को किया गिरफ्तार

**नीमच।** जिले के रतनगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी मात्रा अवैध 101 किलो डोडाचूरा जब्त कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। नीमच में नशे पर वार-101 किलो डोडाचूरा सहित 3 आरोपी गिरफ्तार,रतनगढ़ पुलिस का बड़ा खुलासा किया हैं जिसमे खेत से निकला भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ, सायबर सेल और पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई हुई। प्रदेश में चल रहे नशा विरोधी अभियान के तहत पुलिस थाना रतनगढ़ को बड़ी सफलता मिली है। दिनांक 21 अप्रैल को ग्राम आलोरी गरवाड़ा स्थित एक खेत पर दबिश देकर पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ जब्त किया। यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर की गई। पूरे ऑपरेशन को उप पुलिस महानिरीक्षक रतलाम रेंज निमिष अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक नीमच अंकित जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया एवं एसडीओपी जावद रोहित राठौर के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। 20-21 अप्रैल की रात पुलिस को सूचना मिली कि खेत में अवैध मादक पदार्थ छिपाकर रखा गया है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## जानीबाई के निधन पर गुर्जर एवं टुटेजा ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की



**पिपलीया मंडी।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई एव पंचायत के पूर्व अध्यक्ष चौथमल गुप्ता की माताजी श्रीमती जानीबाई का 92 वर्ष की आयु में निधन होगया था।बुधवार को जिला कांग्रेस के अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर,पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह टुटेजा ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर नगर एवं समाज की बड़ी क्षति बताया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,वरिष्ठ कांग्रेसनेता अनिल बोराना,मंडलम अध्यक्ष पंकज बोराना,भेरुपप्पू गुर्जर,अनिल मूलासिया आदि मौजूद थे।

## खुले में पशु छोड़ने पर नपा ने पशु पालकों पर किया 7 हजार का जुर्माना

**नीमच।** नीमच शहर में सड़कों पर निराश्रित पशु छोड़े जाने पर नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के निर्देश पर निराश्रित पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही निरंतर जारी है और अब इसके साथ-साथ नगर पालिका ने पशुपालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी है। नगर पालिका के स्वास्थ्य सभापति श्री धर्मेश पुरोहित एवं स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश टांक के नेतृत्व में स्वच्छता निरीक्षक श्री गोपाल नरवाले ने निराश्रित पशुओं को पकड़ने वाली टीम के श्री महेंद्र गोडाल व अन्य सदस्यों के सहयोग से नीमच शहर के वार्ड क्रमांक 23 स्कीम नंबर 7, शंभू व्यायाम शाला मार्ग पर खुले में पशु छोड़ने पर अभियान चलाते हुए सात पशु पालकों के चालान बनाते हुए सात हजार रूपए का जुमार्ना वसूल किया। स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश टांक में बताया कि निराश्रित पशुओं को सड़क पर छोड़ने पर नगर पालिका द्वारा पशुपालकों पर जुर्माने के साथ ही पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई भी निरंतर जारी रहेगी।

## कालाखेत में स्वास्थ्य शिविर आयोजित, टीबी के प्रति किया जागरूक



**मन्दसौर।** आयुष्मान आरोग्य अभियान के तहत वार्ड क्र. 18 कालाखेत में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ। कलेक्टर अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का उदघाटन पार्षद प्रतिनिधि अमन फरक्या ने किया। शिविर में टीबी (क्षय रोग) की पहचान के लिए विशेष जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य कर्मी अजय पाण्डेय ने लोगों को बताया कि 6 माह के नियमित उपचार से टीबी को पूरी तरह जड़ से खत्म किया जा सकता है। शिविर में मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन और बीएमआई का परीक्षण भी किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया।

## पृथ्वी दिवस पर शासकीय विद्यालय भरभड़िया में विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न



**नीमच।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय भरभड़िया में बुधवार 22 अप्रेल 2026 को पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आयोजित किये गये। इस दौरान विद्यालय के बालक-बालिकाओं ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझते हुए चित्रकला, निबंध लेखन, पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान में भाग लिया। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पृथ्वी को सुरक्षित रखने के उपायों के बारे में जानकारी दी तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाने, जल संरक्षण करने और प्लास्टिक का उपयोग कम रने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर

## भारतीय मजदूर संघ ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**ब्यावरा।** भारतीय मजदूर संघ के तत्वावधान में आज आउटसोर्स कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर राजगढ़ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आउटसोर्स कर्मचारियों से संबंधित प्रमुख समस्याओं का विस्तारपूर्वक उल्लेख करते हुए उनके शीघ्र निराकरण की मांग की गई। कर्मचारियों ने सेवा शर्तों में सुधार, वेतन विसंगतियों के निराकरण, समय पर वेतन भुगतान तथा ईएसआई, पीएफ जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं को सुनिश्चित किए जाने की प्रमुख मांग की। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी उपस्थित रहे। ज्ञापन का वाचन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री संजय शेखर शर्मा द्वारा किया गया, जिसमें कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को शासन के समक्ष प्रमुखता से रखा गया। कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उक्त समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर प्रेषित किया जाएगा तथा यथाशीघ्र उचित कार्यवाही के प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पवन मेहता प्रदेश संयोजक, पर्यावरण मंच, राजेश सक्सेना जिला अध्यक्ष, संजय शेखर शर्मा जिला मंत्री, आजीविका मिशन सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हजयात्रा पर जा रहे हाजियों का पाडल्या माताजी में हुआ स्वागत



**सारंगपुर।** मुस्लिम समाज का पवित्र तीर्थ स्थल मक्का मदीना हज यात्रा पर रवाना होने वाले हाजी सलीम मंसूरी शिक्षक व उनकी पत्नी (हिरण खेडी) वाले का पाडल्या माताजी में स्वागत किया गया। इस अवसर पर गांव के लोगों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत करते हुए यात्रा की मुबारकबाद दी। हाफिज एहसान मंसूरी ने कहा कि हर मुसलमान के दिल में यह ख्वाहिश होती है कि वह एक बार अल्लाह के घर मक्का-मदीना का दीदार करे। उन्होंने कहा कि हाजियों का चयन होना उनकी खुशकिस्मती है और यह अल्लाह की खास रहमत है। गांव के लोगों ने हज पर जा रहे हाजियों से देश में अमन, सुख-चैन और खुशहाली के लिए दुआ करने की दरखास्त की। बताया गया कि हाजी मुंबई के लिए रवाना होंगे, जहां से वे जद्दा पहुंचेंगे और आगे हज यात्रा पूरी करेंगे। इस अवसर पर हाजी शफीक मोहम्मद, सुलेमान मंसूरी, ईशाक मोहम्मद, लुकमान मंसूरी, जब्बार मंसूरी, इस्माइल मंसूरी, अजीज मंसूरी, जाकिर मंसूरी,वहिद मंसूरी, फरमान मंसुरी, इल्यास मंसूरी, इंजमाम मंसूरी,बिलाल मंसूरी,अनस मंसूरी, बुलंद मंसूरी सहित कई ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## बैस राजपूत समाज का 32 जोडों का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न



**सरंगपुर।** अक्षय तृतीय पर बैस राजपूत समाज के 32 जोडों का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन किठोर रोड तलेनी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज की ऐतिहासिक सामूहिक का निर्वाहन किया गया। सन 1992 यानि करीब 33 वर्षो से चली आ रही गौरवशाली परंपरा का निर्वाह करते हुए समाज के सभी बांधुओ सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही विवाह करते चले आ रहे हैं जिससे कि समाज में घर से शादियों में होने वाले महंगे खर्चों से बच्चा जा सके और समाज में समरसता का भाव बना रहे हैं। बेस राजपूत समाज के अध्यक्ष सतीश सिंह बेस ने बताया कि बेस राजपूत समाज में हर वर्ष सिर्फ अक्षय तृतीया पर ही सम्मेलन होता है और इस सम्मेलन में समाज बढ चढकर हिस्सा लेते है। इसमें दान दाताओं द्वारा दान भी दिया जाता है। सामुहिक विवाह सम्मेलन मे घर पर कोई रिसेप्शन का कार्यक्रम भी नहीं करता। साथ ही समिति द्वारा सम्मेलन की व्यवस्था की जाती है और समिति के मार्गदर्शन में सम्मेलन संपन्ना होता है। पूरी व्यवस्था समिति और समाज के वरिष्ठजन देखते हैं और समाज सुधार के लिए हमेशा प्रेरित करते रहते हैं।

## शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय प्राचार्य को एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** एनएसयूआई के द्वारा शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर प्राचार्य ममता खोईया को कालेज में विभिन्न समस्याओं एवं हो रहे राजनीतिकरण के विरूद्ध ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर एनएसयूआई सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने कहा कि आज हमारे शिक्षा के मंदिर और प्रशासनिक गरिमा पर हमला हो रहा है। प्रबंधन द्वारा मयार्दाओं को ताक पर रखकर एक राजनैतिक दल की रैली में भाग लेना और भ्रामक प्रचार करना सिविल सेवा आचरण संहिता की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है। सरकारी तंत्र और विपक्ष का विरोध करने वाली ऐसी मानसिकता के खिलाफ हमें आवाज उठानी होगी। एनएसयूआई ने कालेज की समस्याओं का निराकरण करने की भी मांग की।

भीषण गर्मी में बेजुबानों को राहत, सुसनेर में बढ़ी जनभागीदारी

# व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ा अभियान गांव, शहर में लगाए जा रहे पक्षियों के लिए जल पात्र

### मोहल्लों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक, पक्षी मित्र अभियान को मिला जनसमर्थन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



भीषण गर्मी के इस दौर में जहां इंसान के लिए पानी जीवन का आधार है, वहीं बेजुबान पक्षियों के लिए यह और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। सुसनेर क्षेत्र में इसी भावना को साकार करते हुए पिछले 11 वर्षों से लगातार पक्षी मित्र अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से पक्षी मित्र शिक्षक मनोज सोनी हर वर्ष गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए जल पात्र रखने की प्रेरणादायी पहल करते आ रहे हैं जो अब एक जनसमर्थन का रूप ले चुकी है।

मनोज सोनी ने बताया कि इस वर्ष भी उन्होंने अभियान की शुरूआत करते हुए लोगों से जुड़ने का अनुरोध किया, जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। उनके आह्वान पर करीब 40 से 50 लोगों ने अपना समय निकालकर अपने-अपने क्षेत्रों में जल पात्र स्थापित किए। इन लोगों ने अपने घरों, मोहल्लों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की, जिससे इस भीषण गर्मी में उन्हें राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने इस अभियान की शुरूआत की थी, तब यह एक छोटा सा प्रयास था, लेकिन समय के साथ लोगों में जागरूकता बढ़ी और अब यह एक व्यापक मुहिम बन गई है। हर साल इसमें लोगों की भागीदारी बढ़ती जा रही है, जिससे अभियान को नई दिशा और गति मिल रही है। इस वर्ष अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए मनोज सोनी ने व्हाट्सएप ग्रुप का गठन किया। इस ग्रुप के माध्यम से उन्होंने लोगों को जोड़ा और उन्हें पक्षियों के लिए जल पात्र रखने के लिए प्रेरित किया।

ग्रुप में जुड़े सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए कार्यों की तस्वीरें और अनुभव साझा कर रहे हैं जिससे अन्य लोग भी प्रेरित हो रहे हैं। मनोज सोनी ने बताया कि इस सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से सुसनेर ही नहीं बल्कि आसपास के कई क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने इस अभियान से जुड़कर जल पात्र लगाए हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि यदि सही दिशा में प्रयास किए जाएं तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इसी क्रम में आज मनोज सोनी ने अपने मोहल्ले वासियों के साथ मिलकर जल पात्र स्थापित किए। इस दौरान सभी ने नियमित रूप से इन पात्रों में पानी भरने और पक्षियों की देखभाल करने का संकल्प लिया। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

मनोज सोनी ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति अपने घर या आसपास एक छोटा सा जल पात्र अवश्य रखे। यह छोटा सा प्रयास भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए जीवनदायी साबित हो सकता है। इस प्रकार पक्षी मित्र अभियान न केवल पक्षियों को राहत प्रदान कर रहा है। बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण, जीव-जंतुओं के प्रति दया और सामाजिक जिम्मेदारी का भी सशक्त संदेश दे रहा है।

**जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में लगाए गए जल पात्र**

भीषण गर्मी के बीच नगर परिषद द्वारा पक्षियों के लिए जल पात्र लगाने का सराहनीय कार्य किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, पार्षद प्रतिनिधि युगल किशोर परमार, सीएमओ ओपी नागर सहित कर्मचारी आबिद खान एवं मुकेश जगताप उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को जनहित में महत्वपूर्ण बताते हुए लोगों से भी आगे आकर सहयोग करने की अपील की।

# अक्षय तृतीया पर श्री आदिनाथ भगवान का इक्षु रस से अभिषेक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर



अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर नगर स्थित विश्व के प्राचीन तीर्थों में से एक श्री शत्रुंजय आदिनाथ तीर्थधाम (किला जैन मंदिर) में 2300 वर्ष प्राचीन मूलनायक श्री आदिनाथ भगवान का इक्षु रस (गन्ने के रस) से भव्य अभिषेक किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अभिषेक का पुण्य लाभ विजयकुमारजी कंवरलालजी जैन परिवार द्वारा लिया गया। प्रथम केसर पूजा एवं पुष्प पूजा का लाभ माणकलालजी अशोकजी नवलखा परिवार को प्राप्त हुआ, वहीं आरती एवं मंगल दीपक का लाभ विमलचंदजी मेहता परिवार द्वारा लिया गया।

**अक्षय तृतीया का धार्मिक महत्व**

जैन धर्म के अनुसार युगादिदेव भगवान श्री आदिनाथ ने दीक्षा के पश्चात 400 दिनों तक निर्जल एवं निराहार तप किया। वैशाख शुक्ल तृतीया के दिन वे हस्तीनापुर पहुंचे, जहां प्रजा उनके दर्शन हेतु उमड़ पड़ी। उस समय राजकुमार श्रेयांस कुमार को जाति स्मरण ज्ञान हुआ और उन्होंने विधिपूर्वक भगवान को इक्षु रस का आहार कराया। यह क्षण जैन परंपरा में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

**तीर्थधाम की विशेषता**

श्री शत्रुंजय आदिनाथ तीर्थधाम, महिदपुर में विश्व में सर्वप्रथम 108 श्री आदिनाथ भगवान की प्रतिमाएं विराजित हैं, साथ ही यहां पांच महातीर्थों की रचना भी की गई है, जो इसे विशेष धार्मिक महत्व प्रदान करती है।

इस अवसर पर तीर्थधाम ट्रस्ट द्वारा गन्ने के रस से साधर्मिक भक्ति का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के सचिव हेमंत आंचलिया ने सभी लाभार्थी परिवारों की अनुमोदना करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 93%अंकों के साथ उजमा शेख ने रचा इतिहास, जश्न की लहर

**तराना।** हाई स्कूल परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ ही नगर में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। इस वर्ष पीएमश्री विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस सफलता के बीच कक्षा 10वीं की होनहार छात्रा उजमा शेख पिता इरफान शेख ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन कर दिया। उजमा शुरू से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित और अनुशासित छात्रा रही हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार गेहलोत, सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन और अपने परिवार के निरंतर सहयोग को दिया। उजमा ने बताया कि नियमित अध्ययन, समय का सही प्रबंधन और शिक्षकों के निदेशों का पालन ही उनकी सफलता की कुंजी रहा। विद्यालय परिवार ने उजमा की इस उपलब्धि पर विशेष प्रसन्नता व्यक्त की। प्राचार्य अशोक कुमार गेहलोत ने कहा कि उजमा जैसी प्रतिभाशाली छात्राएं ही विद्यालय की असली पहचान होती हैं। उनकी मेहनत और लगन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उजमा की इस शानदार सफलता से उनके घर में खुशी का माहौल है। माता-पिता, चाचा-चाची और अन्य परिजनों ने मिठाइयां बांटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। पूरे समाज में भी उजमा की इस सफलता की सराहना हो रही है और लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।



## सरकारी संस्थाओं में शिविर आयोजित कर बना रहे सदस्य

**तराना।** पैक्स सदस्यता महा अभियान 14 अप्रैल से 15 मई तक चलाया जाएगा। पैक्स के सदस्य बनने पर शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण का लाभ मिलेगा।जिला सहकारी बैंक शाखा तराना द्वारा पैक्स सदस्यता महा अभियान के अंतर्गत क्षेत्र की सभी प्राथमिक कृषि साख सरकारी संस्थाओ में शिविर आयोजित कर सदस्य बनाए जा रहे। हैं। तराना शाखा अंतर्गत छडावद, भड़सीमा, सालाखेड़ी, करंज, कचनारिया, डाबड़ा व बघेरा, में शिविर आयोजित कर सदस्यता अभियान की जानकारी दी गई शाखा प्रबंधक दिनेश सिंह यादव ने बताया अभियान का मुख्य उद्देश्य पात्र गैर सदस्य किसानों को सहकारी संस्थाओं से जोड़ना है ताकि वे सस्थागत, रन कृषि सेवा ओं व अन्य सहकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सके यह अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है पर्यवेक्षक शेख इरफान संस्था प्रबंधक संजय पटेल विजेंद्र सिंह चौहान दरबार सिंह चौहान नरेंद्र जोशी सुमित प्रजापति भारत सिंह चौहान आदि ने क्षेत्र के किसानों से सदस्यता महा अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक संस्था में सदस्यता बनाने का आह्वान किया है।

## 27 को होगा कृषि आदान व्यापारियों का एक दिन का सांकेतिक देशव्यापी बंद

**सारंगपुर।** देश के खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों के राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर सारंगपुर में भी आगामी 27 अप्रैल को समस्त खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी एक दिन के सांकेतिक हडताल पर रहेंगे। मध्य प्रदेश कृषि आदान विक्रेता संगठन जिला राजगढ जिला उपाध्यक्ष आदित्य उपाध्याय ने बताया कि खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों की विभिन्ना समस्याओं को लगातार राज्य एवं केंद्र सरकारो के सामने उठाए जाने के बाद भी निराकरण नहीं किए जाने के विरोध में महाराष्ट्र राज्य संगठन (माफड़ा) द्वारा 27 अप्रैल से अनिश्चितकालीन बंद का आवाहन किया गया है। उसके समर्थन में देश के सभी राज्यों में खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी एक दिन की सांकेतिक हडताल पर रहेंगे। जानकारी देते हुए श्रीउपाध्याय ने बताया कि जिन मुद्दो को लेकर यह सांकेतिक हड़ताल की जा रही है।

बड़नगर में मेवाड़ा माली समाज के16वें

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 6 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर



मेवाड़ा माली समाज, बड़नगर के तत्वावधान में 21 अप्रैल को समाज का 16वां सामूहिक विवाह सम्मेलन शंकर बावड़ी परिसर में पूरी भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक सम्मेलन में समाज के 6 जोड़ों ने सादगी और अटूट एकता के संकल्प के साथ अपने दांपत्य जीवन का शुभारंभ किया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संजय जलिया (प्रदेश अध्यक्ष, संयुक्त माली समाज राष्ट्रीय फूले ब्रिगेड) एवं विशेष अतिथि के रूप में बड़नगर विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या उपस्थित रहे।

समाज अध्यक्ष नारायण खटया एवं कोषाध्यक्ष जगदीश धुसरिया ने समाज को कड़ा और स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि समाज का वास्तविक उत्थान केवल बड़े आयोजनों से नहीं, बल्कि वैचारिक क्रांति और सामूहिक शक्ति से संभव है। यह 16वां सामूहिक विवाह सम्मेलन इस बात का प्रमाण है कि हमारा समाज अब दिखावे की राजनीति और फिजूलखर्ची से ऊपर उठकर, एकता के सूत्र में बंधकर आगे बढ़ रहा है। हम आने वाली पीढ़ी के लिए एक ऐसा मजबूत समाज छोड़कर जाएंगे, जो शिक्षित भी होगा और संगठित भी। शिवसेना नगर अध्यक्ष एवं सम्मेलन के मीडिया प्रभारी संतोष बगेरवाल ने कहा कि मेवाड़ा माली समाज का यह गौरवशाली संकल्प अटूट है। सामूहिक मंच से विवाह करना किसी मजबूरी का नहीं, बल्कि हमारी प्रगतिशील सोच और स्वाभिमान का प्रतीक है। समाज की इस सेवा यात्रा में हर कदम पर हम साथ खड़े हैं।

सम्मेलन के अंत में सभी दानदाताओं, युवाओं और समाजजनों का आभार व्यक्त किया गया।

**अतिथियों का स्वागत**

समाज के वरिष्ठ जनों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। सम्मेलन की सफलता में जगनाथ खटया, रवि हिंडोलिया, लोकेन्द्र धरावनिया, किशोर असावरा, प्रवीण तलाव हेमन्त बड़ोदिया, सुनील रीछा, रमेश बड़ोदिया, राजूबाई असावरा, नंदीबाई बड़ोदिया विशेष योगदान रहा। खाद्यान्न एवं भोजन समिति केशरीमल रीछा, शिवनारायण धरावनिया, कन्हैयालाल बड़ोदिया, दीपक तलाव, चिन्तामण घुसुरिया, व्यवस्था एवं जल समिति दिनेश टॉक, महेश बड़ोदिया, बाबूलाल टॉक, परामर्श एवं मार्गदर्शक गोविन्द रीछा, मोतीलाल असावरा, सागरमल बगेरवाल, भागीरथ दुनिया ने सेवाएं दी।



## सारंगपुर में वर्षी तप पूर्ण होने पर तपस्विनी का निकला वरघोडा

**सारंगपुर।** नगर में जैन समाज के लिए सोमवार का दिन श्रद्धा, भक्ति और गौरव का प्रतीक बन गया। श्वेतांबर जैन संत मुक्ति सागर सूरीश्वर मसा के सान्निाध्य में सपना मयंक श्रीमाल द्वारा एक वर्ष तक की गई कठिन वर्षी तप तपस्या पूर्ण हुई। इस अवसर पर धार्मिक आयोजन किए गए, साथ ही वरघोडा भी निकाला गया। सुबह से ही शांतिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड पडी। मंदिर में विशेष पूजन, अभिषेक एवं मंगल विधानों के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद तपस्या पूर्ण करने वाली सपना श्रीमाल के सम्मान में मंदिर से शगुन बिहार तक भव्य वरघोडा (चल समारोह) निकाला गया। जिसमें सपना श्रीमाल सुसज्जित रथ में विराजमान रहीं। मार्ग में विभिन्ना स्थानों पर समाजजनों द्वारा पुष्पवर्षा, माल्यार्पण एवं अभिनंदन कर उनका स्वागत किया गया। ढोल-धमाकों, भक्ति गीतों के साथ निकले चल समारोह में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वर्षभर की कठोर तपस्या पूर्ण होने पर पारंपरिक विधि से पारणा (तप समापन) भी विधिपूर्वक कराया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, महिला मंडल, युवा वर्ग एवं बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जुलूस का स्वागत सकल जैन समाज के द्वारा एवं प्रदीप श्रीमाल, ओमप्रकाश गुप्ता, गोल्डी श्रीमाल, बालमुकुंद गुप्ता, रिंकू श्रीमाल, नवीन चौरसिया, नितेश मिश्रा, कमलेश चौरसिया पटवारी, सुधीर श्रीमाल, गोवर्धन सोनी, अशोक श्रीमाल, विनोद श्रीमाल, प्रदीप प्रमोद सादानी, संजय डैडी, चीनू श्रीमाल, लाभमल जैन, आशीष जैन, दीपक जैन, संतोष बरडीया, कमल राठौर दयावान, विक्रम राठौर, रिंकू राठौर, पंकज बरडीया, पारस पारख, नरेंद्र जैन, बंटी जैन नाकोडा, बलराज व्यास द्वारा किया गया।

## दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौपा



**महिदपुर।** दुर्गावाहिनी मातृ शक्ति द्वारा प्रदूषण एवं बदबूदार जल की समस्या को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन का वाचन करते हुए दीप्ति मल्होत्रा द्वारा बताया गया कि नलों में प्रतिदिन बदबूदार मैला पानी आ रहा है जिससे नगर में महामारी फैलने की आशंका है साथ ही जिला संयोजिका रजनी गुलाटी ने बताया कि नगर में नारायण रोड पर अवैध अतिक्रमण एवं आवारा पशुओं के चलते आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। वसुधा आचार्य ने कहा कि मेला रोड एवं गंगावाड़ी में नगर पालिका द्वारा कचरे को कहीं भी फेंका जा रहा है। महिदपुर नगर में अंडे की ठेला गाड़ियों को भी विक्रय के लिए एक अलग स्थान दिया जाए ताकि धार्मिक भावना दूषित ना हो । अगर नगर पालिका द्वारा इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो दुर्गा वाहिनी वृहद स्तर पर आंदोलन करेगी । ज्ञापन देते समय अनीता मल्होत्रा, सरिता कालरा, रीना गेरा, लवलीन कालरा, प्रभा शर्मा, सोनू रोहिणी मेहता, रेखा चैरसिया, नीतू जैन, पुष्पा टक्कर, सुनीता पोरवाल, दुर्गा असोदिया, रानू प्रजापत, राधा शर्मा, राधिका शर्मा आदि मातृ शक्ति उपस्थित रही। यह जानकारी जिला सहसंयोजिका सरोज पोरवाल द्वारा दी गई।

## पंवार बने किसान कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष



**महिदपुर रोड।** ग्राम झुटावद के क्षत्रिय समाज के युवा समाज सेवी पूर्व उप सरपंच तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेन सिंह पंवार को उज्जैन जिला किसान कांग्रेस के अ ध्यक्ष अशोक जाट ने महिदपुर रोड ब्लॉक किसान कांग्रेस का अध्यक्ष मनोनीत किया पंवार की नियुक्ति पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कमल किशोर त्रिवेदी ब्लॉक अध्यक्ष भरत शर्मा जनपद सदस्य कुलदीप सिंह सर पंच शिव सौलंकी उप सरपंच महेश पंड्या राकेश सेठिया भरत जाट लक्ष्मी नारायण राठौर धारासिंह जाट सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

भारतीय किसान संघ का जोरदार प्रदर्शन


## किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सारंगपुर।** भारतीय किसान संघ ने सारंगपुर में एसडीएम रोहित बम्हौरे से मुलाकात कर किसानों की गंभीर समस्याओं को लेकर तीखा विरोध दर्ज कराया और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम का विस्तृत ज्ञापन सौंपा। किसान नेताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसान शासन-प्रशासन की लापरवाही और अनदेखी के कारण किसान लगातार परेशान हैं, फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है और आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। भारतीय किसान संघ ने ज्ञापन में किसानो की समस्याओं को उठाया और कहा कि समय समय पर शासन प्रशासन को अवगत कराया जा रहा है। लेकिन जिम्मेदारो के द्वारा किसानों की और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ज्ञापन देते हुए संघ के तहसील अध्यक्ष देवनारायण नागर ने कहा कि हमारी मांग है कि सभी किसानो के स्लाट बुक करवा कर पंजीयन पर गेहूं तुलवाये जाए। कृषि पम्प के पुराने तार एवं झूले हुए तार एवं खम्बे को सही किया जा, इन्ही झूले हुए तारों की वजह से आए दिन आग जनी की दुर्घटना होती है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने पर जो भी कार्रवाई शासन द्वारा किसानो पर की गई उस पर रोक लगे और पराली प्रबंधन के लिये शासन द्वारा उचित कार्रवाई हो।

# मथुरा-वृंदावन से द्वारका तक

## कान्हा के इन धामों

महाभारत और पुराणों में भगवान श्रीकृष्ण का जीवनकाल 125 साल का बताया गया है। लेकिन अपने जीवनकाल में शायद ही श्रीकृष्ण लंबे समय तक एक स्थान पर रहे हों। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन अलग-अलग चरणों में बीता। खतरे के माहौल को देखते हुए बचपन छिपकर बिताया। यौवन काल प्रेम और विरह से भरा, वयस्क जीवन जिम्मेदारियों से भरा और आखिर में वैराग्य और एकांत से जुड़ी यादें। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको जन्म से लेकर वैराग्य तक भगवान श्रीकृष्ण के पवित्र धाम के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आज भी दिव्यता



**मथुरा-** भगवान श्रीकृष्ण का जन्म मथुरा में हुआ था। यहां पर भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मंदिर और विश्राम घाट है। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में श्रीकृष्ण जन्मभूमि है।

**गोकुल-** जन्म के बाद श्रीकृष्ण का पालन-पोषण नंद बाबा के घर गोकुल में ही हुआ था। यहां के मुख्य स्थल नंद भवन और रमणरेती है। आज भी यहां की गलियां बाल कृष्ण की लीलाओं की गवाही देती है। यहां पर आज भी मां यशोदा की लोरियां और घर-घर में श्रीकृष्ण के माखन चुराने की कथाएं प्रचलित हैं।

**वृंदावन-** वृंदावन श्रीराधा-कृष्ण की रासलीलाओं का पावन स्थल है। वृंदावन के प्रमुख मंदिर प्रेम मंदिर और बांके बिहारी मंदिर है। यहां का हर कोना प्रेम और भक्ति से सराबोर रहता है। यहां पर रात के समय राधा रानी और गोपियों की मौजूदगी को महसूस किया जा सकता है।

### नंदगांव

नंदगांव भगवान श्रीकृष्ण के किशोर काल से जुड़ा है। यहां का मुख्य आकर्षण नंद राय मंदिर है।

### बरसाना

यह गांव राधा जी का गांव माना जाता है। यहां पर लाडली जी का मंदिर है। वहीं बरसाना की लठमार होली विश्व प्रसिद्ध है।




### उज्जैन

उज्जैन में श्रीकृष्ण ने गुरु संदीपनि के आश्रम में शिक्षा ली थी। यहां पर आज भी संदीपनि ऋषि का आज भी दर्शनीय है। यहां पर श्रीकृष्ण की सुदामा से मित्रता हुई थी।

### द्वारका

मथुरा छोड़कर भगवान श्रीकृष्ण ने द्वारका को अपनी राजधानी बनाया था। यहां का मुख्य आकर्षण द्वारकाधीश मंदिर है। द्वारकाधीश मंदिर चार धामों में से एक प्रमुख धाम है।

### कुरुक्षेत्र

महाभारत युद्ध के दौरान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र में अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था। यहां का विशेष स्थल ज्योतिसर है। यह स्थान कर्म और धर्म का प्रतीक है।

# छत्तीसगढ़ का रहस्यमयी नीराई माता मंदिर, साल में 5 घंटे खुलता है



भारत में कई ऐसे मंदिर हैं, जिनसे जुड़ी मान्यताएं हर किसी को हैरान कर देती हैं। ऐसा ही एक मंदिर छत्तीसगढ़ में भी है। छत्तीसगढ़ में मौजूद निरई माता मंदिर के प्रति लोगों की गहरी आस्था और श्रद्धा है। वहीं निरई माता मंदिर से जुड़ी मान्यताएं भी बेहद अनोखी हैं। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि इस मंदिर में महिलाओं का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित है। वहीं साल में सिर्फ 5 घंटे के लिए निरई माता का मंदिर खुलता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको निरई माता मंदिर से जुड़ी मान्यताओं के बारे में बताने जा रहे हैं।

## पूरी होती हैं सभी मनोकामनाएं

छत्तीसगढ़ के धमतरी के मगरलोड क्षेत्र में घने जंगलों और ऊंची पहाड़ियों के बीच स्थित निरई माता भक्तों के लिए आस्था का केंद्र है। दुर्गम रास्तों और उबड़-खाबड़ पहाड़ियों पर स्थित होने के बाद भी भक्त यहां पर दर्शन के लिए आते हैं। इस मंदिर में भक्त देवी मां को नारियल, नींबू और अगरबत्ती भेंट करते हैं। माना जाता है कि इससे मां प्रसन्न होती हैं और जातक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।]

**अनोखा मंदिर-** बता दें कि निरई माता का मंदिर बेहद रहस्यमयी और अनोखा सिद्धपीठ है। यहां पर साल में सिर्फ एक बार यानी कि चैत्र नवरात्रि के पहले रविवार पर सुबह 4 से 9 बजे यानी की मात्र 5 घंटों के लिए खुलता है। सीमित समय के लिए मंदिर खुलने की वजह से भक्तों की मंदिर में भारी भीड़ उमड़ती है।

# Sport

# अभिषेक शर्मा ने विराट कोहली की बराबरी की, 9वां टी-20 शतक लगाया

## राहुल-नीतीश का कैच पकड़कर मैच पलटा

एजेंसी ▶▶ पटना




सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2026 के 31वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से हरा दिया। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में अभिषेक शर्मा ने 9वां टी-20 शतक लगाकर विराट कोहली की बराबरी कर ली।

मंगलवार को अभिषेक ने फील्डिंग में भी कमाल दिखाया। उन्होंने केएल राहुल और नीतीश राणा के कैच पकड़कर मैच का रुख पलट दिया। हेनरिक क्लासन ने 100 आईपीएल सिक्स पूरे किए। अभिषेक शर्मा के टी-20 में 9 शतक पूरे हो गए। उन्होंने यह उपलब्धि 184 पारियों में हासिल की, जो भारतीयों में सबसे तेज है। कोहली को यहां तक पहुंचने में 403 पारियां लगी थीं।

टी-20 में ओवरऑल सबसे ज्यादा शतक का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने 22 शतक लगाए हैं। बाबर आजम (12) और डेविड वॉर्नर (10) उनके बाद हैं। अभिषेक शर्मा ने टी-20 में पांचवीं बार एक पारी में 10 या उससे ज्यादा छक्के लगाए। वे इस मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे क्रिस गेल हैं, जिन्होंने 18 बार ऐसा किया है। एविन लुईस और श्रेयस अय्यर ने 4-4 बार यह कारनामा किया है।

आईपीएल में यह दूसरी बार है जब अभिषेक ने एक पारी में 10 छक्के लगाए और वे गेल के बाद ऐसा कई बार करने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में 350 छक्के भी पूरे कर लिए।

अभिषेक शर्मा ने आईपीएल में नाबाद 135 रन बनाकर केएल राहुल (132*) को पीछे छोड़ दिया है। वे आईपीएल के हाईएस्ट इंडविजुअल स्कोरर की लिस्ट में दूसरी बार शामिल हो गए। इससे पहले पिछले साल उन्होंने 141 रन की पारी खेली थी। टी-20 में 130+ स्कोर के मामले में अभिषेक 4 बार के साथ टॉप पर पहुंच गए हैं।

# पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर नवाज ड्रग टेस्ट पॉजिटिव पाए गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज ड्रग टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए हैं। यह सैंपल 2026 टी-20 वर्ल्डकप के दौरान लिया गया था। इस मामले में क्ळउ ने ढउइ को जानकारी दी है और बोर्ड ने अपनी जांच शुरू कर दी है। पीसीबी के प्रवक्ता ने बुधवार को कहा- क्ळउ ने इस मामले की जानकारी दी है और ढउइ ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके नतीजे आज क्ळउ को बताए जाएंगे। फिलहाल जांच जारी है और अंतिम फैसला अभी नहीं आया है।

32 साल के नवाज ने इस साल श्रीलंका में हुए टी-20 वर्ल्डकप में पाकिस्तान के सभी सात मैच खेले थे। टीम सुपर-8 स्टेज में बाहर हो गई थी। इस दौरान उन्होंने 15 रन बनाए और 7 विकेट लिए।

नवाज के खिलाफ यह मामला क्ळउ की एंटी-डोपिंग प्रक्रिया के तहत चल रहा है। पॉजिटिव टेस्ट रिक्रिएशनल ड्रग (नशीली दवाएं) से जुड़ा है। पीसीबी ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है और पूरी प्रक्रिया गोपनीय तरीके से चल रही है।

इस विवाद का असर नवाज के करियर पर दिखने लगा है। नवाज को इंग्लैंड में टी-20 ब्लास्ट के लिए सरे टीम के साथ जुड़ना था। पीसीबी ने उन्हें एनओसी भी दे दिया था और क्लब इस हफ्ते उनके साइनिंग का ऐलान करने वाला था। लेकिन अब यह डील टूट गई है और नवाज इस सीजन सरे के लिए नहीं खेलेंगे। क्लब ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

# 39वें नेशनल गेम्स की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में होने वाले आगामी 39वें नेशनल गेम्स में उत्तराखंड का पूरा फोकस पदकों की संख्या में भारी इजाफा करने पर है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को सचिवालय के एफआरडीसी सभागार में खेल विभाग की अहम समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि 24 घंटे के भीतर 39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी का पूरा एक्शन प्लान उनके टेबल पर होना चाहिए।

# सचिन तेंदुलकर दंतेवाड़ा में आदिवासी बच्चों से मिले

एजेंसी ▶▶ रायपुर

सचिन तेंदुलकर आज बुधवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। वे प्राइवेट जेट से अपने परिवार के साथ जगदलपुर एयरपोर्ट पर उतरे। यहां से वे सीधे दंतेवाड़ा के छिंदनार पहुंचे, जहां सिहाड़ी बीज से बनी माला से उनका स्वागत हुआ। इस दौरान उन्होंने आदिवासी बच्चों से मुलाकात की, उनके साथ रस्साकशी खेला।

सचिन तेंदुलकर ने कहा कि, बस्तर में 50 स्कूल मैदानों को विकसित किया जाएगा, जहां बच्चों को बेहतर खेल सुविधाएं मिलेंगी। ह्यमैदान कपह्न प्रतियोगिता के जरिए हजारों बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा। इस पहल को मांदेशी और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन का सहयोग मिल रहा है। करीब 5 हजार से ज्यादा बच्चों को इस अभियान से सीधा लाभ मिलेगा। कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल जैसे खेलों के जरिए बस्तर के युवाओं को नई पहचान देने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि बस्तर में डायमंड बहुत है बस सही तरीके से पॉलिश की जरूरत है। वहीं, कार्यक्रम के लिए स्कूली बच्चे सुबह 9 बजे से पहुंच गए थे। यहां भीषण गर्मी में बच्चों को अलग-अलग गांव से कार्यक्रम स्थल तक लाया गया।

Vividh FIN Solutions
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/- ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

# सिरफिरे युवक ने कार में दंपती को बंधक बनाकर पीटा

## दंपती ने साहस दिखाते हुए आरोपी का सामना किया, कार एक पोल से टकराकर रुक गई, मौके पर जुटी भीड़ ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

### अंगूठी, घड़ी, मोबाइल और रुपए छीने, लोगों ने पुलिस को सौंपा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर के एयरपोर्ट रोड पर मंगलवार शाम एक सिरफिरे युवक ने टैक्सी में बैठे दंपती को बंधक बनाकर करीब आधे घंटे तक मारपीट की और पेचकस से हमला किया। दंपती ने साहस दिखाते हुए आरोपी का सामना किया। इसी दौरान कार एक पोल से टकराकर रुक गई, जिसके बाद मौके पर जुटी भीड़ ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

जानकारी के मुताबिक 66 वर्षीय अनिल शुक्ला बैंक से रिटायर्ड हैं। वे अपनी पत्नी रेखा शुक्ला के साथ दिल्ली में भतीजी की शादी में शामिल होकर मंगलवार शाम फ्लाइट से इंदौर लौटे थे। एयरपोर्ट पर ऑनलाइन टैक्सी बुक की, लेकिन बुकिंग कैंसल हो गई। इसके बाद वे एयरपोर्ट टैक्सी स्टैंड से महालक्ष्मी नगर जाने के लिए एक कार में बैठ गए।

सुपर कॉरिडोर के पास रेड सिग्नल पर अमन पाल (निवासी मरीमाता क्षेत्र) ने कार रुकवाई और ड्राइवर से लिफ्ट मांगी। ड्राइवर के मना करने पर आरोपी ने पेचकस से हमला कर उसे कार से बाहर निकाल दिया और खुद ड्राइविंग सीट पर बैठकर गाड़ी गांधी नगर की ओर मोड़ दी।

### दंपती ने साहस दिखाते हुए आरोपी का सामना किया

पितृ पर्वत क्षेत्र के पास आरोपी ने दंपती के साथ मारपीट की। इस दौरान अनिल शुक्ला ने अपनी बेटी को फोन कर अपहरण की जानकारी दी, लेकिन आरोपी ने मोबाइल छीन लिया और उनके साथ मारपीट जारी रखी। अनिल ने पैसे और चेन देकर खुद को छोड़ने की बात कही, लेकिन आरोपी नहीं माना और दोनों को धमकाता रहा। दंपती आरोपी से लगातार जूझते रहे। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर एक पोल से टकरा गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। दंपती ने मदद के लिए पुकारा, जिसके बाद लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल दंपती को अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक उपचार के बाद परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां अनिल शुक्ला का इलाज जारी है। पुलिस ने आरोपी अमन पाल को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

## न्यूज कॉलम

### क्रेडिट कार्ड बंद कराने के नाम पर 2.47 लाख की ठगी, खुद को बैंक कर्मचारी बताकर फंसाया

**इंदौर।** एक निजी बैंक की फाइनेंस रिलेशनशिप मैनेजर युवती ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई। आरोपी ने क्रेडिट कार्ड बंद कराने के नाम पर उससे 2 लाख 47 हजार रुपए ठग लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक 25 साल की युवती ने शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि उसका एचडीएफसी बैंक में खाता है और जनवरी 2026 में उसे क्रेडिट कार्ड मिला था। कार्ड की जरूरत नहीं होने पर उसने अप्रैल में गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च किया। 14 अप्रैल को आए कॉल में आरोपी ने खुद को एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बताया। उसने युवती की पर्सनल जानकारी और क्रेडिट कार्ड से जुड़ी डिटेल साझा कर भरोसा जीत लिया। आरोपी ने क्रेडिट कार्ड बंद कराने के लिए मोबाइल पर पे जिप एप डाउनलोड कराकर लॉगिन कराया और 48 घंटे में कार्ड बंद होने की बात कही। कॉल कटने के बाद लगातार 5 ट्रांजेक्शन हुए, जिनमें कुल 2 लाख 47 हजार रुपए क्रेडिट कार्ड से कट गए। इसकी जानकारी मैसेज के जरिए मिली। घटना के बाद युवती ने बैंक से संपर्क किया, लेकिन तत्काल जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मंडप में घुसे युवकों ने बरातियों को पीटा, फेरे से पहले बवाल में 6 घायल

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान जमकर हंगामा और मारपीट का मामला सामने आया है। कुछ युवक आपस में लड़ते हुए सीधे शादी के मंडप में घुस गए। जब परिजनों ने उन्हें बाहर जाने के लिए कहा तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। घटना में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। टीआई देवेन्द्र मरकाम के मुताबिक घटना 21 अप्रैल की रात करीब 2 बजे ग्राम माचला की है। यहां मनीषा नामक युवती के विवाह की रस्में चल रही थीं और फेरे की तैयारी हो रही थी। इसी दौरान कुछ युवक आपस में झगड़ते हुए मंडप में घुस आए। पुलिस ने मामले में साहिल कोटिया, मोनू मिथोरिया और अमन कोटिया सहित उनके साथियों के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हमले में जगराम बंजारा (50), उनके समधी लक्ष्मण बंजारा (70), गंगाबाई, जगदीश, कलाबाई और पुरकिया उर्फ प्रेम घायल हो गए। सभी को अस्पताल ले जाकर मेडिकल कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि जब युवकों को बाहर जाने के लिए कहा तो वे भड़क गए और अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने हाथ-मुक्कों और डंडों से हमला कर दिया। शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला, लेकिन आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

### मामा के घर छिपे थे हत्याकांड के आरोपी, पड़ोसी की सूचना से पकड़े गए

**इंदौर।** हीरानगर क्षेत्र में हुए सुरेंद्र साहू हत्याकांड के फरार दो आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी फरारी के दौरान अपने मामा के घर जाकर छिपे थे, लेकिन एक पड़ोसी की सतर्कता के चलते उनकी लोकेशन पुलिस तक पहुंच गई और वे पकड़े गए। पुलिस के मुताबिक आरोपी आशीष राजपूत और आकाश फरारी के दौरान सागर के पास ग्राम बिनाका पहुंच गए थे। वहां वे अपने मामा के घर ठहरे हुए थे। मामा के पूछने पर आशीष ने बताया कि उसके दोस्तों के हाथों इंदौर में हत्या हो गई है और वह भागकर यहां आया है। इसी बातचीत को पड़ोसी ने सुन लिया और तुरंत पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही टीआई सुशील पटेल की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर दोनों आरोपी भागने लगे, लेकिन भागते समय गिर पड़े और पुलिस ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। इसके बाद दोनों को हिरासत में लेकर इंदौर लाया गया। पुलिस ने बताया कि सुरेंद्र साहू हत्याकांड से जुड़े सभी आरोपियों को अब गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के निर्देश पर एसीपी रूबिना मिजवानी, टीआई सियाराम गुर्जर (बाणगंगा) और टीआई सुशील पटेल की टीम लगातार कार्रवाई कर रही थी।

### साइकिल चला रही छात्रा से बाइक सवार युवक ने की छेड़छाड़

**इंदौर।** द्वारकापुरी में साइकिल चला रही एक छात्रा के साथ बाइक सवार एक आरोपी ने छेड़छाड़ की। छात्रा भागते हुए अपने घर गई और परिजनों को जानकारी दी। सीसीटीवी में वह एक गली में भागते हुए दिखा। जब छात्रा के पिता उसके पीछे पहुंचे तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट की और बाइक छोड़कर भाग गया। बाद में पुलिस ने उसे पकड़ लिया। द्वारकापुरी पुलिस ने नाबालिग छात्रा की शिकायत पर मंगलवार को बाइक सवार के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट की एफआईआर दर्ज की है। छात्रा ने बताया कि वह शाम को अपने घर के बाहर साइकिल चला रही थी। तभी बाइक सवार ने उस पर कमेंट्स किया और साथ चलने के लिए इशारा किया। उसने साइकिल रोक दी। इसके बाद आरोपी पास में आया और हाथ पकड़ लिया। छात्रा ने हाथ छुड़ाया और घर जाकर अपने दादा और मां को बताया। जब सीसीटीवी कैमरे दिखे तो आरोपी प्रजापत नगर के पास जाते हुए दिखा। इसके बाद छात्रा के पिता और अन्य लोगों ने उसे ढूंढा। वह एक दुकान के बाहर खड़ा दिखा। उसे जब पकड़ा तो उसने छात्रा के पिता की पिटाई कर दी और बाइक छोड़कर मौके से भाग गया। बाद में पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश की और जीतू निवासी आस्था पैलेस को पकड़ा। आरोपी शराब के नशे में था। इसके चलते उसने यह हरकत की। वह एक गैरेज पर काम करता है।

### बेगमखेड़ी में अवैध शराब बेचने वाले ढाबा संचालक को 6 पेटी शराब के साथ पकड़ा

**इंदौर।** कनाड़िया क्षेत्र में ढाबे की आड़ में अवैध शराब बेचने वाले संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश देकर मौके से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि मां कामाख्या देवी ढाबा का संचालक अंकित केलवा अपने ढाबे पर अवैध शराब की खरीद-फरोख्त कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए ढाबे की घेराबंदी की और मौके पर दबिश दी। पुलिस टीम ग्राम बेगम खेड़ी स्थित ढाबे पर पहुंची, जहां तलाशी के दौरान अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी अंकित केलवा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 पेटी देसी मसाला, 4 पेटी देसी प्लेन शराब और एक थैले में 30-30 क्वार्टर मसाला व प्लेन शराब जब्त की। जब्त शराब की कुल कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी शराब कहां से लाता था और इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### मशीन ऑपरेटर ने खाया जहर, एमवाय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

**इंदौर।** द्वारकापुरी क्षेत्र में पति-पत्नी के बीच नए कमरे की पसंद को लेकर हुआ विवाद एक दर्दनाक घटना में बदल गया। बहस इतनी बढ़ गई कि पति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, प्रजापति नगर निवासी 35 वर्षीय नितेश पुत्र त्रिमत राव ने मंगलवार को जहर खा लिया। घटना के बाद पत्नी नंदनी और रिश्तेदार अंकित उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों की कोशिशों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। जांच में सामने आया है कि नितेश पीथमपुर की एक निजी कंपनी में मशीन ऑपरेटर के रूप में काम करता था। पहले कंपनी की यूनिट द्वारकापुरी इलाके में थी, जिसे बाद में पीथमपुर शिफ्ट कर दिया गया। इसके चलते मकान बदलने की बात चल रही थी। बताया गया है कि नितेश ने एक कमरा पसंद किया था, जबकि उसकी पत्नी नंदनी किसी दूसरी जगह का कमरा देखकर आई थी।

## भागीरथपुरा की गलियों में घूमे निगम कमिश्नर, अधिकारियों को मॉनिटरिंग करने को कहा

# लोगों से पूछा-पानी समय पर मिल रहा है या नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा में हुए जलकांड के बाद यहां की स्थिति बेहतर करने के लिए लगातार नगर निगम काम कर रहा है। यहां नई पाइप लाइन बिछाने के साथ ही ड्रेनेज और सड़कों का काम किया जा रहा है। इस काम की जमीनी हकीकत जानने के लिए बुधवार को नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल अधिकारियों के साथ मैदान में उतरे और भागीरथपुरा की गलियों में घूमकर मौके की स्थिति देखी।

इस दौरान उन्होंने रहवासियों से भी बात की और काम की जानकारी ली। उन्होंने यहां चल रहे कामों को लेकर भी अधिकारियों को जरूरी गाइडेंस दिया, ताकि काम और बेहतर हो सके।



**इन कामों की जानी जमीनी हकीकत-** नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने अपनी टीम के साथ नर्मदा वाटर सप्लाई, सीवरेज लाइन और रोड निर्माण के कामों की स्थिति देखी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी कामों को क्वालिटी के साथ समय पर पूरा किया जाए। बता दें कि भागीरथपुरा के 95% से ज्यादा इलाके में पाइप लाइन से पानी सप्लाई करने का काम पूरा हो गया और सप्लाई की जा रही है। जबकि बाकी जगह टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है।

### अधिकारियों से कहा नियमित मॉनिटरिंग करें

निगम कमिश्नर ने कामों को देखने के दौरान अधिकारियों को यहां चल रहे रोड निर्माण, रेस्टोरेशन के काम की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा है। उन्होंने कहा कि इन कामों की नियमित रूप से मॉनटिरिंग की जाए, ताकि काम समय पर पूरा हो सके।

**लोगों ने भी कहा कि पानी की सप्लाई नियमित रूप से हो रही-** निगम कमिश्नर भागीरथपुरा की गलियों में घूम रहे थे, इस दौरान उन्होंने यहां पानी की सप्लाई को लेकर भी अधिकारियों से जानकारी ली। इसके साथ ही यहां रहवासियों से भी बातचीत की और पानी की सप्लाई के बारे में जाना। उन्होंने लोगों से पूछा कि उन्हें पानी समय पर मिल रहा है या नहीं। लोगों ने भी कहा कि पानी की सप्लाई नियमित रूप से हो रही है। बताया जा रहा है कि पानी की सप्लाई के समय को लेकर भी लोगों ने अपनी बात रखी। निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को पानी की सप्लाई के दौरान नियमित सैंपलिंग करने और क्लोरिनेशन प्रोसेस को लगातार सुनिश्चित करने को कहा, ताकि लोगों को साफ और सुरक्षित पानी मिल सके।

## कुश्ती मैट से रेसलर बेटी को दी विदाई

# रेसलर मुस्कान का विवाह तय होने पर अखाड़े में ही हल्दी-मेहंदी की रस्म पूरी की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

तारा चांद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर में उस वक्त भावुक और उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जब बालिका रेसलर मुस्कान की विदाई अखाड़े से की गई। मिट्टी के अखाड़े और आधुनिक कुश्ती मैट पर दिन-रात पसीना बहाने वाली मुस्कान अब विवाह बंधन में बंधने जा रही है।

मुस्कान पिछले दो वर्षों से इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ-साथ कुश्ती में अपना करियर बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। इंदौर में आयोजित महापौर केसरी कुश्ती प्रतियोगिता में भी उसने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मुस्कान का विवाह तय होने पर सेंटर की बालिकाओं ने अखाड़े में ही हल्दी, मेहंदी और संगीत के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रेसलिंग करने वाली बालिकाओं ने जहां एक ओर अपनी ताकत दिखाई, वहीं दूसरी ओर संगीत कार्यक्रम में सुंदर प्रस्तुतियां देकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। यह नजारा खेल और संस्कृति के अद्भुत मेल का उदाहरण बन गया। केंद्र के अध्यक्ष कमल वर्मा गुड्डू चाचा ने मुस्कान को अनोखा उपहार भेंट किया। वहीं मातृशक्ति रूपमती वर्मा ने बेटी का पूजन कर कन्यादान की रस्म निभाई।

## भाजपा की हाईटेक कार्यशाला

# डेली कॉलेज में जुटेंगे 7 राज्यों के दिग्गज, मोबाइल और गाड़ियों पर रहेगा प्रतिबंध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर एक बार फिर बड़े सियासी जमावड़े का केंद्र बनने जा रही है। भाजपा के 'दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान' के तहत बुधवार, 22 अप्रैल से डेली कॉलेज में क्षेत्रीय कार्यशाला का आगाज होगा।

इस खास प्रशिक्षण वर्ग में मध्य प्रदेश समेत छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, दादर एवं नगर हवेली, नवी मुंबई और अंडमान निकोबार के लगभग 3 से 4 हजार चयनित वक्ता शामिल होंगे, जिन्हें जिला स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए तैयार किया जाएगा। कार्यशाला स्थल पर मोबाइल और निजी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। मंगलवार सुबह से ही इंदौर में मेहमानों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के अनुसार नर्मदा एक्सप्रेस और वंदे भारत जैसी ट्रेनों के अलावा हवाई मार्ग से भी बड़ी संख्या में नेता इंदौर पहुंच रहे हैं। रेलवे स्टेशन पर तीन और एयरपोर्ट पर एक स्वागत काउंटर बनाया गया है, जहां आने वाले अतिथियों को एक विशेष किट दी जा रही है जिसमें दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री शामिल है। डेली कॉलेज में होने वाले इस आयोजन के लिए सुरक्षा और अनुशासन के कड़े मानक तय किए गए हैं।

# पांच पुलिसकर्मियों की शिकायत करने वाला व्यापारी खुद अपराधी

## इंदौर समेत कई शहरों में गौरव के खिलाफ दर्ज हैं केस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया में 5 पुलिसकर्मियों की शिकायत करने वाला व्यापारी गौरव जैन आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ ग्वालियर में 2 और झाबुआ व शाजापुर में एक-एक गिरफ्तारी वारंट हैं। मारपीट और चेक बाउंस के मामले भी दर्ज हैं।

लसूड़िया में एसआई संजय विश्नोई, हेड कांस्टेबल रणवीर कुशवाह, प्रणीत भदौरिया, दिनेश गुर्जर और दीपेन्द्र मिश्रा के खिलाफ गौरव जैन ने पुलिस कमिश्नर को शिकायत दी थी। इसके बाद पांचों को सस्पेंड किया गया था। अब सामने आया है कि शिकायत करने वाला गौरव जैन खुद अपराधी है। गौरव से जुड़ा एक केस सामने आया है। कुछ दिन पहले रिटायर्ड एसीपी राकेश गुप्ता ने बताया था कि गौरव ने उन्हें 100 से ज्यादा बार कॉल किए। उन्होंने मानसिक प्रताड़ना की शिकायत की थी। इस पर एफआईआर हुई थी। राकेश गुप्ता ने ऑडियो रिकॉर्डिंग भी दी थी, जिसमें गौरव उन्हें खुलेआम धमका रहा था। जानकारी के अनुसार, गौरव की पत्नी ने जज के पति विवेक के खिलाफ महिला संबंधी अपराध का केस दर्ज कराया था। गौरव जिस फ्लैट में पत्नी-बेटे के साथ रहता है, वह किराए का है और उसका एग्रीमेंट बना था। 2020 में फ्लैट खाली नहीं करने को लेकर विवेक के खिलाफ शिकायत हुई थी। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। समझौते के लिए गौरव विवेक से फ्लैट की मांग कर रहा है। विवेक भी गौरव पर अपशब्द और धमकी की एफआईआर करा चुके हैं।

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

वास्तु दोष से परेशान हैं क्या?
• क्या आपके घर का मुखिया नशा करता है?
• जरूर घर का ईशान और नेत्रत्या कोण दूषित है
• क्या एक्सीडेन्ट होते हैं?
• क्या कर्ज बढ़ता जा रहा है?
• क्या पारिवारिक झगड़े होते रहते हैं?
परेशान न हो समाधान है?
मैं करुंगा समाधान
पं. पंकज शर्मा
पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियाँ व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिलें। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

www.dantavali.com
JAYSHREE PHARMACEUTICALS
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाखू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या
से राहत में सहायक
Dantavali GUM MASSAGE POWDER
100% NATURAL PRODUCT
इन समस्याओं से राहत में सहायक
दांतों के दाग-धब्बे
दांतों की सड़न
मुँह का पूरा न खुलना
मुँह के छाले
मुँह की दुर्गंध
दांतों की झनझनाहट
गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
ठंडा एवं खट्टा खानें में तकलीफ
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGARWAL GROUP OF ENTERPRISES | Powered By | Associated Brand AKSHOBH VEDA

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com